दैनिक
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 6 | अभिव्यक्ति 3 | राजधानी 7 | आंचलिक 12 | देश-विदेश

रांची, गुरुवार, 18 अप्रैल, 2024, चैत्र शुक्लपक्ष दशमी विक्रम संवत-2081 वर्ष-09 अंक-04 पृष्ठ-12, मूल्य - 4 रुपये रांची, रायपुर, बिलासपुर, भोपाल व जबलपुर से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

//-- सुविचार --//

भावनाओं को समझने वाला अनपढ़ व्यक्ति इस दुनिया का सबसे ज्ञानी व्यक्ति होता है।

सूर्योदय/सूर्यास्त

उदय : 05: 25 प्रातः
अस्त : 06:11 संध्या

प्रदेश का तापमान

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	39.0	26.0
जमशेदपुर	43.0	25.0
हजारीबाग	41.0	26.0
डालटनगंज	43.0	26.0

लोकसभा चुनाव : 2024, थम गया पहले चरण का चुनाव प्रचार, आज घर-घर होगा जनसंपर्क

पहले चरण का मतदान कल, तैयारियां पूरी

आठ केंद्रीय मंत्री, दो पूर्व सीएम और एक पूर्व राज्यपाल मैदान में

21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 102 सीटों के लिए डाले जायेंगे वोट

नई दिल्ली : लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए चुनाव प्रचार बुधवार शाम को समाप्त हो गया। आठ केंद्रीय मंत्री, दो पूर्व मुख्यमंत्री और एक पूर्व राज्यपाल उन नेताओं में शामिल हैं, जो 19 अप्रैल को होने वाले पहले चरण के चुनाव में अपनी चुनावी किस्मत आजमाएंगे। 19 अप्रैल को 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 102 सीटों के लिए वोट डाले जाएंगे।

पहले चरण में ही महाराष्ट्र के नागपुर सीट पर भी मतदान होना है। केंद्रीय सड़क व परिवहन मंत्री नितिन गडकरी नागपुर सीट से जीत की हैट्रिक लगाने की तैयारी में हैं। 2014 में, उन्होंने सात बार के सांसद विलास मुत्तेमवार को 2.84 लाख मतों के अंतर से हराया था। 2019 में उन्होंने वर्तमान महाराष्ट्र कांग्रेस प्रमुख नाना पटोले को 2.16 लाख मतों से हराकर सीट बरकरार रखी थी। केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू अरुणाचल पश्चिम सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। 52 वर्षीय रिजिनू ने 2004 से तीन बार इस निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया है। रिजिजू के मुख्य प्रतिद्वंद्वी पूर्व मुख्यमंत्री और अरुणाचल प्रदेश कांग्रेस के वर्तमान अध्यक्ष नबाम तुकी हैं। केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सबानंद सोनोवाल असम के डिब्रूगढ़ से लोकसभा में वापसी की उम्मीद कर रहे हैं। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री रामेश्वर तेली का टिकट काटकर सोनोवाल को चुनाव डिब्रूगढ़ से

चुनाव मैदान में उतारा गया है। वे फिलहाल राज्यसभा सदस्य हैं।

मुजफ्फरनगर में त्रिकोणीय चुनावी जंग

मुजफ्फरनगर में त्रिकोणीय चुनावी जंग चल रही है जहां केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान का मुकाबला समाजवादी पार्टी के हरिंद्र मलिक और बसपा उम्मीदवार प्रजापति से है। दो बार सांसद रह चुके और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंत्रिमंडल में सहयोगी जितेंद्र सिंह उधमपुर में हैट्रिक बनाने की जोरआजमाइश कर रहे हैं।

केंद्रीय मंत्री और राज्यसभा सदस्य भूपेंद्र यादव जिन्हें मौजूदा सांसद बालक नाथ की जगह राजस्थान के अलवर से टिकट दिया गया है का मुकाबला कांग्रेस विधायक ललित यादव से है। वे अलवर जिले मत्स्य क्षेत्र से आते हैं और उन्हें यादव समुदाय का समर्थन प्राप्त हैं। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल राजस्थान की बीकानेर संसदीय सीट से कांग्रेस के पूर्व मंत्री गोविंद राम मेघवाल के खिलाफ मैदान में हैं। तमिलनाडु के नीलगिरी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में द्रमुक के मौजूदा सांसद और पूर्व दूरसंचार मंत्री ए राजा और केंद्रीय मत्स्य राज्य मंत्री भाजपा के एल मुरुगन के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिल रहा है। यह पहला मौका होगा जब मध्य प्रदेश से राज्यसभा के लिए चुने गए मुरुगन यहां से चुनाव लड़ रहे हैं।

शिवगंगा से सांसद कार्ति चिदंबरम फिर मैदान में

शिवगंगा से सांसद कार्ति चिदंबरम उस सीट से एक बार फिर मैदान में हैं जहां उनके पिता पी चिदंबरम भाजपा के टी देवनाथन यादव और अन्नाद्रमुक के जेवियर दास के खिलाफ सात बार जीत चुके हैं। तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष के. अन्नामलाई तमिलनाडु के कोयंबटूर से चुनाव लड़ रहे हैं, वहां उनका मुकाबला द्रमुक नेता गणपति पी राजकुमार और अन्नाद्रमुक के सिंगाई रामचंद्रन से है। तमिलिसाई सुंदरराजन, जिन्होंने हाल ही में तेलंगाना के राज्यपाल और पुडुचेरी के उपराज्यपाल के रूप में इस्तीफा देकर सक्रिय राजनीति में वापसी की है, चेन्नई दक्षिण लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रही हैं। दिग्गज कांग्रेस नेता कुमारी अनंता की बेटी सुंदरराजन ने 2019 का लोकसभा चुनाव डीएमके की कनिमोझी के खिलाफ लड़ा था, लेकिन थूथुकुडी में वे भारी अंतर से हार गई थीं। इस बार कनिमोझी इस सीट से फिर से चुनाव लड़ रही हैं। इस सीट पर राजग की सहयोगी तमिल मनीला कांग्रेस (मूपनार) ने एसडीआर विजयसीलन और अन्नाद्रमुक ने आर शिवसामी वेलुमणि को मैदान में उतारा है।

कांग्रेस नेता और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के बेटे नकुलनाथ छिंदवाड़ा से फिर से चुनाव लड़ रहे हैं। कमलनाथ 1980 से अब तक नौ बार इस सीट से जीत चुके हैं। 2019 के चुनावों में, भाजपा ने राज्य की 29 में से 28 सीटें जीतीं, लेकिन छिंदवाड़ा में जीत दर्ज करने से चूक गई, वहां नकुल ने भाजपा के उम्मीदवार को 37,536 मतों से हराकर राज्य में एकमात्र सीट कांग्रेस की झोली में डाल दी थी।

बिप्लब कुमार देब पश्चिम त्रिपुरा सीट से लड़ रहे चुनाव

त्रिपुरा की दो लोकसभा सीटों में से पश्चिम त्रिपुरा की जिस सीट पर पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होना है, वहां पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब और राज्य कांग्रेस अध्यक्ष आशीष कुमार साहा के बीच हाईवोल्टेज टक्कर देखने को मिलेगी।

असम के कालियाबोर निर्वाचन क्षेत्र से 2014 से दो बार लोकसभा चुनाव जीत चुके लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता और पूर्व मुख्यमंत्री तरुण गोगोई के बेटे गौरव गोगोई खुद को पड़ोस के जोरहाट से पार्टी के उम्मीदवार है। इस सीअ पर भाजपा के टोपोन कुमार गोगोई ने 2019 में जीत हासिल की थी। गौरव गोगई की 2019 की सीट कालियाबोर में परिसीमन के कारण इस बार वे जोरहाट से चुनाव लड़ रहे हैं।

मणिपुर के कानून एवं शिक्षा मंत्री बसंत कुमार सिंह इनर मणिपुर सीट से भाजपा के उम्मीदवार हैं और उनका मुकाबला जेएनयू के प्रोफेसर एवं कांग्रेस उम्मीदवार बिमल अकोइजाम से है। सिंह थोउनाओजम चाओबा सिंह के पुत्र हैं, जिन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार में खेल, युवा मामलों, संस्कृति और खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री के रूप में कार्य किया था। भाजपा का गढ़ उत्तरी राजस्थान में स्थित चूरू में भाजपा उम्मीदवार देवेंद्र झाझरिया और कांग्रेस के राहुल कासवान के बीच दिलचस्प मुकाबला दिख रहा है। कासवान ने दलबदल कर चूरू के लिए लड़ाई को दिलचस्प बना दिया है। दो बार भाजपा छोड़ चुके सिंह ने मार्च में पार्टी द्वारा टिकट से इनकार किए जाने के बाद फिर पार्टी छोड़ दी थी। 18वीं लोकसभा के लिए 543 सीटों के लिए सात चरणों में मतदान होने हैं। वोटों की गिनती 4 जून को होगी।

अरुणाचल प्रदेश में विस चुनाव का प्रचार समाप्त

ईटानगर। अरुणाचल प्रदेश में आम चुनाव तथा विधानसभा चुनावों के लिए प्रचार बुधवार शाम को समाप्त हो गया। सीमावर्ती राज्य में दो लोकसभा सांसदों और राज्य विधान सभा के 50 सदस्यों को चुनने के लिए 19 अप्रैल यानी शुक्रवार को मतदान होना है। ईटानगर विधायक समेत नौ अन्य लोगों के निर्विरोध निर्वाचन के कारण राज्य की राजधानी में चुनाव प्रचार का शोर शराबा कम रहा। हालांकि भाजपा के कई स्टार प्रचारकों ने राज्य भर में मतदाताओं को लुभाया। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दोईमुख में एक रैली को संबोधित करते हुए अरुणाचल पश्चिम सांसद उम्मीदवार किरेन रिजिजू और दोईमुख विधायक उम्मीदवार ताना हाली तारा के लिए वोट मांगे, जबकि वरिष्ठ भाजपा नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अरुणाचल पूर्व सांसद तापिर गाओ और अन्य विधायक उम्मीदवारों के लिए लोगों का समर्थन मांगने के लिए नामसाई में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित किया। राजग संयोजक और असम के मुख्यमंत्री डॉ हिमंत बिस्वा सरमा भी आए और नामसाई-लोहित क्षेत्र में सार्वजनिक सभाओं को संबोधित किया। इसके विपरीत विपक्षी कांग्रेस से कोई भी राज्य में प्रचार के लिए नहीं आया, भले ही सबसे पुरानी पार्टी ने कई स्टार प्रचारकों की सूची जारी की थी। नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) के अध्यक्ष और मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा ने लोंगडिंग और बसर विधानसभा क्षेत्रों में दो चुनावी रैलियों को संबोधित किया तथा क्रमशः अपनी पार्टी के उम्मीदवारों थांगवांग वांगम और गोकर बसर के लिए समर्थन मांगा।

संक्षिप्त खबरें

रामनवमी शोभायात्रा में बेकाबू डीजे वाहन से कुचलने से दो की मौत

लोहरदगा। जिले में रामनवमी के शोभायात्रा के दौरान बुधवार को डीजे वाहन अनियंत्रित हो गया और कई लोगों को रौंद दिया। इस हादसे में एक युवती और एक महिला की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। घायलों में से चार लोगों की हालत गंभीर है। सभी घायलों को आनन-फानन में सदर अस्पताल पहुंचाया गया। गंभीर रूप से घायल चार लोगों को राजधानी रांची स्थित रिम्स भेज दिया गया है। मृतकों की पहचान शहरी क्षेत्र की रियाडा की रहने वाली सोनी (18) के रूप में हुई। वह बाजार समिति के पीछे रहती थी। समाचार लिखे जाने तक एक अन्य मृतक महिला की शिनाख्त नहीं हो सकी है। उसकी शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जुलूस राणा चौक से आगे बढ़ रहा था। इसी क्रम में डीजे बंधा पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर जुलूस में शामिल लोगों को रौंदते हुए आगे बढ़ गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद डीसी डॉ बाघमारे प्रसाद कृष्ण, एसपी हरीश बिन जमां, डीडीसी दिलीप सिंह शेखावत सरदार अस्पताल पहुंचे और घायलों का इलाज बेहतर तरीके से करने का निर्देश दिया।

पश्चिम रेलवे ने हासिल की 469 करोड़ रु की स्क्रैप बिक्री

अहमदाबाद : पश्चिम रेलवे ने वर्ष 2023-24 में 469 करोड़ रुपये से अधिक की रिकॉर्ड स्क्रैप बिक्री हासिल की है। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी द्वारा बुधवार को यहां जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार पिछले छह वर्षों में पश्चिम रेलवे लगातार लगभग 500 करोड़ रुपये का स्क्रैप बेच रहा है जिससे अवरुद्ध धन के मुद्रीकरण और परिणामस्वरूप राजस्व सृजन में मदद मिली है। ₹जीरो स्क्रैप मिशन₹ की दिशा में आगे बढ़ते हुए वित्तीय वर्ष 2023-24 में भी पश्चिम रेलवे ने 469.27 करोड़ रुपये का स्?क्रैप बेचा है। पश्चिम रेलवे ने सभी क्षेत्रीय रेलवे के बीच जीईएम के माध्यम से वस्तुओं और सेवाओं की खरीद में मार्च 2024 तक 885 करोड़ रुपये से अधिक के संचयी खरीद मूल्य के साथ पहला स्थान हासिल किया है।

झामुमो नेता अंतू तिर्की, बिपिन सिंह, मो. इरसाद व प्रियरंजन न्यायिक हिरासत में

रांची। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े 8.46 एकड़ जमीन की फजीर्वाड़ा मामले में मंगलवार को ईडी की छापेमारी के बाद गिरफ्तार किए गए झामुमो नेता अंतू तिर्की, जमीन कारोबारी बिपिन सिंह, मोहम्मद इरसाद और प्रियरंजन सहाय को ईडी की विशेष न्यायाधीश के समक्ष उनके मोरहाबादी स्थित आवास में बुधवार को पेश किया गया। इसके बाद चारों आरोपितों को ईडी की न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा जेल भेज दिया गया। इससे पूर्व ईडी ने इनसे पूछताछ के लिए सात दिनों की रिमांड मांगी है, जिस पर गुरुवार को सुनवाई होगी। रिमांड पर लिये गए फर्जी दस्तावेज बनाने के मास्टर माइंड मोहम्मद सद्दाम हुसैन से

पूछताछ के आधार पर ईडी ने बीते मंगलवार को झामुमो नेता अंतू तिर्की, जमीन कारोबारी बिपिन सिंह सहित चार ठिकानों पर छापेमारी की थी। मोहम्मद सद्दाम हुसैन और अफसर अली अभी ईडी की रिमांड पर हैं। ईडी ने इन्हें 8.46 एकड़ जमीन के फजीर्वाड़ा मामले में प्रोडक्शन रिमांड पर लिया था। मामले में अबतक पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और भानु प्रताप प्रसाद सहित पांच को चार्जशीटेड आरोपित बनाया गया है। अबतक आठ लोगों की गिरफ्तारी हुई है।

सिक्किम विस चुनाव के लिये प्रचार थमा

नयी दिल्ली। लोकसभा और चार राज्य विधानसभाओं के चुनाव में लोकसभा की 102 सीटों और सिक्किम विधानसभा की सभी 32 सीटों के लिये 19 अप्रैल को होने वाले मतदान के लिये प्रचार अभियान बुधवार शाम पांच बजे थम गया। कुल सात चरणों में कराये जा रहे इन चुनावों में लोकसभा की 543 सीटों के साथ-साथ अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, ओडिशा और आंध्रप्रदेश विधानसभाओं के चुनाव कराये जा रहे हैं। पहले चरण में इक्कीस राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में लोकसभा की 102 सीटों के लिये हो रहे चुनाव को स्वतंत्र और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिये चुनाव आयोग ने 127 सामान्य पर्यवेक्षक, 67 पुलिस पर्यवेक्षक और 167 व्यय पर्यवेक्षक तैनात किये गये हैं।

सरायकेला का पारा 43.7 डिग्री, 21 अप्रैल से बदलेगा मौसम का मिजाज

रांची : झारखंड की राजधानी रांची समेत विभिन्न भागों में तापमान में वृद्धि होने से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। राज्य में संताल कोल्हान और पलामू प्रमंडल में सूर्य की तीखी तपिश के कारण जनजीवन बेचैन रहा। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में और तापमान बढ़ने के आसार हैं। मौसम पूर्वानुमान में बताया गया है कि राज्य में अगले चार दिनों तक मौसम साफ रहेगा। इस दौरान गर्मी में और इजाफा हो सकता है। रांची का अधिकतम तापमान 40 डिग्री के करीब तक जा सकता है। वहीं संताल, पलामू और कोल्हान के जिलों में भी तापमान में वृद्धि होने की संभावना है। मौसम विभाग की ओर से गर्मी से बचाव के लिए कई

सुझाव भी जारी किए गए हैं।

आठ शहरों का तापमान 40.0 डिग्री के पार

झारखंड में पिछले 24 घंटों के दौरान सबसे अधिक गर्मी सरायकेला-खरसावां में महसूस की गई। यहां अधिकतम तापमान 43.7 डिग्री तक पहुंच गया। जबकि गोड्डा समेत राज्य में आठ शहरों का तापमान 40.0 डिग्री के पार रहा। गढ़वा का 40.6, जामताड़ा का 40.5, पाकुड़ का 41.7, पलामू का 41.4 , देवघर का 40.8 और पश्चिमी सिंहभूम का 41.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

21 से आंशिक बादल छाने की संभावना

मौसम विभाग के अनुसार अगले 3 से 4 दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री की बढ़ोतरी हो सकती है। 20 अप्रैल तक आसमान मुख्यतः साफ और मौसम शुष्क रहेगा। इसके बाद 21 अप्रैल से आंशिक रूप से बादल छाए रह सकते हैं, हालांकि मौसम शुष्क रहने का ही अनुमान है। लेकिन बादल छाए रहने के कारण तापमान में थोड़ी कमी आएगी।

कार्रवाई बीते दस वर्षों में ईडी ने की ताबड़तोड़ कार्रवाई

25 गुना ज्यादा संपत्ति जब्ती, 86 गुना ज्यादा छापेमारी

नई दिल्ली : बीते 10 वर्षों में भाजपा शासनकाल के दौरान केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की सक्रियता में जबरदस्त उछाल आया है। आंकड़ों पर नजर डालें तो बीते 10 वर्षों में धन शोधन रोधी कानून (पीएमएलए) के तहत ईडी की छापेमारी 86 गुना बढ़ गई है। ईडी ने इस दौरान 25 गुना ज्यादा संपत्ति जब्त की है। ये आंकड़े 2014 से पहले की यूपीए सरकार की तुलना में हैं।

10 वर्षों में ईडी की सक्रियता में आया गजब उछाल

एक रिपोर्ट के अनुसार, अप्रैल 2014 से मार्च 2024 के बीच के आंकड़ों की जुलाई 2005 से लेकर मार्च 2014 तक के आंकड़ों से तुलना करने पर पता चलता है कि ईडी की सक्रियता में बीते 10 वर्षों में काफी तेजी आई है। पीएमएलए कानून को साल 2002 में बनाया गया था और 1 जुलाई 2005 को इसे लागू कर दिया गया था। यह कानून टैक्स की चोरी रोकने, काले धन और धन शोधन पर रोकथाम के लिए बनाया गया था। विपक्षी पार्टियों का आरोप है कि सरकार, विरोधियों के खिलाफ ईडी का इस्तेमाल कर रही है। हालांकि केंद्र सरकार का दावा है कि सत्ताधारी दल का एजेंसी पर कोई दबाव नहीं है और यह स्वतंत्र रूप से भ्रष्टाचार के खिलाफ काम करती है।

आंकड़े कह रहे कहानी

आंकड़ों के अनुसार, ईडी ने बीते 10

वर्षों में पीएमएलए कानून के तहत 5,155 मामले दर्ज किए हैं, जो कि यूपीए सरकार में किए गए 1,797 मामलों की तुलना में तीन गुना ज्यादा है। ईडी की जांच में अभी तक पीएमएलए कानून के तहत 63 लोगों के खिलाफ दोषसिद्धि हुई है। ईडी द्वारा पहली बार 2014 में ही एक मामले में दोषसिद्धि हुई थी। भाजपा सरकार में ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 7,264 छापेमारी की, जबकि 2014 से पहले ईडी ने सिर्फ 84 छापेमारी की थी। इस तरह भाजपा सरकार में ईडी ने 86 गुना ज्यादा छापेमारी की हैं।

755 लोग गिरफ्तार

ईडी ने बीते दशक में 755 लोगों को गिरफ्तार किया है और 1,21,618 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है, जबकि बीती सरकार में ईडी ने 29 लोगों को गिरफ्तार किया और सिर्फ 5,086 करोड़ रुपये की संपत्ति ही जब्त की थी। इस तरह ईडी की गिरफ्तारी 26 गुना ज्यादा और संपत्ति जब्ती 24 गुना ज्यादा हुई है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने बीते 10 वर्षों में 1,971 कुर्की के आदेश जारी किए हैं, जबकि पहले ऐसी 311 कार्रवाई की गई थी। ईडी ने 12 गुना ज्यादा चार्जशीट दाखिल की हैं। ईडी ने 36 मामलों में 63 लोगों के खिलाफ दोष सिद्ध किया है और 73 चार्जशीट का निपटारा किया है। 2005 से 2014 के दौरान ईडी ने किसी मामले में कोई दोषसिद्धि नहीं की थी।

चारधाम यात्रा व हेमकुंड साहिब के लिए अब तक 771579 पंजीकरण

देहरादून। उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद ने चारधाम यात्रा एवं हेमकुंड साहिब के लिए महज तीन दिनों में बुधवार तक 771579 पंजीकरण हुए हैं। इसमें सबसे अधिक पंजीकरण केदारनाथ के लिए पंजीकरण हुए हैं। ऑनलाइन पंजीकरण 15 अप्रैल सुबह सात बजे से प्रारंभ किए गए थे। चारधाम यात्रा पंजीकरण में यमुनोत्री के लिए 142311, गंगोत्री के लिए 144926, केदारनाथ के लिए 254807, बद्रीनाथ के लिए 219987 और हेमकुंड साहिब के लिए 9548 पंजीकरण हुए हैं। अब तक हुए पंजीकरण में से टूरिज्म केयर उत्तराखंड मोबाइल ऐप से 93733 एवं registrationand-touristcare.uk.gov.in वेब पोर्टल से 600820 तो व्हाट्सएप से 77026 पंजीकरण हुए हैं। पंजीकरण के लिए ये विकल्प तीर्थयात्रियों के लिए काफी आसान है।

10 मई से होगी चारधाम यात्रा की शुरुआत

इस बार चारधाम यात्रा की शुरूआत मई माह से हो रही है। 10 मई को बाबा केदारनाथ धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। वहीं अक्षय तृतीया पर 10 मई को ही मां गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के भी कपाट खुलेंगे। जबकि भगवान बद्रीनाथ धाम के कपाट 12 मई को खुलेंगे। यात्रा के लिए सरकारी स्तर पर सभी तैयारियां को अंतिम रूप दिया जा रहा है। वहीं कपाट खुलने के लिए सभी व्यवस्थाएं भी बेहतर की जा रही है। वहीं हेमकुंड साहिब की यात्रा 25 मई को शुरू होगी।

रामनवमी पर राममय हुई रांची, तपोवन मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़, शोभायात्रा में दिखा उल्लास

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। रामनवमी को लेकर राजधानी रांची बुधवार को पूरी तरह राममय हो गयी। शहर भगवा झंडे से सजा हुआ है। रांची के ऐतिहासिक तपोवन मंदिर में सुबह चार बजे से ही श्रद्धालुओं की कतार लग गईं। हाथों में बजरंगी झंडा और सिर पर रामनामी लिये भक्तों की भीड़ मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए घंटों लाइन में खड़ी दिखी। इन सबके बीच श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था।

तपोवन मंदिर के बारे में मान्यता है कि रामनवमी के अवसर पर यहां ध्वज पूजन के बाद घर पर ध्वज फहराने से परिवार में सुख-समृद्धि के साथ-साथ सकारात्मक ऊर्जा भी आती है, यही कारण है कि यह लंबे समय से चली आ रही यह परंपरा आज भी जीवित है। इस मौके पर कई श्रद्धालु इस मंदिर में तलवार की पूजा भी करते हैं।

इधर, श्री महावीर मंडल, डोरंडा केंद्रीय समिति, चुटिया राम मंदिर सहित दूसरी पूजा समितियों की भी शोभायात्रा बड़े धूमधाम से निकाली गयी। श्री महावीर मंडल, डोरंडा केंद्रीय समिति की यह यात्रा मंडल के अध्यक्ष संजय पोद्दार, मंत्री पप्पू वर्मा के नेतृत्व में निकाली गई। शोभा यात्रा दिन के तीन बजे तीन जगह से प्रारंभ हुई। सबसे पहले यह घाघरा से प्रारंभ हुई जो गोसाई टोली, देवी मंडप होते हुए लोहरा कोच होते हुए शांति रानी स्कूल, विद्युत बोर्ड कॉलोनी, 56 साइड बीएमपी होते हुए तुलसी चौक पहुंची। दूसरी शोभा यात्रा मनी टोला, पत्थर रोड होते हुए जोधा मंदिर, काली मंदिर के पास भवानीपुर का मिलन हुआ। वहां से बीएनएस क्लब कन्या पाठशाला, रविदास मोहल्ला होते हुए आगे बढ़ी। इसके बाद बेलदार मोहल्ला का मिलन हुआ। तीसरी यात्रा एजी कॉलोनी से निकाली गई, जो जेएमजे, मुंशी मोहल्ला होते हुए एजी मोड़ से मिसकोट मैदान, झंडा चौक बाजार मोहल्ला को लेते हुए मस्जिद रोड से यूनिस चौक पहुंची, जहां पर बेलदार मोहल्ला को लेते हुए जैन मंदिर, तुलसी चौक की ओर गयी. फिर घाघरा शोभा यात्रा का मिलन हुआ। फिर तपोवन मंदिर में पहुंचकर पूजा अर्चना के पश्चात सभी अखाड़े धारी अपने-अपने विभिन्न परंपरागत मार्गों से होते हुए वापस अपने अखाड़ा की ओर चले गए। शोभा यात्रा में बजरंगबली के जयकारों के साथ अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन किया गया। हजारीबाग और झालदा, धनबाद बोकारो से आए ताशा पार्टी विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। शोभा यात्रा में सुंदर झांकी की प्रस्तुति की गई।

डोरंडा मिस कोट मैदान द्वारा आकर्षक लाइट लगाई गईं। डोरंडा के विभिन्न मंदिरों को आकर्षक तरीके से फूलों से सजाया गया था। शोभा यात्रा में राम भक्त अस्त्र का प्रदर्शन करते हुए बजरंगबली के जयकारों के साथ शोभा यात्रा में शामिल हुए। महाअष्टमी झांकी प्रतियोगिता में श्री महावीर मंडल कुसाई को बंपर पुरस्कार, श्री महावीर मंडल, कुम्हार टोली को प्रथम पुरस्कार, श्री महावीर मंडल, रविदास मोहल्ला को द्वितीय पुरस्कार, श्री महावीर मंडल आदिवासी अखाड़ा मनी टोला को तृतीय पुरस्कार दिया गया। इस शोभा यात्रा में मुख्य संरक्षक बजरंग प्रसाद गुप्ता, मनोज वर्मा, सुरेश प्रसाद सहित अन्य भी शामिल थे।

चुटिया के ऐतिहासिक राम मंदिर में चैती दुर्गा पूजा के लिए हवन, पूणार्हुति भी हुई। दोपहर 12 बजे राम जन्मोत्सव मनाया गया। फिर सामूहिक भंडारे का भी आयोजन हुआ। मंदिर प्रबंधन समिति के प्रमुख सदस्य विजय साहू के मुताबिक, राम मंदिर से हर बार की तरह शोभा यात्रा बहु बाजार, महावीर मंदिर होते तपोवन मंदिर तक जाती रही है। फिर यह वापस चुटिया लौट आयी।

श्री राधाकृष्ण मंदिर में धूमधाम से मनी रामनवमी

नव प्रदेश संवाददाता

रांची : श्री राधा कृष्ण मंदिर कृष्ण नगर कॉलोनी में रामनवमी महोत्सव बड़े धूमधाम से बनाया गया इस अवसर पर पूरे मंदिर परिसर को कोलकाता से आए कारीगरों द्वारा विशेष तरह से सजाया गया सर्वप्रथम पंडित ज्ञानदेव मिश्रा एवं पंडित सीताराम जी के द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ पूजा की गई एवं प्रभु श्री राम के जन्मोत्सव के समय श्री राम जी की स्तुति की गई और प्रभु की आरती उतारी गई।

तत्पश्चात श्री दुर्गा जागरण मंडली एवं स्त्री सत्संग सभा के द्वारा भजनों का कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया रामनवमी के पावन अवसर पर 12.30 बजे से 3.30 तक प्रयागराज से पधारे इंडियन आइडल फेम कुमार विश्वास ने भजनों का कार्यक्रम पेश किया और अपने भजनों द्वारा भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। श्री राधा कृष्ण मंदिर द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया जिसमे हजारों भक्तों ने प्रभु का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सांसद संजय सेठ विधायक सी पी सिंह एवं राज्यसभा सांसद महुआ मांझी एवं वार्ड नंबर 31 के पूर्व पार्षद अशोक यादव ने भी प्रभु के चरणों में हाजिरी लगाई। इस अवसर पर गुरुद्वारा श्री गुरु सत्संग सभा के द्वारा सेवा सिविल लगाया गया एवं बहावलपुर पंजाबी समाज के द्वारा चाय एवं बिस्किट का विवरण किया गया एवं गुरु तेग बहादुर स्त्री सत्संग सभा के द्वारा भी मिष्ठान का वितरण किया गया। इस अवसर पर राधा कृष्ण मंदिर के द्वारा रक्तदान शिविर लगाया गया। दशमी के दिन सुबह 10:00 बजे से हवन एवं रात्रि में 7.00 बजे से ज्योत विसर्जन का कार्यक्रम होगा।

कार्यक्रम को सफल बनाने में रामचंद्र तलेजा, चन्द्रभान तलेजा, मनोहर लाल जसूजा, नंदकिशोर अरोड़ा, केसर पपनेजा मनोज किंगर, हरीश अरोड़ा अरुण जसूजा किशोरी पपनेजा , गौरीशंकर मादनपोत्रा, ललित किंगर, चंदन सिडाना, हरीश मनुजा, प्रवीण घई, विशाल अरोड़ा विकास घई नरेश खत्री, हरीश नागपाल, नरेश अरोड़ा,मुकेश सिडाना विजय जसूजा,विनीत अरोड़ा,पंकज गक्कड़,पवन मनुजा सुनील कटारिया, सुशील गेरा अनिल मुंजाल, उमंग मनुजा ,रोहित तलेजा, विशाल अरोड़ा,रौनक मिड्ढाअनिल वाधवा ,कौशल्या देवी, पूनम तलेजा लाजवंती किंगर,राज देवी मनुजा शकुंतला देवी मुंजाल ज्योति अरोड़ा नीलम अरोड़ा राधा देवी तलेजा, सिम्मी पपनेजा, बबीता पपनेजा, शशि किंगर, एवं मां भवानी सेवा मंडल की रूबी अरोड़ा निशा तलेजा सुनीता विजपूजा जसूजा, बरखा घई, कांता देवी अरोड़ा, श्वेता चावला, शालू मिड्ढा, कामना खत्री संगीता मीठा रश्मि कटपाल, संगीता मादनपोत्रा, ऋचा मिड्ढा, रिया घई भावना किंगर,और इनके और इनके अलावा समाज के कई लोगों का योगदान रहा।

कल्पना सोरेन ने दी श्रीरामनवमी की शुभकामनाएं

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना मुर्मू सोरेन ने बुधवार को श्रीरामनवमी पर्व पर राज्यवासियों को शुभकामनाएं दी हैं।

उन्होंने रामधारी सिंह दिनकर की कविता को उद्धृत करते हुए लिखा कि राम, तुम्हारा नाम कंठ में रहे, हृदय, जो कुछ भेजो, वह सहे, दुख से त्राण नहीं मांगू। मांगू केवल शक्ति दुख सहने की, दुर्दिन को भी मान तुम्हारी दया अकातर ध्यानमग्न रहने की। सहनशीलता, दया, कृपा, करुणा, त्याग, साहस और धैर्य के स्वामी प्रभु श्री राम सभी को स्वस्थ, सुखी और समृद्ध जीवन प्रदान करें। रामनवमी के पावन पर्व की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं और जोहार। जय जय सिया राम।

इसके साथ ही उन्होंने अपने ग्रुप में एक वीडियो भी शेयर किया। उन्होंने कहा कि हम सभी को यह याद रखना है कि श्री राम भगवान ने अपने युद्ध करते समय भी अपने नीति, नियमों और आदर्शों का पालन किया था। जिस तरीके से शक्तिशाली होते हुए भी उन्होंने हमेशा धैर्य एवं सहनशीलता दिखायी है, हमेशा ज्ञानी होने के बावजूद, ज्ञान पाने की तत्परता दिखायी थी और जिस प्रकार से युद्ध में अपने प्रतिद्वंद्वियों को हराकर भी उन्हें सम्मान के दृष्टि से देखा था। आज सभी को भगवान राम के आदर्शों को सच्चे ढंग से समझने की जरूरत है।

बीएयू परिसर में पशुपति नाथ मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह 20 से

नवप्रदेश संवाददाता



रांची. बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) परिसर स्थित पशुपति नाथ मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह 20 से 24 अप्रैल तक होगा. प्रतिष्ठा समारोह का समस्त वैदिक अनुष्ठान पशुपतिनाथ मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सुनील कुमार पांडेय के नेतृत्व में सात सदस्यीय ऋत्विक मंडली द्वारा संपन्न किया जायेगा. ऋत्विकों में आचार्य डॉ विमलेश द्विवेदी, आचार्य अतुल तिवारी (प्रयागराज), आचार्य अभिषेक पांडेय (वाराणसी), पं सुशील पांडेय (आरा), आशीष त्रिपाठी शास्त्री (मोतिहारी) तथा पं मृत्युंजय तिवारी (रांची) शामिल हैं. मंदिर का गुंबद 61 फीट ऊंचा है. यहां कई देवताओं की प्रतिमाएं स्थापित की गयी हैं. एक हजार वर्ग फीट का गर्भ गृह और 2000 वर्गफीट का सभागार बनाया जा रहा है. 20 अप्रैल को सुबह कलश यात्रा होगी. 24 अप्रैल को भंडारा के साथ कार्यक्रम संपन्न हो गया. आयोजन को सफल करने के लिए कमेटी भी बनायी गयी है.

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने झांकी के विजेताओं को शील्ड प्रदान किया

नव प्रदेश संवाददाता

रांची : युवा रांची महानगर रामनवमी पूजा समिति (युवा महावीर मंडल) द्वारा रामनवमी के उपलक्ष्य में आज 17 अप्रैल,बुधवार को रामनवमी के जुलूस में शामिल सभी अखाड़ों के राम भक्तों का स्वागत किया गया. इस मौके पर समिति द्वारा अल्बर्ट एक्का चौक में बनाए गए स्वागत मंच में झारखंड के मुख्यमंत्री श्री चंपाई सोरेन शाम 4.25 बजे पहुंचे और अष्टमी की रात निकाली गई झांकियों में से प्रथम पुरस्कार विजेता को साढ़े पांच फीट का तथा द्वितीय विजेता को पांच फीट का शील्ड प्रदान किया.इस मौके पर अध्यक्ष नंद किशोर सिंह चंदेल ने मुख्यमंत्री श्री चंपाई सोरेन को श्री रामचरित मानस भेंट की और चुन्नी ओढ़ाकर सम्मानित किया.झामुमो नेत्री एवं राज्यसभा सांसद श्रीमती महुआ माजी और मुख्य आयोजक कुमार राजा ने मुख्यमंत्री श्री चंपाई सोरेन को तलवार भेंट कर सम्मानित किया.समिति द्वारा अध्यक्ष नंद किशोर सिंह चंदेल के नेतृत्व में रामनवमी के जुलूस में शामिल सभी अखाड़ों का स्वागत चुन्नी ओढ़ाकर किया गया.

आज के स्वागत कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष नन्द किशोर सिंह चंदेल,मुख्य संरक्षक विनय सरावगी,मुख्य संयोजक उज्ज्वल कुमार सिन्हा,मुख्य आयोजक कुमार राजा,विक्की कुमार,राजु काठपाल, जीतू अरोड़ा,नरेश मक्कड़, गुलशन मिढ़ा, बासु बेरा, रवि सिंह, विवेक कुमार, जिम्मी गुप्ता, मुकेश नायक, अनमोल सिंह, अरविंद कुमार, आलोक कुमार सिंह, लखन कुमार, रत्नेश सिन्हा, विवेक झा, शिल्पी कुमारी वर्मा, विनीता कुमारी, अमित रॉय, मंजुला बेरा, वीणा श्री, छाया वर्मा, रीता सेन, ममता वर्मा, माही सिन्हा एवं सुनीता मेहता समेत अन्य शामिल हुए.

लोकसभा चुनाव : कोडरमा में भाजपा ने सात बार हासिल की है जीत

नवप्रदेश संवाददाता

रांची/कोडरमा। कोडरमा संसदीय क्षेत्र साल 1977 में अस्तित्व में आया था। उस समय से कई बार लोकसभा चुनाव हुए पर इसमें सबसे अधिक भाजपा ने यहां से सात बार जीत हासिल की है। इस आधार पर कहा जा सकता है कि भारतीय जनता पार्टी के लिए कोडरमा परंपरागत सीट रही है।

कोडरमा से भाजपा के टिकट पर रीतलाल प्रसाद वर्मा 4 बार और भारतीय लोक दल से एक बार, इसी पार्टी से बाबूलाल मरांडी एक बार, रविंद्र राय एक बार और अन्नपूर्णा देवी एक बार सांसद के रूप में चुने गए। कांग्रेस से तिलकधारी सिंह ने दो बार और जनता दल से मुमताज अंसारी ने एक बार जीत हासिल की।

भाजपा से अलग होने के बाद बतौर निर्दलीय बाबूलाल मरांडी ने एक उपचुनाव और झारखंड विकास मोर्चा से एक बार जीत हासिल की है। सन 1977 में लोक दल से रीतलाल प्रसाद वर्मा, वर्ष 1980 में पुनः भारतीय जनता पार्टी से रीतलाल प्रसाद वर्मा, 1984 में कांग्रेस पार्टी से तिलकधारी सिंह, 1989 में भाजपा से रीतलाल प्रसाद वर्मा, 1991 में जनता दल से मुमताज अंसारी, 1996 में भारतीय जनता पार्टी से रीतलाल प्रसाद वर्मा, 1998 में भाजपा से रीतलाल प्रसाद वर्मा और 1999 में कांग्रेस से तिलकधारी सिंह ने जीत हासिल की।

2004 में हुए चुनाव में भाजपा से बाबूलाल मरांडी यहां से सांसद चुने गए परंतु 2006 में उन्होंने भाजपा को छोड़ दिया और उपचुनाव में बतौर निर्दलीय सांसद चुने गए। उसके बाद 2009 में हुए चुनाव में झारखंड विकास मोर्चा से बाबूलाल मरांडी यहां से सांसद बने। 2014 में बाबूलाल मरांडी ने कोडरमा से चुनाव नहीं लड़ा और तब भाजपा से डॉ रविन्द्र कुमार राय सांसद के रूप में चुने गए। साल 2019 में राजद से भाजपा में शामिल होने पर अन्नपूर्णा देवी को भाजपा ने उम्मीदवार बनाया और एक बार फिर पार्टी को जीत हासिल हुई।

राममय हुआ श्याम मंदिर

नव प्रदेश संवाददाता

रांची : हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में रामनवमी के शुभ अवसर पर आज भक्तों का जन सैलाब देखने को मिला प्रातः काल मंदिर खुलने के बाद रामनवमी के शुभ अवसर पर श्याम मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया था। कोलकाता से मंगाए गए पीला गुलाब लाल गुलाब गुल बाहर रजनीगंधा तुलसी लाल गेंदा पीला गेंदा बेली आदि विभिन्न प्रकार की मोटी मोटी मालाओं से बाबा श्याम का श्रृंगार किया गया था। हनुमान जी महाराज का भव्य दरबार आकर्षक रूप से सजाया गया था। शिव परिवार एवं प्राचीन तैल चित्रों एवं गुरुजनों को भी विशेष माला का श्रृंगार किया गया था। महास्नान कर के बाबा को रुह के मसाज करके पंचमेवा का भोग लगा कर ककड़ी तरबूज खीरा इत्यादि का भोग लगाकर भक्तों के बीच वितरण किया गया।

राम भक्तों के लिए भंडारा

रामनवमी के शुभ अवसर पर हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में राम भक्तों के लिए श्री श्याम रसोई में वृहद भंडारा बनाया गया। मंडल के अध्यक्ष श्री सुरेश सरावगी के निर्देशन अनुसार एवं देखरेख में आयोजन मंदिर के बाहर राम भक्तों के लिए किया गया था। 11000 से ज्यादा राम भक्तों के लिए आलू चना की सब्जी आलू चौप विभिन्न प्रकार के शरबत का आयोजन मंदिर के बाहर राम भक्तों के लिए किया गया था। आज के रामनवमी के शुभ अवसर पर वृहद भंडारा अनीश सिंह एवं उनके परिवार के द्वारा निवेदित किया गया था। भंडारा वितरण करने वालों में मंडल के अध्यक्ष श्री सुरेश सराओगी मंत्री श्याम सुंदर शर्मा उपमंत्री अनिल ननोर्ली अमित सराओगी राजेश चौधरी रामगोपाल साबू विजयश्री साबू बबीता चौधरी सुनील सिंघानिया आनंद मालपानी बालकिशन अग्रवाल दीपक पोद्दार एवं सैकड़ो श्याम भक्तों ने भंडारे में अपनी सेवा में दी।

एक नजर

मुख्यमंत्री ने अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की

रांची। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर लोगों से अपील की है कि रांची के हिंदपीढ़ी, लेक रोड और मेन रोड के कुछ घरों की छतों पर पिछले दिनों ईंट और पत्थर देखे जाने सम्बन्धी सोशल मीडिया में चल रही अफवाहों पर ध्यान दें। एक्स पर एक पोस्ट जारी कर मुख्यमंत्री ने कहा है कि छत पर ईंट-पत्थर मिलने को लेकर अफवाह न फैलायें, जिन घरों की छत पर ये सामग्री मिली है, उनके मालिक अलग-अलग समुदायों से आते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसे लेकर कुछ मीडिया संस्थान भ्रामक खबर चला रहे हैं, जिसे रोका जाना चाहिए। उन्होंने झारखंड पुलिस को ऐसी अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ न्यायोचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मंगलवार से कुछ सोशल मीडिया हैंडल द्वारा रांची की हिंदपीढ़ी में कुछ घरों की छत पर ईंट, पत्थर आदि होने को लेकर भ्रामक खबरें चलाई जा रही हैं। रांची पुलिस ने स्पष्ट किया है कि रूटीन चेकिंग के दौरान 10-11 घरों की छतों पर निर्माण सामग्री मिली थी, जिसे हटवा दिया गया है। इनमें से कुछ घर हाल में बने हैं जबकि कुछ अभी निमार्णाधीन हैं। पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया है कि इन घरों के मालिक विभिन्न समुदायों से आते हैं। ऐसी अफवाहों पर ध्यान ना दें। उल्लेखनीय है कि 15 अप्रैल को जिला प्रशासन ने रामनवमी के जुलूस वाले मार्ग की सभी मकानों की छतों की ड्रोन से जांच की थी। इस दौरान लेक रोड, हिंदपीढ़ी और मेन रोड में कुछ घरों की छतों पर ईंट और पत्थर देखे गये थे। जिला प्रशासन द्वारा इसे तत्काल हटाने का आदेश दिया गया था।

ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने की पूजा-अर्चना

रांची/जमशेदपुर। ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास ने बुधवार को रामनवमी के मौके पर सिद्धगोड़ा स्थित सूर्य मंदिर स्थित श्रीराम मंदिर में पूजा अर्चना की। साथ ही यहां महावीरी पताका का भी पूजन किया। उन्होंने सभी राम श्रद्धालुओं को रामनवमी की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और उनकी पत्नी मीरा मुंडा ने नवरात्र के मौके पर दिशक्ति की पूजा अर्चना की। इस मौके पर अमरप्रीत सिंह काले, कृष्ण शर्मा काली, फानी महतो, मनोज काउंटिया राजकुमार श्रीवास्तव अनिल सिंह गणेश सोलंकी उपस्थित थे।

श्रीरामचन्द्रजी का प्राकट्य महोत्सव

रांची : श्रीलक्ष्मीवेंकटेश्वर मंदिर में महनवमी तिथि बुधवार 17 अप्रैल को कौशलेन्द्र श्रीरामचन्द्र का जन्मोत्सव परम्परानुसार मनाया गया। ब्रह्ममुहूर्त 4.30 बजे विश्वरूप दर्शन, सुप्रभातम्, मंगलाशासनम्, कराबलंबम्, वेंकटेश प्रपत्ति आदि के बाद तिरुवाराधन हुआ। फिर दूध, दही, हल्दी, चंदन, गंगाजल, शहद और डाभयुक्त जल से महाभिषेक हुआ। इसके बाद वस्त्राभूष से अलंकार समर्पण कर पुष्प राशियों से भव्यातिभव्य श्रृंगार निवेदन हुआ। उपरान्त नक्षत्र, कुंभ और कर्पूर से महाआरती की गई। सूजी हलवा, आलू पकौड़ा, फल और मेवा का भोग लगा। रघुवीर गद्यम्, रामस्तुति, रामरक्षा स्तोत्रम्, पुरुषसूक्त, श्रीसूक्त, विष्णुसहस्त्रनाम, द्वादश नाम पञ्जर स्तोत्रम और अनेकों स्तोत्रों का पाठ-पारायण हुआ। फिर गोष्ठी, शठारी, शातुमोरा और पल्लाण्डु के बाद भक्तों में प्रसाद बंटा। दो पहर बारह बजे भए प्रकट कृपाला के बाद तीन बजे से सौ किलो चना और सौ किलो गुड़ शोभायात्रियों में बाँटा गया। सत्यनारायण गौतम और नारायण दास ने सारे अनुष्ठान को विधिवत कराया। आज के महाभिषेक के यजमान शशिभूषण - वीणा सिंह रांची निवासी हुए। इसमें राम अवतार नारसरिया, पुलक सिंघानिया ओमप्रकाश गाड़ोदिया, रामवृक्ष साहू, अनूप अग्रवाल, रंजन सिंह अभिषेक सिंह आदि की सहभागिता रही।

कृष्णा नगर कॉलोनी में रामभक्तों के लिए लगा सेवा शिविर

रांची : रामनवमी के अवसर पर कृष्णा नगर कॉलोनी में विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों ने रामभक्तों के लिए सेवा शिविर लगाया. रामनवमी के अवसर पर कृष्णा नगर कॉलोनी स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर के बाहर आज 17 अप्रैल,बुधवार को गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा,बहावलपुरी पंजाबी समाज एवं बहावलपुरी पंजाबी समाज महिला समिति तथा गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब स्त्री सत्संग सभा द्वारा सेवा शिविर लगाया गया. गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा द्वारा श्री राधा कृष्ण मंदिर मंदिर के समीप छबील लगाकर शरबत की सेवा की गई.बहावलपुरी पंजाबी समाज द्वारा लगाए गए शिविर में चाय, बिस्किट एवं टॉफी का वितरण किया गया एवं गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब स्त्री सत्संग सभा द्वारा शिविर लगाकर भक्तों के बीच जलेबी का वितरण किया गया.तीनों संस्था का यह शिविर दोपहर 12 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक चला. शिविर के संचालन में सत्संग सभा के सचिव अर्जुन देव मिढ़ा,बसंत काठपाल,अनूप गिरधर,सुरेश मिढ़ा,,हरविंदर सिंह,हरीश तेहरी तथा बहावलपुरी पंजाबी समाज संस्था के संरक्षक डॉक्टर सतीश मिढ़ा,अध्यक्ष ललित किंगर,नरेश पपनेजा,वेद प्रकाश मिढ़ा,लक्ष्मण दास मिढ़ा,प्रमोद चूचरा,किशोरी पपनेजा,मुकेश बजाज,जितेंद्र मुंजाल,आशीष दुआ,कवलजीत मिढ़ा,रवि नागपाल,कमलेश मिढ़ा,ऋचा मिढ़ा एवं गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब स्त्री सत्संग सभा के प्रकाश गिरधर,गिरीश मिढ़ा,अमरजीत मुंजाल,सोनू खुराना समेत अन्य की सक्रिय भागीदारी रही.

एक्सएलआरआई ने जीता ईएमसीएस और टीएलसी@एमडीआई इंडिया कॉम्पैक्ट केस अवार्ड

रांची। झारखंड में एक्सएलआरआई, जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, जमशेदपुर ने ईएमसीएस और टीएलसी@एमडीआई इंडिया कॉम्पैक्ट केस प्रतियोगिता में पहला स्थान हासिल किया है।

इस प्रतियोगिता का यह पहला संस्करण है। एक्सएलआरआई केस रिसर्च एंड सिमुलेशन डेवलपमेंट सेंटर (एक्सएल-सीआरएसडीसी) की एक केस स्टडी जिसका शीर्षक है क्या अगस्त्य इन्वेंशंस को सर्जफेरारी के संयुक्त उद्यम प्रस्ताव को स्वीकार करना चाहिए? प्रोफेसर त्रिलोचन त्रिपाठी, बेनुधर साहू और नीति मधोक द्वारा लिखित रिसर्च केस स्टडी को निर्णायक पैनल द्वारा सर्वोच्च स्थान दिया गया। कॉम्पैक्ट केस प्रतियोगिता का आयोजन एमराल्ड इमर्जिंग मार्केट्स केस स्टडीज (इएमसीएस) और गुड़गांव में स्थित लर्निंग सेंटर द्वारा संयुक्त रूप से किया गया है। केस को स्कोपस-अनुक्रमित ईएमसीएस संग्रह में प्रकाशन के लिए चुना गया है।

प्रो. त्रिलोचन त्रिपाठी, एसोसिएट डीन, एक्सएलआरआई-केस रिसर्च एंड सिमुलेशन डेवलपमेंट सेंटर (एक्सएल-सीआरएसडीसी) ने कहा, एक्सएलआरआई को ईएमसीएस और टीएलसी@एमडीआई इंडिया कॉम्पैक्ट केस प्रतियोगिता के पहले संस्करण में प्रथम स्थान हासिल करने और यह सर्वोच्च पुरस्कार प्राप्त करने पर गर्व है। एक्सएल-सीआरएसडीसी के प्रबंधक बेनुधर साहू और केस राइटर नीति मधोक ने एक्सएल-सीआरएसडीसी केंद्र द्वारा हासिल की गयी इस उपलब्धि पर गौरवान्वित महसूस किया।उन्होंने कहा, जीतने वाला केस एक्सएलआरआई केस समुदाय को समृद्ध करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

केस रिसर्च एंड सिमुलेशन डेवलपमेंट सेंटर की स्थापना एक्सएलआरआइ को भारत में एक प्रमुख बिजनेस केस रिपॉजिटरी बनाने के उद्देश्य से की गई थी।इसका मिशन केस स्टडीज के माध्यम से व्यावसायिक शिक्षाशास्त्र और अनुसंधान में उत्कृष्टता की सुविधा प्रदान करना है।केंद्र ने प्रभावशाली क्षेत्र-आधारित मामलों को विकसित करने के लिए कई कॉरपोरेट्स और संस्थानों के साथ रणनीतिक सहयोग बनाया है।

गौरतलब है कि एक्सएलआरआई दक्षिण एशिया के सबसे पुराने और सबसे प्रतिष्ठित बी-स्कूलों में से एक है। संस्थान व्यापक सामान्य अच्छे और टिकाऊ भविष्य के लिए जिम्मेदार वैश्विक नेताओं का पोषण करता है। एक्सएलआरआई ने दो प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय मान्यताएं अर्जित की हैं - एसोसिएशन टू एडवांस कॉलेजिएट स्कूल ऑफ बिजनेस (एएसीएसबी) और एसोसिएशन ऑफ एमबीए (एएमबीए). संस्थान ने राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड (एनबीए) मान्यता भी अर्जित की है।

एक नजर

रामनवमी को लेकर डीसी और एसएसपी ने शहर का लिया जायजा

रांची। रामनवमी के मद्देनजर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा और वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा ने सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था का लेकर मंगलवार की देर रात शहर का जायजा लिया। अधिकारियों ने तपोवन मंदिर के साथ- साथ शहर के विभिन्न इलाकों का जायजा लेते हुए संबंधित पुलिस और प्रशासनिक पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान अपर जिला दंडाधिकारी (विधि व्यवस्था) राजेश्वरनाथ आलोक एवं सदर अनुमंडल पदाधिकारी उत्कर्ष कुमार भी उपस्थित थे।

रामनवमी को लेकर निकली शोभायात्रा, गूंजा जय-जय श्री राम

बेड़ो, तुको व डूमरदोन में लगी रामनवमी मेला

बेड़ो: मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान राम के जन्मोत्सव का पर्व रामनवमी को लेकर प्रखंड के तुको,डूमर दोन सहित प्रखंड मुख्यालय में आस्था,भक्ति और उत्साह का वातावरण बना रहा। हाथ में भगवा ध्वज के साथ हजारों की संख्या में ग्रामीण व युवाओं की टोली जब प्रखंड मुख्यालय में पहुंची तो पूरा बेड़ो जय जय श्री राम के जयघोष सेगूंज उठा। वहीं शोभायात्रा में शामिल लोगों से वातावरण राममय था। सड़कें रामनवमी पताका से पटा था। रामनवमी पूजा महासमिति के द्वारा रामनवमी पूजा के अवसर पर बुधवार को रामनवमी शोभायात्रा में गांव से आये लाइसेंसी अखाड़ेधारियों के साथ श्रद्धालुओं ने रामनवमी झंडे, झांकी व अस्त्र-शस्त्र के बीच जय श्री राम के जयघोषों के साथ भव्य शोभायात्रा मुख्यालय के महावीर चौक, देवी मंडप चौक, बजरंग बली स्थान से झंडा मिलान करते हुए थानावली हनुमान मंदिर होते हुए महादानी मैदान पहुंचे। जहां मैदान में मेला लगाकर अखाड़ेधारियों ने अस्त्र शस्त्र चालन खेल में एक से बढ़कर एक खेल का प्रदर्शन कर लोगो को अचंभित कर दिया। वही अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता व झांकी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले टीमों के बीच पुरस्कार का वितरण किया गया। वही राम भक्तों के लिए स्थानीय समाज सेवियों द्वारा जगह जगह शिविर लगाकर चना,गुड़ व पानी पिलाकर राम भक्तों की सेवा किया। वहीं स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलन्त चिकित्सा उपलब्ध करायी गयी थी। इधर रामनवमी के अवसर पर लोगों ने विधि-विधान पूर्वक नव कन्या पूजन के साथ पूजा-अनुष्ठान कर घरों, देवालयों और प्रतिष्ठानों में महावीरी झंडा लगाया। शोभायात्रा में विधि व्यवस्था को लेकर पुलिस और प्रशासन के पदाधिकारी चौकस रहे। साथ ही तुको व डूमरदोन गांव में भी रामनवमी शोभायात्रा व मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि चिकित्सक डॉ प्रवीण चंद्र, पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, रामनारायण भगत ,भवानी शरण सिंह, धनंजय कुमार रॉय,समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

वीर भोगे वसुंधरा का गूंज उठा है नारा, गर्व से कहो हिंदू है हम हिंदुस्तान है हमाराः आदित्य

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। कांग्रेस नेता आदित्य विक्रम जयसवाल ने रामनवमी के शुभ अवसर पर राजधानी राँची के युवा राँची महानगर रामनवमी पूजा समिति,चंद्र शेखर आजाद रामनवमी पूजा समिति,नवयुवक संघ उपकार क्लब समिति, श्री महावीर मण्डल महानगर इंदिरा गांधी चौक चुटिया, राँची क्लब कर्मचारी संगठन एवं अन्य विभिन्न संगठन के मंचों पर पहुँचकर रामनवमी जुलूस में शामिल हुए और राम भक्तों का उत्साह वर्धन किया एवं उपकार क्लब चुटिया के मंच से विभिन्न अखाड़ो के झाकियों का स्वागत किया और चना शर्बत भी बाँटा। मौके पर युवा राँची महानगर रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष नन्दकिशोर सिंह चंदेल,श्री महावीर मण्डल महानगर इंदिरा गांधी चौक के अध्यक्ष कृष्णा सहाय,संजीव महतो एवं नवयुवक संघ उपकार क्लब समिति के अध्यक्ष अनिल सिंह, प्रेम कुमार भी मौजूद थे।

इस मौके पर आदित्य विक्रम जयसवाल ने सर्वप्रथम प्रभु श्री राम के नारों से बुलंद आवाज में जयकारा लगाया तत्पश्चात तमाम राम भक्तों को रामनवमी की ढेर सारी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान राम सबों के जीवन को सुख, शांति और समृद्धि से भर दें और इस मंगल पर्व पर, आपके द्वारा किए गए सभी कार्यों में भगवान राम की कृपा हमेशा बनी रहे।

रांची में फिर कांग्रेस और बीजेपी में होगी सीधी टक्कर

रांची। झारखंड में रांची लोकसभा सीट में तीन जिलों सरायकेला-खरसावां, लोहरदगा और रांची जिले के छह विधानसभा क्षेत्र है।

इंडिया गठबंधन में रांची की सीट एक बार फिर कांग्रेस के खाते में गई है। कांग्रेस की रांची परंपरागत सीट मानी जाती है। इस सीट पर प्रारंभ में कांग्रेस का दबदबा था, लेकिन हाल के चुनाव में बीजेपी का प्रभाव बढ़ रहा है। पिछले दो बार से इस सीट पर बीजेपी का कब्जा रहा है। कांग्रेस की ओर से पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय या उनकी बेटी, पूर्व सांसद रामटहल चौधरी और मंत्री बन्ना गुप्ता में से किसी एक को उम्मीदवार बनाए जाने की चर्चा है। वहीं बीजेपी के संजय सेठ लगातार दूसरी बार चुनाव मैदान में है।

रांची लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 1952 में अस्तित्व में आया। पहले कांग्रेस और भाजपा का दबदबा रहा। 2004 और 2009 में कांग्रेस ने जीत हासिल की, बाकी समय भाजपा का कब्जा रहा। बीजेपी ने रांची सीट से छह बार (1991, 1996, 1998, 1999, 2014, 2019) जीत हासिल की। जबकि कांग्रेस ने 6 बार जीत (1952, 1967, 1971, 1989, 2004, 2009) और एक बार 1962 में निर्दलीय की जीत हुई।

हालांकि 2014 के मोदी लहर पर सवार होकर भाजपा के रामटहल चौधरी ने जोरदार वापसी की और सुबोधकांत सहाय को मात दे दी।इसके बाद 2019 के चुनाव में बीजेपी के संजय सेठ ने कांग्रेस उम्मीदवार सुबोधकांत सहाय को हराया था।इस सीट से बीजेपी के रामटहल चौधरी 1991, 1996, 1998, 1999 और 2014 में 5 बार सांसद रह चुके हैं लेकिन इस बार वह कांग्रेस में शामिल होकर रांची से उम्मीदवार बनने की कोशिश कर रहे हैं।

वहीं कांग्रेस के प्रशांत कुमार घोष भी यहां से 1962, 1967 और 1971 में लगातार तीन बार सांसद रह चुके हैं। हालांकि 1962 में वह निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़े थे और जीते भी थे। इसके अलावा 1989, 2004 और 2009 में सुबोधकांत सहाय भी इस सीट से तीन बार सांसद रह चुके हैं। श्री सहाय जब भी लोकसभा का चुनाव जीते तो केंद्र में मंत्री बनने का भी उन्हें सौभाग्य प्राप्त हुआ था।हालांकि श्री सहाय को 2019 में संजय सेठ ने 2 लाख 83 हजार 26 वोटों के बड़े मार्जिन से करारी मात दी थी।

रांची संसदीय क्षेत्र में करीब 14 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति और 12 प्रतिशत अनुसूचित जाति वर्ग के मतदाता है। इसके अलावा रांची क्षेत्र में अन्य महत्वपूर्ण समुदायों में यादव, कुर्मी, राजपूत, भूमिहार, ब्राह्मण और मुस्लिम शामिल हैं। इनमें रांची, हटिया, कांके, ईचागढ़, सिल्ली और खिजरी शामिल हैं। खिजरी अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी का गृहनगर होने के कारण रांची की पहचान देश-दुनिया में हुई है। इसके अलावा गोंडा हिल, रॉक गार्डन, मछली घर, टैगोर हिल, मैकक्लुस्किगंज, आदिवासी संग्राहलय और बिरसा जैविक उद्यान जैसे पर्यटन स्थल पर्यटकों को आकर्षित करते है।

इस क्षेत्र में विकास और समृद्धि की उम्मीद है। गरीबी और बेरोजगारी जैसी समस्याओं का समाधान होने की उम्मीद है। शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार की उम्मीद है। भ्रष्टाचार और सामाजिक और सांस्कृतिक मुद्दों का समाधान होने की उम्मीद है। रांची लोकसभा क्षेत्र में कई खनिज संपदाएं हैं, जिनमें कोयला, लौह अयस्क, तांबा, अभ्रक, चूना पत्थर शामिल है।

नवनियुक्त आर्चबिशप से मिले रतन तिर्की

नव प्रदेश संवाददाता

रांची : आर्चडायसिस रांची के नवनियुक्त आर्चबिशप विंसेंट आईंद से होफमैन ला एसोसियेट के निदेशक अधिवक्ता फा महेंद्र पीटर तिग्गा, वर्किंग पीपूल्स एलायंस(हढअ) के सदस्यों में प्रभाकर तिर्की,जोय बाखला और पूर्व टीएसी सदस्य रतन तिर्की ने मुलाकात किया। वर्किंग पीपूल्स एलायंस के सदस्यों ने नये आर्चबिशप विंसेंट आईंद को पुष्प और पढ़िया गमछा ओढ़ाकर स्वागत किया।

रतन तिर्की ने बताया कि यह मुलाकात औपचारिक थी। उन्होंने बताया कि नये आर्चबिशप विंसेंट आईंद झारखंड के सामाजिक सांस्कृतिक ऐतिहासिक और पारंपरिक व्यवस्था को जानते समझते हैं और झाड़खंडी समाज समुदाय के बारे और भी जानने की इच्छा रखते हैं। रतन तिर्की ने बताया कि आर्चबिशप विंसेंट आईंद हर व्यक्ति के स्वास्थ्य पर बहुत ध्यान देने की बात करते हैं। आर्चविशप कहते हैं कि समाज के हर व्यक्ति विशेषकर युवाओं को स्वस्थ रहने की आवश्यकता है। तभी तो स्वस्थ समाज समुदाय का निर्माण हम सब मिलकर कर पायेंगे। उन्होंने कहा कि आगे और भी बहुत कुछ स्वस्थ समाज निर्माण की दिशा में हम सबों को मिलकर काम करने की आवश्यकता है। होफमैन ला एसोसियेट के निदेशक अधिवक्ता फा महेंद्र पीटर तिग्गा ने होफमैन ला एसोसियेट और वर्किंग पीपूल्स एलायंस के द्वारा किए जा रहे सामाजिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की जानकारी आर्चबिशप विंसेंट आईंद को दी।

प्रखर समाजवादी व विवेकशील युवातुर्क नेता थे चंद्रशेखर : कैलाश यादव

नवप्रदेश संवाददाता

राजद ने पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर का जयंती मनायी

रांची। प्रदेश राजद की ओर से पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव, उपाध्यक्ष अनीता यादव, श्रमिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सुधीर गोप, जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र महतो, शालिग्राम पांडेय, नंदन यादव, यशवंत यादव, कमलेश यादव, राम इकबाल चौधरी, मैनेजर राय, कमलेश यादव, विशाल कुमार, प्रेम कुमार, मनोज यादव सहित कई लोगो ने तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया।

महासचिव कैलाश यादव ने कहा की पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर को युवा तुर्क नेता थे वे सादगी जीवन के साथ प्रखर समाजवादी एवं बेवाक प्रवक्ता थे।

देश की एकता और अखंडता तथा सामाजिक परिवर्तन के लिए श्रद्धेय चंद्रशेखर जी का लंबी पदयात्रा एक मिशाल कायम किया था। उनके विवेकशील कार्यशैली और धर्मनिरपेक्षता व विकसित समाजवादी विचारधारा के लिए देश सदैव याद करेगा।

रामनवमी के भव्य जुलुस के दौरान जहां रामभक्तो की अपार भीड़ में चलना दुभर था वही महात्मा गाँधी मुख्य पथ डेली मार्केट थाना के करीब एक ग्रामीण चीर निद्रा में... कैमरे की नजर में





महापर्व रामनवमी पर जय श्री राम के जयकारे से गूंजा कोडरमा

कोडरमा। अद्भुत खेल पारंपरिक अस्त्र शस्त्रों के साथ विहंगम दृश्य बुधवार को कोडरमा जिले की सड़को पर दिखा। मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान राम के जन्मोत्सव का महापर्व रामनवमी की शान से पूरा जिला जय श्री राम के जयकारे से गूंज उठा। रामनवमी के भजनों से एक एक गली और चौक चौराहे गूंज रहा था। डंके की आवाज राम भक्तो का जोश बढ़ा रहा था। तो दूसरी तरफ बड़े बड़े महावीरी ध्वज थामे भक्तों की भीड़ जय श्री राम के जयकारे के साथ शौर्य का प्रदर्शन कर रहे थे।

हर और महावीरी ध्वज ही लहरा रहे थे। पारंपरिक प्रदर्शन के साथ लाठियो का अद्भुत खेल दिखाते युवा खिलाड़ियों के जुनून को हिंदू संगठन के कार्यकर्ता उत्साह बढ़ा रहे थे। अहले सुबह से ही हे बजरंगबली, दुखियों का दुखड़ा दूर करो, संकट मोचन कहलाओ तुम, है मयार्दा पुरुषोत्तम बोलो तुमने मयार्दा क्यों तोड़ दी, श्रीराम जानकी बैठे.. जैसे भजन और डंके की आवाज ने राम भक्तो की नींद तोड़ा। हर एक राम भक्त भगवान राम की भक्ति में डूबा दिखा। कोडरमा, झुमरीतिलैया, सतगावां, मरकच्चो, चंदवारा, जयनगर और डोमचांच समेत अन्य जगहों पर शौर्य पराक्रम का प्रदर्शन भी हुआ। इस दौरान सुरक्षा को लेकर अधिकारी पेट्रोलिंग करते दिखे। थाना प्रभारी सुजीत कुमार भारी संख्या में पुलिस बल के साथ तैनात थे। झुमरीतिलैया शहर और ग्रामीण इलाकों से दर्जनों की संख्या में अखाड़ा समितियों के खिलाड़ी झंडा चौक पहुंचे और अपने शौर्य पराक्रम का प्रदर्शन किया।

रामभक्तों के जोश से पूरा चौक समेत शहर के कई इलाकों में जनसैलाब उमड़ पड़ा। राम भजनों की धुन के साथ डंके की आवाज के बीच खिलाड़ी अपने खेल का प्रदर्शन कर रहे थे, और जय श्री राम के साथ माता सीता और संकट मोचन हनुमान का जयकारा लगा रहे थे। इस दौरान पांव रखने तक की जगह लोगो को नही मिली। कोडरमा में महारामनवमी पर सुंदर झांकियों को निकाला गया। इस दौरान अखाड़ा समितियों के लोगों ने खेल का भी प्रदर्शन किया। कोडरमा में इंदरवा परिसर से शुरू होकर जलवाबाद, नगरखारा आदि जगहों से लोग पहुंचे, देर रात तक आने-जाने का सिलसिला चलता रहा। वहीं डोमचांच में इस दौरान विभिन्न स्थानों से निकाले गए आकर्षक झांकी लोगों को बरबस कई युगों की यादें ताजा कर दी, जिसमें भगवान राम के विभिन्न अवतारों, राम सीता विवाह आदि कई मनमोहक झांकी आकर्षक रूप से सजाया गया था।

अपने अखाड़ा से शहरों की ओर आने पर विभिन्न क्षेत्रों में पेयजल की व्यवस्था की गई थी। अखाड़ा दलों का ध्वनि विस्तारक यंत्र से जोरदार स्वागत किया जा रहा था। जिससे अखाड़ा दलों में शामिल लोगों का उत्साह काफी दुगना हो जा रहा था। कोडरमा के जलवाबाद में निकाले गए जुलूस में उमेश राम, गजेंद्र राम, बिनोद कुमार मुन्ना, अमित कुमार के अलावा साजिद हुसैन, आफताब आलम भी शामिल हुए।

सैकड़ो महावीरी झंडे के साथ निकली रामनवमी की शोभायात्रा

नवप्रदेश संवाददाता

रातू। रातू में बुधवार को रामनवमी की विशाल शोभायात्रा सैकडो महावीरी झंडे के साथ धुमधाम से निकली। शोभायात्रा में सैकड़ों महावीरी झंडो के साथ कई गांव के लोग शामिल हुए। शोभायात्रा की खास बात यह रही कि हर गांव से महिलाओं की भागीदारी काफी संख्या में नजर आ रही थी। शोभायात्रा में शामिल लोगों ने कहा यह नारी जाति अब नारी शक्ति का एहसास करा रही है। रामनवमी पूजा समिति रातू द्वारा प्राचीन बजरंगबली मंदिर बड़का टोली में शोभा यात्रा के स्वागत की पूरी तैयारी कर रखी थी। शोभायात्रा में शामिल सभी झंडेधारियों ने प्राचीन बजरंग बली मंदिर मैं जाकर झंडा मिलन किया। इस जगह पर आमटांड़, बड़का टोली,सरना नगर, कुम्बा टोली, मेरिया टांड़, काठीटांड़, आनंदमयी नगर, ललितग्राम, पिर्रा, तिलता, गोविंदनगर, टेंडर,संजय कॉलोनी सहित कई अन्य गांव की भी शोभायात्रा पहुंची। प्राचीन बजरंगबली मंदिर में शोभायात्रा मिलन के बाद सभी झंडेधारी अखाड़े रातू किला पहुंचे। जहां उनका स्वागत कर पारितोषिक भी दिया गया। रातू किला में शोभायात्रा का समापन हुआ। शोभायात्रा में शामिल सभी झंडेधारी अपने झंडे को देवी मंदिर और शिव मंदिर की भी परिक्रमा कराएं। रामनवमी पूजा समिति के राजकुमार, संजय साहू, संजय गुप्ता, बीरेन्द्र साहु, गुड्डू साव सहित कई अन्य सदस्यों का भी रामनवमी पूजा को सफल बनाने में विशेष योगदान रहा। वहीं दूसरी ओर काठी टांड़ चौक पर महावीर यूवा मंडल के सदस्यों ने शोभायात्रा में पहुंचे सभी लोगों का भव्य स्वागत किया। इसके अलावा साईं स्वयंसेवी संस्था के सुरेंद्र प्रसाद, बैजू सोनी, उमेश सिंह सहित कई अन्य सदस्यों ने शोभायात्रा में शामिल सभी अखाड़ों को महावीरी झंडा देकर सम्मानित किया।

युवा महावीर मंडल काठीटांड ने स्वागत किया -युवा महावीर मंडल काठीटांड के विशाल स्टेज में दर्जनो गांव से आए अखाडेधारियो का स्वागत किया गया। यहां पर स्वागत करने वालो में सुबोध साहु, अरविंद पांडेय, अमर उरांव, केदार सिंह, राजमन साहु,पृथ्वीनाथ शाहदेव, राजेश पासवान, राणा सिंह, मिथलेश दुबे, गौतम दुबे, आलोक कुमार, मुकेश साहु सहित अन्य लोग थे।

इसके अलावे महादेव टंगरा में 32 गांव की विशाल शोभायात्रा पहुंची। शोभायात्रा में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। शोभायात्रा में आकर्षण का केंद्र भव्य झांकी रही। राम ,सीता और शिव की झांकी आकर्षण का केंद्र रहा। महादेव टंगरा में रामनवमी पूजा समिति के रामनंदन महतो, रमेश महतो, कुशवाहा शिवचरण महतो, अनूप कुमार, गोपाल मिश्रा सहित कई अन्य सदस्यों का भी रामनवमी पूजा को सफल बनाने में विशेष योगदान रहा। रामनवमी की शोभायात्रा झखराटांड़ छापरगढ़ा में भी पहुंची। यहां पर विशाल मेले के साथ ही ग्रामीण क्षेत्र के दर्जनो गांव के अखाडे पहुंचे और अपने करतब का प्रदर्शन किया।

सुरक्षा के चाक-चौबंद व्यवस्था थे

एएसपी मो याकुब, थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक शशि भुषण चौधरी ने पूरी सूझबूझ से रामनवमी पूजा को शांतिपूर्वक निकाल दिया। रातू थाना क्षेत्र के सभी जगहों पर पुलिस की चाक-चौबंद व्यवस्था की गई थी ।हर जगह पर अधिकारी के साथ सशस्त्र बल के जवान भी तैनात थे। रातू में किसी भी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है।

यौन शोषण और अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देने वाला युवक गिरफ्तार

दुमका(हि. स.)। जिले के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र में 25 वर्षीय आदिवासी युवती ने मीर हुसैन (26) पर शादी का झांसा देकर लगातार यौन शोषण करने का आरोप लगाया है।

थाने में मामला दर्ज होते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की है और आरोपी मीर हुसैन को गिरफ्तार कर लिया है।दरअसल पीड़िता ने थाने में जो आवेदन दिया है उसके अनुसार उसके पिता की मौत हो चुकी है और वह दिल्ली बेंगलुरु जैसे महानगर में जाकर काम कर अपनी आजीविका चलाती थी। जब लॉकडाउन हुआ उस वक्त उसे अपने घर शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र में लौटना पड़ा। इसी बीच उसे आधार कार्ड बनाने की आवश्यकता पड़ी। आधार कार्ड बनाने के लिए वह अपने गांव के कुछ ही दूर स्थित दूसरे गांव में जब गई तू वहां उसकी मुलाकात 26 वर्षीय मीर हुसैन से हुई।

मीर से बात चीत हुई और फोन नंबर का आदान प्रदान हुआ ।धीरे-धीरे समय बीता और बातचीत करते हुए वे दोनों एक दूसरे के करीब आ गए।मीर हुसैन ने यह वादा किया कि वह मुझसे शादी करेगा और इस वादे के बाद वह लगातार शारीरिक संबंध बनाता रहा। पीड़िता का कहना है कि इसी क्रम में मीर ने मेरा कुछ अश्लील फोटे ले लिया था, जिसकी जानकारी मुझे नहीं हो पाई। जब कोरोना थमा तो वह काम करने के लिए राजस्थान चली गई। इसी बीच मीर हुसैन उसे यह धमकी देने लगा कि मेरे पास तुम्हारा अश्लील फोटे है ,जिसे मैं सोशल मीडिया पर वायरल कर दूंगा नहीं मुझे रुपये दो।

पीड़िता का कहना है कि इस धमकी से वह डर गई और मीर के एसबीआई खाते में कई बार में लगभग डेढ़ लाख रुपए दिए। अब हुआ बेबस हो चुकी थी और उसने अमीर से यह आग्रह किया कि तुम मुझसे शादी मत करो कहीं और कर लो पर मुझे ब्लैकमेल मत करो लेकिन मीर को यह मंजूर नहीं था। वह उसे लगातार रुपए चाहता था ।इतना ही नही पीड़िता का कहना है कि जब मैं अपने घर आती तो वह मुझसे मना करने के बावजूद जबरदस्ती संबंध बनाता। आखिरकार तंग तबाह होकर पीड़िता ने शिकारीपाड़ा थाना में अपनी पूरी व्यथा लिखित रूप से देते हुए एफआईआर दर्ज कराया।

ढिबरा लदे तीन 709 वाहन जब्त, दो लोग गिरफ्तार

कोडरमा। कोडरमा वन विभाग के टीम ने बुधवार की सुबह लखीबागी एसपी कोठी के समीप रेंजर के नेतृत्व में ढिबरा लदे तीन 709 वाहन जब्त किया गया।

रेंजर को मिली गुप्त सूचना के आघार पर ढोलाकोला जंगल से ढिबरा लोड करके कई वाहन तिलैया की तरफ जा रहे, जिसके बाद वन विभाग की गाड़ी को देखते हुए गाडी स्पीड में भगाने लगे। लखीबागी के समीप इन तीन वाहनों को जप्त किया गया। इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में रोहित कुमार और गुल्ली सिंह शामिल है। इसके बाद वन विभाग के टीम ने गाड़ी ढिबरा लदे 709 वाहन जप्त करके वन परिसर लाया गया, वहीं पकड़े

गए दोनों लोगों को जेल भेज दिया गया। गाड़ी में ढिबरा लगभग 15 टन लोड बताया जा रहा है जिसकी कीमत लगभग दो लाख बताई जा रही है।

पीएलएफआइ के एरिया कमांडर सहित दो उग्रवादी गिरफ्तार

खूंटी(हि.स.)। लोकसभा चुनाव में पीएलएफआइ का फिर वर्चस्व कायम करने और रनिया थाना क्षेत्र में भय का माहौल पैदा करने की संगठन की योजना धरी की धरी रह गई जब तक पीएलएफआइ उग्रवादी किसी घटना को अंजाम देते, उसके पहले ही इस प्रतिबंधित संठन के दो उग्रवादियों को पुलिस ने दबोच लिया। गिरफ्तार उग्रवादियों में तपकारा थाना के हुसीर गांव निवासी हर्षित गुड़िया और तमाड़ थाना के माइयोडीह निवासी प्रकाश प्रमाणिक शामिले हैं। इनके पास से पुलिस ने एक देसी कट्टा, 10 जिंदा गोलियां, नक्सली संगठन पीएलएफआइ का पर्चा और नगद 27 हजार तीस रुपये, टीवीएस अपाची बाइक, तीन मोबाइल और दो पिट्ठू बैग बरामद किए हैं।

गिरफ्तार दोनों उग्रवादी हर्षित गुड़िया संगठन का एरिया कमांडर है। दोनों उग्रवाद जोनल कमांडर टीरा बोदरा उर्फ लंबू उर्फ राडूंग बोदरा दस्ते के हैं। यह जानकारी तोरपा के अनुमंडल पदाधिकारी क्रिस्टोफर केरकेटट्टा ने बुधवार को अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक अमन कुमार को गुप्त सूचना मिली कि पीएलएफआइ के जोनल कमांडर लबूं दसते के उग्रवादी लोकसभा चुनाव कें दौरान संगठन का दबदबा कायम करने और लेवी के पैसे वसूलने के लिए कोई बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना तैयार कर रहे हैं।

सूचना कें सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई के लिए एसपी द्वारा गठित छापामार टीम ने मंगलवार को रनिया थानांतर्गत जलमांदी से गजना जाने वाली पक्की सड़क पर छापामारी कर लेवी वसूलने आए पीएलएफआई के दोनों उ्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया। एसडीपीओ ने बताया कि पूछताछ के दौरान गिरफ्तार उग्रवादियों ने पीएलएफआई के जोनल कमांडर टीरा बोदरा उर्फ लंबू के निर्देश पर लेवी वसूलने, संगठन का प्रचार-प्रसार करने, संगठन के लिए नेटवर्किंग का काम करने और संगठन के नाम पर क्षेत्र में दहशत फैलाने की बात स्वीकार कर ली है।

तोरपा एसडीपीओ के नेतृत्व मे गठित छापमर टीम में पुलिस निरीक्षक अशोक सिंह, रनिया थाना प्रभारी विकास जायसवाल, तोरपा थाना प्रभारी प्रभात रंजन पांडेय, एसआई ओम प्रकाश राय, अमित कुमार सिंह तथा सीआरपीएफ 94 बटालियन के जवान शामिल थे। बताया गया जोनल कमांडर टीरा बोदरा उर्फ लंबू तथा कई और उग्रवादी भागने में सफल हो गये। गिरफ्तार दोनों उग्रवादियों को बुधवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। बताया गया कि गिरफ्तार उग्रवादियों का आपराधिक इतिहास भी रहा है। गिरफ्तार हर्षित बोदरा के विरुद्ध मुरहू थाने में 17 सीएलए एक्ट आर्म्स एक्ट सहित अन्य संगीन धाराओं में कुल छह मामले दर्ज हैं, जबकि प्रकाश प्रमाणिक पर भारतीय वन अधिनियम के मामले में एक मामला दर्ज है।

पूर्व विधायक राधाकृष्ण किशोर का राजद से इस्तीफा

नवप्रदेश संवाददाता

पलामू। छतरपुर-पाटन के पूर्व विधायक और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के वरिष्ठ नेता राधाकृष्ण किशोर ने पार्टी की प्राथमिक सदस्य से इस्तीफा दे दिया है। साथ ही अपने इस्तीफे की कॉपी प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव को प्रेषित कर दिया है। किशोर के साथ राजद के प्रदेश महासचिव प्रशांत किशोर एवं सचिव राजकमल तिवारी ने भी इस्तीफा दे दिया है।

राधाकृष्ण किशोर मेदिनीनगर में दर्जनों कार्यकताओं के साथ बुधवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान अपने इस्तीफा देने की जानकारी दी। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि राजद अब एटूजेड और विकास के लिए सामाजिक भाईचारा की पार्टी नहीं रह गयी है। पलामू लोकसभा के संयोजक और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गौतम सागर राणा द्वारा समाज को बांटने वाले दिए गए बयान पर भी किशोर आहत दिखे। साथ ही एटूजेड पार्टी बनाने में तेजस्वी यादव के असफल रहने पर भी उन्होंने चिंता व्यक्त की। राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि फिलहाल वे किसी राजनीतिक दल में शामिल नहीं होंगे। लोकसभा चुनाव में वैसे व्यक्ति के लिए काम करेंगे जो पलामू-गढवा के विकास के लिए काम कर रहे हैं। साथ ही जिसकी जीत से राष्ट्रीय एकता अखंडता मजबूत हो वैसे उम्मीदवार को सपोर्ट करेंगे। किशोर ने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेता तेजस्वी यादव ने यह नारा दिया था कि हमारी पार्टी समाज के सभी वर्गों (एटूजेड) की पार्टी है, परंतु दूसरी ओर पलामू लोकसभा के चुनावी अभियान को शुरू करते हुए पार्टी के वरिष्ठ नेता गौतम सागर राणा ने एक इलेक्ट्रोनिक मीडिया को दिए गए बयान में यह कहा है कि मोदी चुनाव जीतते हैं तो देश ब्रह्मणवाद की ओर मुड़ जायेगा। लोकसभा चुनाव के अवसर पर गौतम सागर राणा के बयान स्पष्ट है कि राजद एटूजेड की पार्टी नहीं है। यह स्थापित सत्य है कि किसी भी राजनैतिक संगठन के लिए विश्वास एक बड़ी पूंजी है। यदि पार्टी से कार्यकताओं और जनता का विश्वास उठ जाए तो फिर वैसे राजनैतिक दल स्वयं को जनता के बीच स्थापित नहीं कर सकता है।

ज्ञातव्य है कि कुछ दिन पहले झारखंड के वरिष्ठ एवं अनुभवी नेता गिरिनाथ सिंह को बड़े ही ताम-झाम के साथ राजद में शामिल कराया गया था। गिरिनाथ सिंह चतरा लोकसभा से चुनाव लड़ना चाहते थे। पार्टी में शामिल करवाने के बाद चतरा लोकसभा से गिरिनाथ सिंह को प्रत्याशी नहीं बनाया गया। यदि गिरिनाथ सिंह को चतरा से लोकसभा सीट पर प्रत्याशी बनाया जाता तो स्वर्ण मतदताओं में एक अच्छा संदेश जाता। गठबंधन के तहत मात्र पलामू लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ने से प्रदेश राजद के कार्यकर्ता अपने को ठगा-ठगा महसूस कर रहे हैं। राष्ट्रीय जनता दल का समाजिक न्याय और सभी वर्गों के उत्थान के सिद्धांतों से प्रभावित होकर मैंने वर्ष 2020 में राजद की सदस्यता ग्रहण की थी। वर्ष 1995 में झारखंड क्षेत्र के 13 विधानसभा सीटों पर जीत दर्ज करने तथा 15 सीटों पर दूसरा स्थाना प्राप्त करने वाली पार्टी राजद वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में मात्र एक सीट पर ही सिमट कर रह गई। फलस्वरूप पार्टी कार्यकताओं में निराशा-हताशा की भावना व्याप्त हो गयी। प्रदेश राजद कार्यकताओं का मानना था कि दो चार विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने से पार्टी संपूर्ण झारखंड राज्य में स्वयं को विस्तारित नहीं कर सकती है। पार्टी कार्यकताओं की यह भावना थी कि 2024 के लोकसभा चुनाव में चतरा, पलामू, कोडरमा तथा गोड्डा चार सीटों पर तथा विधानसभा की लगभग 25 सीटों पर राजद को चुनाव लड़ना चाहिए। पार्टी के लिए यह दुर्भाग्य की बात है कि गठबंधन के नाम पर पार्टी केवल एक लोकसभा सीट पलामू ही ले पायी। स्पष्ट है कि गठबंधन के तहत अगामी विधानसभा चुनाव में राजद को दो-चार सीटों से अधिक नहीं मिलने वाला है।

एक नजर

प्रधानमंत्री मोदी पर अभद्र टिप्पणी करने के मामले में झामुमो नेता नजरूल इस्लाम पर प्राथमिकी दर्ज

साहिबगंज । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बारे में अभद्र टिप्पणी करने के मामले में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की केंद्रीय कार्यसमिति के सदस्य नजरूल इस्लाम के खिलाफ साहिबगंज टाउन थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। साहिबगंज नगर थाना में सदर बीडीओ सुबोध कुमार के बयान पर आचार संहिता उल्लंघन मामले और अमर्यादित भाषा का उपयोग करने के आरोप में प्राथमिकी (42/24) दर्ज की गयी है। ज्ञातव्य है कि 14 अप्रैल को साहिबगंज स्टेशन चौक पर झामुमो के धरना-प्रदर्शन के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए नजरूल इस्लाम ने प्रधानमंत्री मोदी के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा था कि नरेन्द्र मोदी 400 सीट जीतेगा नहीं, 400 फीट अंदर गाड़ देंगे। इसके बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, विधायक दल के नेता अमर बाउरी सहित कई भाजपा नेताओं ने सोशल मीडिया एक्स पर इस बाबत पोस्ट की थी और राज्य सरकार से कार्रवाई की मांग की थी। नतीजतन, जिला प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी दर्ज करवायी है। प्रखंड के सीआई फनेश्वर कुमार, राजस्व कर्मचारी अजय कुमार और पंचायत सचिव सुशील मरांडी को 24 घंटे के अंदर जांच कर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया है।

सैमसंग ने भारत में एआई टीवी के नए युग की घोषणा की

रांची: कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी सैमसंग ने बेंगलुरु के सैमसंग ओपेरा हाउस में आयोजित 'अनबॉक्स एंड डिस्कवर' इवेंट में अपने अल्ट्रा-प्रीमियम नियो क्यूएलईडी 8के, नियो क्यूएलईडी 4के और ओएलईडी टीवी के लॉन्च के साथ एआई टीवी को लॉन्च किया। नियो क्यूएलईडी 8के, नियो क्यूएलईडी 4के और ओएलईडी टीवी की 2024 सीरीज पावरफुल, एआई-आधारित सोल्यूशन के साथ आपके घरेलू मनोरंजन को और बेहतर बनाएगी। नए क्यूएलईडी 8के टीवी की 2024 रेंज एनक्यू8 एआई जेन3 प्रोसेसर के साथ आती है। इसमें एक न्यूरल प्रोसेसिंग यूनिट (एनपीयू) दी गई है जो न्यूरल नेटवर्क में 64 से 512 तक की आठ गुना बढ़त करता है। जिससे स्क्रीम पर एकदम स्पष्ट डिटेलिंग के साथ साफ और शानदार पिक्चर दिखाई देती है। नियो क्यूएलईडी 4के टीवी शानदार 4के रिजॉल्यूशन के लिए एनक यू4 एआइ जेन2 प्रोसेसर पर काम करते हैं। सैमसंग दुनिया का पहला ग्लेयर-फ्री ओएलईडी टीवी भी लॉन्च कर रहा है। सैमसंग साउथवेस्ट एशिया के प्रेसिडेंट और सीईओ जेबी पार्क ने कहा कि नियो क्यूएलईडी 8के, नियो क्यूएलईडी 4के और ओएलईडी टीवी की हमारी 2024 रेंज घरेलू मनोरंजन को नई पहचान देती है। इसके अलावा ये रेंज ऑर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की ताकत का इस्तेमाल करते हुए इस्तेमाल में आसानी, मजबूती और सुरक्षा के नए मानक स्थापित करती है।

अंजुमन ग्रामीण झारखंड ने किया रामभक्तों का स्वागत

अनगड़ा। प्रखंड के गोंदली पोखर महावीर मंडल अखाड़ा में हेसल,मासू,तुरुप,मंझला टोली,चिलदाग,साल्हन सहित कई गांवों के राम भक्तों का अंजुमन ग्रामीण झारखंड रांची के द्वारा मुस्तफा अंसारी के नेतृत्व में स्वागत किया गया। सभी राम भक्तो को पानी,चना व आम का शरबत दिया गया। मुस्तफा अंसारी ने बताया कि सामाजिक समरसता को मजबूती प्रदान करने का यह एक छोटा प्रयास है। मौके पर सिकंदर अंसारी, अब्बास अंसारी, इब्राहिम अंसारी, गुलजार अंसारी, आदित्य मिश्रा, अशफाक अंसारी, समाऊल अंसारी, मो अंसार,सज्जाद अंसारी, यासीन अंसारी आदि उपस्थित थे।

महावीर मंडल बलौरा को मिला प्रथम पुरस्कार

अनगड़ा । रामनवमी का पर्व बुधवार को सिकिदिरी क्षेत्र में परंपरागत तरीके और आपसी भाईचारे के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में धूमधाम के साथ मनाया गया।इस अवसर पर रामनवमी मेला समिति सहेदा मोड़ की ओर से मेला सह अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।मेले में16 गांवों का रामनवमी जुलूस अपने-अपने महावीर मंडल के पदाधिकारियों के नेतृत्व में रंग-बिरंगी झंडे और आकर्षक झांकियों के साथ पहुंचे थे ।अस्त्र-शस्त्र प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रथम पुरस्कार महावीर मंडल बलौरा को, दूसरा पुरस्कार महावीर मंडल छोटकी गोड़ाग को और तृतीय पुरस्कार महावीर मंडल डटमा को दिया गया।जबकि,झांकी में प्रथम पुरस्कार महावीर मंडल भुसूर को,दूसरा पुरस्कार महावीर मंडल जशपुर को और तृतीय पुरस्कार डटमा महावीर मंडल के राजेंद्र महतो को दिया गया। मुख्य अतिथि भाजपा नेता जैलेंद्र कुमार उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि के रुप में पंसस अनिल महतो,मुरलीधर राम गंझू,विनोद रजवार व सोमनाथ बेदिया उपस्थित थे। संचालन शिवधर रजवार ने किया।मेले की सफल आयोजन में अध्यक्ष पारसनाथ भोगता,मुख्य संरक्षक श्रवण कुमार मुंडा,संरक्षक मुखिया राजेंद्र बेदिया,नीलमोहन पाहन,संयोजक फारुक खान, रथुवा मुंडा,सचिव नंदलाल राम,महावीर भोगता,उपाध्यक्ष प्रकाश कुमार यादव,मनी मुंडा,श्रीनाथ महतो,जयनंदन सिंह,मंटू कुमार साहू,समलू बेदिया,बबलू राम व अजय भोगता ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

रामनवमी की शोभायात्रा में बेकाबू हुआ डीजे वाहन, कुचलने से दो की मौत, चार घायल

लोहरदगा। जिले में रामनवमी के शोभायात्रा के दौरान बुधवार को डीजे वाहन अनियंत्रित हो गया और कई लोगों को रौंद दिया। इस हादसे में एक युवती और एक महिला की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। घायलों में से चार लोगों की हालत गंभीर है। सभी घायलों को आनन-फानन में सदर अस्पताल पहुंचाया गया। गंभीर रूप से घायल चार लोगों को राजधानी रांची स्थित रिम्स भेज दिया गया है। मृतकों की पहचान शहरी क्षेत्र की रियाडा की रहने वाली सोनी (18) के रूप में हुई। वह बाजार समिति के पीछे रहती थी। समाचार लिखे जाने तक एक अन्य मृतक महिला की शिनाख्त नहीं हो सकी है। उसकी शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जुलूस राणा चौक से आगे बढ़ रहा था। इसी क्रम में डीजे बंधा पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर जुलूस में शामिल लोगों को रौंदते हुए आगे बढ़ गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद डीसी डॉ बाघमारे प्रसाद कृष्ण, एसपी हरीश बिन जमां, डीडीसी दिलीप सिंह शेखावत सरदार अस्पताल पहुंचे और घायलों का इलाज बेहतर तरीके से करने का निर्देश दिया।

अनगड़ा व गोंदलीपोखर में शस्त्र चालन सह झांकी प्रतियोगिता का आयोजन

अनगड़ा। अनगड़ा व गोंदलीपोखर में बुधवार को शस्त्र चालन सह झांकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महावीर मंडल गोंदलीपोखर द्वारा आयोजित झंडा मिलन में 20 गांवों का झंडा मिलन हुआ। रामायण पर आधारित झांकी निकाली गई. कार्यक्रम में करीब 25 हजार लोगों की उपस्थिति रही। इस बार जुलूस, शोभायात्रा व झांकी में महिलाओं की काफी भागीदारी रही. मौके पर पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, डॉ अमर कुमार चौधरी, जमल मुंडा, सुरेंद्र महतो, जैलेन्द्र कुमार, डॉ रिझु नायक, ज्योतिष महतो, अजय महतो, शिवशंकर केशरी, थाना प्रभारी चमरा मिंज, बीडीओ जयपाल सोय मुखिया सरिता तिर्की, दुर्गा पाहन, जिप सदस्य अनुराधा मुंडा, रामसाय मुंडा, राजेन्द्र मुंडा, मनोज चौधरी, रामनाथ महतो, नीलकंठ चौधरी, सचिन केशरी, विरेन्द्र भोगता, हिमांशु चौधरी, कामेश्वर चौधरी, रौशन मुंडा, सुरज गुप्ता सहित अन्य मुख्य रूप से उपस्थित थे। महावीर मंडल अनगड़ा के द्वारा प्रखंड मुख्यालय मैदान में शस्त्र चालन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. श्रेष्ठ टीमों को पुरस्कृत किया गया । आयोजन को सफल बनाने में लोकनाथ पाहन, मधुसूदन मुण्डा, मुन्ना सिंह, जगेश्वर महतो, राजेश यादव, मुन्ना मुण्डा, पुशनाथ मुण्डा, घनेनाथ महतो, अघनू महतो, विजय महतो आदि का उल्लेखनीय योगदान रहा।

प्रशांत किशोर ने बिहार की जनता को वोट की ताकत का दिलाया एहसास, कहा

आप लोकतंत्र के हनुमान हैं, आप लोगों को अपनी शक्तियों का एहसास नहीं है, आप जिसका बटन दबाइएगा वही राजा बनेगा

नवप्रदेश प्रतिनिधि पटना। जन सुराज अभियान के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने अबतक बिहार के 15 जिलों में पदयात्रा पूरी कर ली है। जन सभा को संबोधित करते हुए प्रशांत किशोर ने लोगों को वोट की ताकत का एहसास दिलाया। प्रशांत किशोर ने कहा कि कोई एक आदमी बिहार को सुधार नहीं सकता है। अगर बिहार को सुधारना चाहते हैं, तो आपको जगना पड़ेगा। लोग कहते हैं कि हम गरीब आदमी

अकेले भला क्या करेंगे, एक आदमी से क्या होगा। आप लोकतंत्र के हनुमान हैं, आप लोगों को अपनी शक्तियों का एहसास नहीं है। आप लोग जिसका बटन दबाइएगा वही राजा बनेगा। ग्रामीणों से सवाल करते हुए प्रशांत किशोर ने कहा कि बिना आपके बटन दबाए कोई राजा बन सकता है क्या आप लोगों ने हनुमान जी की तरह अपनी शक्तियों को भुला दिया है। आप लोगों की शक्तियों को याद दिलाने के लिए ही मैंने ये पूरा अभियान शुरू किया है। ये कोई वोट मांगने का अभियान नहीं है। ये अभियान है गांव-गांव जाने का और लोगों के सामने हाथ जोड़कर मैं बता रहा हूं कि अपना नहीं तो अपने बच्चों का चेहरा देखिए। जिस गरीबी-गुरबत में आपकी जिंदगी बीती है, अगर आप अपने बच्चों की जिंदगी को सुधारना चाहते हैं तो जाति से, धर्म से अलग हटकर अपनी शक्ति को पहचानिए। हनुमान बनिए और छलांग लगाकर देखिए, उसी से बिहार का विकास होगा।

निमिया के डाढ मईया लावेली हिलोरवा की झूली-झूली ना

चैत नवरात्र पर घरो में हुआ शीतला माता की पूजा

नवप्रदेश प्रतिनिधि सूर्यपुरा। शीतला माता की पूजा धूमधाम से घरो में हुआ। जिसमे क्षेत्र के सभी घरो मे रात्रि में कलश रख बुधवार को अहले सुबह से हीह निमिया के डाढ मईया लावेली हिलोरवा की झूली-झूली ना ह पारम्परिक गीतो के स्वर के साथ घरो में भजन-कीर्तन करते हुए श्रद्धालु ने पूजा-अर्चना की। वही नवरात को लेकर पूजा-अर्चना के बाद लोगों ने घरो मे खीर पुडी बनाकर देवी को अर्पण करने के बाद प्रसाद ग्रहण किया। साथ ही हवन के बाद कन्याओ को भोजन करा पूजन किया गया। वही पंडित शंभू नाथ पांडेय ने बताया कि मान्यता है कि चैत नवरात्र के समय अष्टमी तिथि को रात में ही भोजन बनाकर बासी प्रसाद चढ़ाने से शीतला माता प्रसन्न होती है और धन धान्य के अलावा पुत्र योग की प्राप्ति होती है। इसके अलावा माँ की कृपा से भक्त को प्राकृतिक आपदा से निजात मिलता है, इसी आशा और विश्वास के साथ प्राचीन काल से चली आ रही माँ शीतला की पूजन अर्चना को लेकर घरों मे माँ शीतला का पूजन किया गया।जहाँ प्रसाद के रूप में खीर पुड़ी चढ़ाया गया।इस दौरान पूरी रात महिलाओ द्वारा गाया गया निमिया के डाढ़ी मईया लावेली हिलोरवा की झूली झूली ना जैसे देवी गीतों से पूरा गांव गूंजता रहा।वही दूसरी तरफ चैत नवरात्र पर उपवास रखने वाले श्रधालुओ ने नौ दिन के उपवास के बाद कुआंरी कन्या का पूजन कर उन्हें प्रसाद खिलाया और खोंइच्छा भर कर आदर के साथ कन्याओ की विदाई की।

गांव में ही शहर जैसी शिक्षा

नवप्रदेश प्रतिनिधि बेतिया। कहते हैं न कि जब नियत साफ हो और इरादे बुलंद हो तो आदमी कुछ भी हासिल कर सकता है।जी हां हम बात कर रहे हैं संत कबीर पब्लिक स्कूल शांति चौक सरगटिया के डायरेक्टर ई. धर्मेश कुमार की जो सुदूर देहात क्षेत्र में शिक्षा का मशाल जला रहे हैं। इन्होंने गांव में भी शहरों जैसी शिक्षा देने का संकल्प ले लिया है। अनुभवी एवं मेहनती शिक्षक-शिक्षिकाओं की देखरेख में विद्यालय नित्य नये-नये कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। प्रत्येक वर्ष इस विद्यालय से नवोदय, सैनिक,बी.एच.यू , सिमुलतला एवं अन्य प्रतिष्ठित विद्यालयों के लिए बच्चे चयनित होते हैं। हर प्रकार के आधुनिक सुविधाओं से लैस इस विद्यालय में दूर-दूर से बच्चे पढ़ने आते हैं। यहां पर कम्प्यूटर, लाईब्रेरी, खेल एवं संगीत की भी शिक्षा दी जाती है।विद्यालय छात्रावास में बहुत सख्ती से पढ़ाई होती है और घर जैसा खाना मिलता है इसलिए भी यह अभिभावकों की पहली पसंद है। सबसे बड़ी और महत्वपूर्ण बात यह है कि स्कूल की छुट्टी हो जाने के बाद भी बच्चों पर निगरानी रखी जाती है। डायरेक्टर महोदय का मानना है कि शिक्षा व्यवसाय नहीं बल्कि एक प्रकार की सेवा है। इसी सेवा -भाव से वे दिन-रात लगे रहते हैं।शिक्षा दान से बड़ा कोई दान नहीं होता है। विद्यालय के बच्चे जब भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में अपना परचम लहराते हैं तो सबसे अधिक खुशी मिलती है।

हम लोग खाने कमाने वाले लोग हैं हमारे बेटे को माफ कर दीजिए सलमान खान जी

नवप्रदेश प्रतिनिधि कुमार भास्कर बेतिया। जी हां हम बात कर रहे हैं बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता सलमान खान के मुंबई में मुम्बई में स्थित ब्रह्मा गौलक अपार्टमेंट के बाहर 14 अप्रैल को सुबह 5 बजे बाइक पर सवार दो अज्ञात लोगों ने गोली फायरिंग की और चलते बने इस मामले कि जिम्मेवारी पहले ही लारेस विश्नेईनेली ने पहले ही ले रखी है फिर भी मुंबई क्राइम ब्रांच पुलिस इस मामले में गिरफ्तार बिहार के पश्चिम चंपारण जिले के गौनहा विक्की साहब एव सागर पाल के धर पर पहुंच जब परिजनों से पूछताछ अच्छा शुरू की तो सारे क्षेत्र में हड़कंप मच गया वहीं बेतिया पुलिस की हाथ पांव फुलने लगा परिजनों को पुलिस पकड़ कर बेतिया ले आई और एक कमरे में बंद करके गिरफ्तार दोनों युवकों के बारे में जानकारी प्राप्त कि तथा बाद में परिजनों को छोड़ दिया और परिजनों द्वारा दिए गए बयान का रिकॉर्ड कर अपने साथ मुंबई ले गई अब दोनों गिरफ्तार युवकों के परिजनों का कहना है कि उनके पुत्र

निर्दोष है होली में दोनों घर आए थे और होली बात फिर कमाने चले गए वें लोग कमाने खाने वाले व्यक्ति हैं किसी के बहकावे में उनके पुत्र आ गए हैं दोनों लड़के सीधे-साधे हैं इस संबंध में विक्की की मां सुनीता देवी का कहना है कि सलमान खान जी माफ कर दीजिए हमारे बेटे हमारी जीविका चलाने के लिए दुसरे प्रदेश गए हुए थे हम लोग हाथ जोड़कर आपसे माफी मांगते हैं आपका दिल बड़ा है इन्हें माफ कर दीजिए वही सागर के पिता नागेंद्र पाल का कहना है कि उनके बेटे को गुमराह किया गया है वे लोग गांव के दूसरे के मोबाइल पर खबर देखें तब उन्हें जानकारी मिली उनके लड़कों को जिसने भी फसाया है भगवान उसका कभी भाला नहीं करेगा तो सागर की मां रुपा देवी का कहना है कि अगर उनके बेटे ने गुनाह किया है तो किसी के बहकाने पर किया होगा उनका पुत्र सीधा-साधा लड़का है तथा वे लोग किसान वर्ग से आते हैं उनका कमाने खाने का जरिया खेती है किसी तरह उनकी जीविका उपार्जन होता है ऐसी हालत में महाराष्ट्र सरकार और सलमान खान जी से हांथ जोड़कर प्रार्थना करते हैं कि उनके पुत्र को माफ कर दीजिए आप रहम दिल इंसान हैं खैर अब इस मामले में अब कहने सुनने को कुछ नहीं रह गया है अब तो न्यायालय हैं इसका फैसला करेगा जों भी हो इस धटना के कारण आम लोगों में तरह-तरह की चचाएं हो रहे हैं।

धूमधाम से निकाली गई रामनवमी जुलूस

नवप्रदेश प्रतिनिधि सूर्यपुरा। प्रखंड मुख्यालय स्थित पश्चिम मुंहल्ला महावीर चबूतरा से बुधवार को बजरंग बली मंदिर में पंडित शंकर दुबे के पूजा अर्चना के साथ श्रद्धालुओं ने रामनवमी का भव्य जुलूस निकाला।जुलूस में श्रीराम की झंडा और ललाट पर पीला चंदन और हाथ में भगवा ध्वज के साथ श्रद्धालुओं की भीड़ सूर्यपुरा गढ़ से निकली तो पूरा सूर्यपुरा जय श्री राम के जयघोष से गूंजने लगा। रामनवमी के पर्व पर सूर्यपुरा के राम भक्त श्रद्धालुओं के द्वारा निकाली गई रामनवमी पर जुलूस। जय श्रीराम जय श्री राम.. की जयघोष करते हुए पैदल चल रहे थे। जुलूस

के साथ बीडीओ वीणापाणि, सीओ गोल्डी कुमारी, प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष ज्योती कुमारी, अन्य पुलीस पदाधिकारी व पुलिस बल के जवान साथ थे। प्रभु राम के बजते भजन एवं जय श्री राम के नारों के साथ जुलूस जब पूरे सूर्यपुरा प्रखंड कार्यालय,बारुण गांव, बारून ताड़, बंगला चौक, बाबा बंगाल नाथ मंदिर,बलिहार बजार शायर स्थान, प्रपुरानी पोस्ट आफिस गाली बड़ा तलाब के बाद पुनः सूर्यपुरा गढ़ स्थित दुर्गा स्थान पर संपन्न हुआ, इस दौरान पूरा सड़क भगवा ध्वज से भर गया। जगह जगह सामाजिक कार्यकर्ताओ द्वारा मिठाई, पानी, शरबत, ढंडा जल का व्यवस्था किया गया था। जुलुश में मुख्य रूप से शामिल थे प्रखंड प्रमुख पति सुनील गुप्ता ,अनिल चंद्रवंशी ,पारसनाथ सिंह, अभय कुमार सिन्हा, पूर्व पैक्स अध्यक्ष सुनिल कुमार पिंटू, सोनू चौबे, चंदन गुप्ता , राजन कुमार, मंटू गुप्ता ,संजय दत्त, श्रीराम महतो, संतोष खरवार, मनोज वर्मा, सुरेश वर्मा, शक्ति कुमार शोले, धनेश्वर प्रसाद सहित काफी संख्या में श्रद्धालु भक्त भाग लिया।

लोडेड पिस्तौल के साथ दो अपराधीको पुलिस ने किया गिरफ्तार

नवप्रदेश प्रतिनिधि मोतिहारी। बुधवार को दिन हरसिद्धि थाना क्षेत्र के भादा पुल के पास अपराध को अंजाम देने की योजना बना रहे दो लोडेड पिस्तौल के साथ अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया पकड़े गए अपराधी ओलहा पंचायत के उमाकांत दुबे के पुत्र मनजीत कुमार तथा हरिहर मिश्र के पुत्र सागर कुमार के रूप में की गई है छापामारी दल में हरसिद्धि थाना अध्यक्ष नवीन कुमार दरोगा रवि रंजन कुमार सहित अन्य पुलिस कर्मियों की भूमिका सराहनीय रहा।

रामजी की निकली सवारी राम जी लीला है न्यारी,रामनवमी शोभा यात्रा में उमड़े श्रद्धालु

नवप्रदेश प्रतिनिधि डेहरी । मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जन्मोत्सव रामनवमी को लेकर बुधवार की शाम शहर में रामजी की निकली सवारी रामजी की लीला है न्यारी के शहर में गुंजायमान हुए । शहर के विभिन्न अखाड़ा के द्वारा गाजे-बाजे व जय श्रीराम बजरंग बली के जयकारे के साथ राम भक्तों ने शांतिपूर्ण ढंग से हनुमान जी धुन पर

वादन बजाया। डेहरी प्रखंड क्षेत्र के कई गांवों में निकले अखाड़ा जुलूस में भारी संख्या श्रद्धालु उमड़ पड़े। जय श्री राम व जय बजरंगबली के उदघोष से क्षेत्र गुंजायमान होता रहा। बारह पत्थर के ओम शिव शक्ति मंदिर सह अखाड़ा समिति के चौधरी मुहल्ला मड़ई जय भवानी क्लब ,हिदू सेवा दल ने मध्य रात्रि बारह पत्थर चौक पहुचा पहुंचा जहां सभी जगहों से आए हुए अखाड़ा झंडा मिलान कराया गया। शोभायात्रा में भगवान शिव की प्रतिमा, हनुमान व राम मंदिर के मॉडल आकर्षण का केंद्र रहे । आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर सुरक्षा को ले भारी संख्या में केंद्रीय और जिला पुलिस के जवान और चौक चौराहा पर तैनात किए गए वीडिओ पुरुषोत्तम त्रिवेदी व थानाध्यक्ष शिवेंद्र कुमार,सीओ शिब्बू सिंह लगातार विधि व्यवस्था बनाए रखने को ले तैनातथे अचार सहिताके पालन को डीजे नही बजे साम्प्रदायिक सद्भावना का प्रतिक बारह पत्थर चौक शहर का बारह पत्थर चौक सद्भावना का प्रतीक है ।यहां दो अखाड़ा रामनवमी और ताजिये का मिलान यही होता है।

एनडीए प्रत्याशी उपेंद्र कुशवाहा पहुंचे राम कृष्ण आश्रम

नवप्रदेश प्रतिनिधि डेहरी । रा लो मो के राष्ट्रीय अध्यक्ष और काराकाट संसदीय क्षेत्र से एन डी ए प्रत्याशी उपेंद्र कुशवाहा बुधवार को स्थानीय पाली रोड स्थित पौराणिक रामकृष्ण आश्रम पहुंचे और माता दुर्गा से सबके मंगलकामना की प्रार्थना की अपने संसदीय क्षेत्र के नवीनगर विधान सभा में जनसंपर्क अभियान में जाने के क्रम में वे रामकृष्ण आश्रम पहुंचे और मां दुर्गा की पूजन की । आश्रम के अध्यक्ष गोरा दास ने उनका स्वागत किया। श्री कुशवाहा ने कहा कि देश के नव निर्माण , विकास और वैश्विक स्तर पर पीएम नरेंद्र मोदी का कोई जोड़ नहीं है ।उनके चार सौ पार के लक्ष्य को पाने और उसमे हमारी रहे इसकी सफलता को चैत नवरात्र के मौके पर मां दुर्गे से प्रार्थना की उन्होंने कहा कि प्रजातंत्र के मालिक

जनता ने देश को विश्वगुरु बनाने को पुनः नरेंद्र मोदी को पीएम बनाने का निर्णय ले चुकी है । श्री कुशवाहा ने कहा कि क्षेत्र के जो भी विकास के कार्य लंबित है उसे पूरा किया जाएगा। वही गोरा दास ने उपेंद्र कुशवाहा को गैस सिलेंडर छाप पर बटन दबाकर भारी मतो से जिताने की अपील की। मौके पर पार्टी नेता अशोक राम, जिलाध्यक्ष कपिल कुशवाहा, शम्भू राम कार्तिक मजूमदार, डॉ अजय अधिकारी, सुब्रतो चक्रवर्ती ,पूर्व वार्ड पार्षद मोहन सिंह यादव ,सुनील मौर्य, योगेंद्र यादव,सहित कई लोग मौजूद थे।

बथनाहा में रामनवमी पर निकले जुलूस में हजारों राम भक्त हुए शामिल

अररिया। जिले के बथनाहा में रामनवमी के मौके पर हटिया चौक स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर से बुधवार को शोभायात्रा निकाली गई,जिसमे हजारों की संख्या में राम भक्त शामिल हुए।बड़ी संख्या में महिलाओं और पुरुषों ने गेरुवा वस्त्र धारण कर जय श्री राम का उद्घोष करते रहे,जिसके कारण पूरा वातावरण राममय हो गया। शोभायात्रा जुलूस पूरे बथनाहा क्षेत्र का भ्रमण किया और पुनः हनुमान मंदिर आकर समाप्त हुई।जुलूस में शामिल भक्त हाथों में राम ध्वज थामे हुए थे और लगातार आगे बढ़ते हुए जय श्री राम का उद्घोष लगा रहे थे।जुलूस में शामिल भक्तों के गेरुवा वस्त्र धारण करने से गैरवामय बथनाहा हो गया। मौके पर विभिन्न संगठनों और संस्थाओं की ओर से राम भक्तो के लिए स्टॉल लगाकर ठंडा पानी,शरबत,फल आदि का वितरण किया गया।

लोकसभा चुनाव : बिहार में दूसरे चरण की पांच सीटों पर 50 उम्मीदवार, 24 प्रतिशत पर आपराधिक मामले

पटना। बिहार में दूसरे चरण का मतदान 5 लोकसभा सीटों किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया, भागलपुर और बांका पर 26 अप्रैल को होने जा रहा है। इन पांच सीटों पर राजग की तरफ से भाजपा का कोई उम्मीदवार चुनाव नहीं लड़ रहा है। इन पांच सीटों पर 50 उम्मीदवार मैदान में है। इनमें से 12 उम्मीदवार यानी 24 प्रतिशत पर कोई न कोई आपराधिक मामले दर्ज हैं। बिहार इलेक्शन वॉच और एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की एक रिपोर्ट के मुताबिक दूसरे चरण की पांच सीटों पर मैदान में उतरे 50 उम्मीदवारों में से 12 यानी 24 प्रतिशत पर कोई न कोई आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें 9 यानी 18 फीसदी उम्मीदवार ऐसे हैं, जिन पर गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। इसके अलावा कुल उम्मीदवारों में 14 उम्मीदवार (28 प्रतिशत) करोड़पति हैं। दूसरे चरण में उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 2.96 करोड़ रुपये है। दूसरे चरण के लिए उम्मीदवारों की ओर से दाखिल चुनावी हलफनामा के अनुसार जदयू के दो उम्मीदवारों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं, जबकि इसमें एक पर गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। राजद और कांग्रेस के 1-1 उम्मीदवारों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें जदयू के मुजाहिद आलम व दुलालचंद गोस्वामी, राजद की बीमा भारती, कांग्रेस के अजीत शर्मा, एआईएमआईएम के अख्तरुल ईमान के नाम शामिल हैं। सबसे अधिक 41 मामले पूर्णिया के निर्दलीय उम्मीदवार पप्पू यादव पर दर्ज हैं। करोड़पति उम्मीदवारों की पाटीर्वार स्थिति देखें तो जदयू के सभी 5, कांग्रेस के सभी 3 और राजद के दोनों उम्मीदवार करोड़पति हैं। हालांकि, पार्टी के आधार पर उम्मीदवारों की औसत संपत्ति को देखें तो जदयू के सभी 5 उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 3 करोड़ 31 लाख 84 हजार, कांग्रेस की 30 करोड़ 2 लाख 94 हजार और राजद के 2 उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 6 करोड़ 38 लाख 53 हजार रुपये है। सबसे अधिक संपत्ति वाले उम्मीदवार की बात करें तो पहले नंबर पर भागलपुर लोकसभा से कांग्रेस उम्मीदवार अजीत शर्मा हैं, जिन्होंने 54 करोड़ 51 लाख 51 हजार रुपये की संपत्ति की जानकारी सार्वजनिक की है। दूसरे नंबर पर कटिहार से तारिक अनवर की घोषित संपत्ति 19 करोड़ 60 लाख 57 हजार तथा तीसरे नंबर पर किशनगंज के मोहम्मद जावेद की संपत्ति 15 करोड़ 96 लाख 75 हजार रुपये है। सबसे कम संपत्ति वाले तीन उम्मीदवारों में कटिहार से पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया के मरंग हंसदा हैं।

एक नजर

दो गोला चैता गायन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

नवप्रदेश प्रतिनिधि बिक्रमगंज। प्रखंड के नोनहर गांव के मां काली मंदिर प्रांगण में मंगलवार की शाम दो गोला चैता गायन प्रतियोगिता का किया गया आयोजन। आजाद कला मंदिर नोनहर के तत्वाधान में संविधान निर्माता डाक्टर भीमराव अंबेडकर के जन्मोत्सव पर मंगलवार की शाम दो गोला चैता गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन काराकाट विधायक अरुण कुमार सिंह, राजद के प्रदेश महासचिव श्रीनिवास सिंह, रामचन्द्र नट, नंदजी सिंह, पूर्व जिला पार्षद मनोज सिंह, मुखिया मनोज राम, पूर्व मुखिया जवाहर सिंह, मुखिया प्रतिनिधि मिक्की राज मेहता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। आयोजक मंडल ने सभी कलाकारों और अतिथियों को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। दो गोला चैता गायन प्रतियोगिता बक्सर और रोहतास के टीम के बीच हुआ। बक्सर टीम की ओर से व्यास के रूप में अंसारी गाँव अमरेश भारती थे। जबकि रोहतास टीम की ओर से दिनारा प्रखंड के गौरा निवासी व्यास नारद मुनि पासवान थे। दोनों व्यासों ने एक से बढ़कर एक चैता गीत प्रस्तुत कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अरविंद पासवान, मुन्ना पासी, डब्लू पासवान, हिरदया पासवान, प्रेमचंद पासवान, सुरेन्द्र पासवान, अनिल पासवान सहित कमिटी अन्य लोगों का योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन संजय सिंह कर्मयोगी ने किया। मौके पर मंटू राय, सुशील भारती, उमेश कुमार सिंह, जितेन्द्र पासवान, रामाधार पासवान, सुरेश पासवान, रासबिहारी पासवान, मुन्ना पासवान, राहुल सिंह, उमाशंकर साह, जयप्रकाश सिंह सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

प्रसिद्ध कविवर गोपाल सिंह 'नेपाली' की पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

नवप्रदेश प्रतिनिधि बेतिया। राजा बैठे सिंहासन पर, यह ताजों पर आसीन कलम, मेरा धन है स्वाधीन कलम। ओ राही दिल्ली जाना तो कहना अपनी सरकार से, चरखा चलता है हाथों से, शासन चलता तरवार से। अफसोस नहीं हमको जीवन में कुछ कर न सके झोलियां किसी की भर न सके, संताप किसी का हर न सके, अपने प्रति सच्चा रहने का जीवनभर हमने यत्न किया, देखा-देखी हम जी न सके, देखा-देखी हम मर न सके। जैसी कालजयी रचनाओं के प्रणेता व गीतों के राजकुमार के रूप में प्रसिद्ध कविवर गोपाल सिंह 'नेपाली' की पुण्यतिथि के अवसर पर जिला पश्चिमी चम्पारण बेतिया शिव मंदिर सागर पोखरा, नेपाली पथ स्थित उनके स्मारक की साफ-सफाई के बाद स्थानीय साहित्यकारों में पुष्पार्पण एवं माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। वरीय साहित्यकार डॉ. परमेश्वर भक्त एवं डॉ. गोरख प्रसाद 'मस्ताना' ने कहा कि हिंदी साहित्य में कवि गोपाल सिंह नेपाली ने देश-प्रेम, प्रकृति-प्रेम तथा मानवीय भावनाओं का अपनी कविताओं में सुंदर वर्णन किया है। सफल संपादक होने के साथ वह सफल गीतकार भी थे। मंचों में इनकी काव्य प्रतिभा लोगों को आकर्षित करती थी। फिल्मी दुनिया मे साठ फिल्मों मे लगभग चार सौ गाने लिखें और लोगों को मनमोह लिए। इस मौके पर सुरेश गुप्त, अरुण गोपाल, अनिल अनल, डॉ. दिवाकर राय, जय किशोर जय, डॉ. जगमोहन कुमार, डॉ. चन्द्रभान राम, डॉ. राजेश कुमार 'चंदेल', आभास झा, श्याम कुमार, पाण्डेय धर्मेन्द्र शर्मा ने नेपाली को कालजयी रचनाकार बताया। इस स्मारक की साफ-सफाई स्थानीय निगम पार्षद राज कुमार एवं उनकी टीम द्वारा कराया गया। इस अवसर पर लालबाबू शर्मा, ब्रजराज श्रीवास्तव, राजेश कुमार, बीरबल मौर्या, दीपू शर्मा, मधुरेन्द्र चौबे, निगम पार्षद सोनेलाल गुप्ता, अमर यादव, सफाईकर्मी राजू कुमार, दिनेश राउत, दिनेश राम, जैकी कुमार, अरुण कुमार, रमेश कुमार, अंकुश कुमार आदि उपस्थित थे।

रामनवमी जुलूस में शामिल हुए केंद्रीय मंत्री आर के सिंह एवं आरा सदर विधायक

नवप्रदेश प्रतिनिधि आरा। रामनवमी के मौके पर भव्य एवं विशाल आरा शहर में भगवान राम की शोभायात्रा निकाली गई संत देवरहा शिवनाथ दास जी महाराज की अध्यक्षता एवं देखरेख में आयोजित इस शोभायात्रा में लाखों लोग शामिल हुए 5 से 6 किलोमीटर लंबी इस शोभायात्रा में एक से बढ़कर एक झांकी निकल गई थी जिसको धूप में भी लोग खड़े होकर देखने को मजबूर दिखे वही झारखंड के रामगढ़ से आए हुए बैंड बाजा की टीम ने ऐसी प्रस्तुति दी की लोग देखते ही रह गए वही इस जुलूस में केंद्रीय मंत्री एवं आरा के वर्तमान सांसद आरके सिंह हर सदर के भाजपा विधायक अमरेंद्र प्रताप सिंह स्वामी अखंडानंद जी महाराज महासचिव शंभू चौरसिया नवीन प्रकाश आदित्य विजय जैन गुड्डू सिंह बबुआन यशवंत नारायण रोहित बजरंगी परमजीत सिंह मनीष सिंह समेत हजारों की संख्या में लोग शामिल थे।

रामनवमी के अवसर पर निकला भव्य शोभा यात्रा जूलूस

नवप्रदेश प्रतिनिधि अगिआंव। रामनवमी के अवसर पर नारायणपुर गांव में युवा पूजा मंडलियों के सदस्यों द्वारा भव्य जुलूस यात्रा निकाला गया। युवाओं द्वारा जुलूस यात्रा के दौरान सिता राम लक्ष्मण हनुमान की झांकी के साथ-साथ जुलूस निकाला गया । नारायणपुर के युवाओं ने एक ही नारा एक ही नाम जय श्रीराम जय श्रीराम के जयघोष के साथ जूलूस बाजार चौक होते हुए देवस्थान व गांव के मुख्य मार्ग से निकाला। इस दौरान जय श्री राम के जयघोष से माहौल भक्तिमय हो गया। इस दौरान जूलूस में सैकड़ों युवा वर्ग शामिल थे।

पिता ने अपने 5 वर्षीय पुत्री के साथ किया मुंह काला

नवप्रदेश प्रतिनिधि बेतिया। पश्चिम चंपारण जिले में एक पिता ने पितृ धर्म को कलंकित कर देने वाला कारनामा किया जिसकी जितनी भी बुराई कि जाये वह कम हि पड़ेगा यानी कहा जाये तो इस धोर कलयुगा में पाप का घड़ा इतना न भर गया है कि कोई अपने खून के रिश्ते को भी नहीं पहचान पा रहा है या कहे तो हवस के पुजारीयो का हवस इतना ना बढ गया है कि अब पुत्री को अपने ही पिता से बच के रहना पड़ेगा जब अपने ही इस प्रकार की हरकत करेंगे दूसरे की बात करना गलत ही होगा ऐसा ही मामला लौरिया थाना क्षेत्र के एक गांव की है जहां अपने कमरे में सोई 5 वर्ष कि अपने पुत्री के साथ मानवता को कलंकित कर देने वाले पिता ने मुंह काला किया जब लड़की ने पिता द्वारा किए गए इस हरकत की जानकारी अपनी मां को रोते हुए बताई तो मां ने पति धर्म को त्याग कर मां धर्म का फर्ज निभाते हुए अधर्मी पिता को जमकर धुनाई की और अपने भाइयों के सहयोग से स्थानीय थाने में एक लिखित शिकायत दर्ज कराई फिर क्या पुलिस ने प्राथमिक की दर्ज करते हुए कलंकित पिता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया इस संबंध में ग्रामीणों का कहना है कलंकित पिता जम्मू कश्मीर में बढ ई का काम करता था तथा वह बराबर गांजा का नशा करता था नशे की हालत में उसने इस प्रकार मानवता को कलंकित कर देने वाला कार्य को अंजाम दिया खैर जितनी मुंह उतनी ही तरह-तरह कि बात लोगों के द्वारा कहीं जा रही थी इस संबंध में थाना अध्यक्ष संतोष कुमार शर्मा ने बताया कि पीड़िता के मां के आवेदन पर आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया गया है और पीड़ित लड़की का 164 का बयान दर्ज कर मेडिकल जांच के लिए बेतिया जीएमसीएच भेज दिया गया है।

डेहरी में निकाली गई भव्य शोभायात्रा

नवप्रदेश प्रतिनिधि डेहरी । राम नवमी पर डेहरी निकाली गई भव्य शोभा यात्रा डेहरी शहर में रामनवमी के मौके पर हिंदू सेवा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व विधायक प्रदीप कुमार जोशी, रश्मी जोशी, ओम शिव शक्ति मंदिर बारह पत्थर के अध्यक्ष राजेश गुप्ता, स्टेशन रोड से अमित पटेल चौधरी मुहल्ला से राजेश चौधरी के द्वारा शोभा यात्रा मे श्री राम जानकी हनुमान भगवान शंकर सहित तरह कई झांकियां निकाली गई।

संपादकीय

कहां हैं वसुंधरा राजे

राजस्थान में पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को होने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह समेत कई केंद्रीय नेता प्रचार के लिए राजस्थान के कई चक्कर काट चुके हैं। प्रदेश के सीएम भजनलाल शर्मा और दोनों उप मुख्यमंत्री भी सभी सीटों पर प्रचार के लिए पूरा जोर लगाए हुए हैं, लेकिन प्रचार के शोर से राजस्थान का एक प्रमुख चेहरा गायब है। वह चेहरा कोई और नहीं प्रदेश की राजनीति की 25 सालों तक नुमाइंदगी करने वालीं वसुंधरा राजे का है। पिछले साल प्रदेश में हुए विधानसभा चुनाव में राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने जैसी सक्रियता दिखाई थी, वैसी लोकसभा चुनाव प्रचार में अभी तक नहीं देखने को मिल रही है। राजनीतिक गलियारों में चर्चा तेज है कि आखिरी पूर्व वसुंधरा राजे कहां हैं? इसके पीछे कई कारण बताए जा रहे हैं। कुछ जानकार इसे वसुंधरा की नाराजगी भी बता रहे हैं। दरअसल, राजस्थान की पूर्व सीएम वसुंधरा राजे का नाम प्रदेश के स्टार प्रचारकों में भी शामिल है, लेकिन झालावाड़ सीट को छोड़कर प्रदेश में कहीं भी प्रचार करते नजर नहीं आ रही हैं। इस सीट से राजे के पुत्र दुष्यंत सिंह चुनावी मैदान में हैं। प्रधानमंत्री मोदी अब तक प्रदेश में पांच चुनावी सभाएं और एक रोड शो कर चुके हैं। लेकिन राजे पीएम के किसी भी चुनावी कार्यक्रम में नजर नहीं आयी हैं। हालांकि भाजपा के स्थापना दिवस छह अप्रैल को राजे दिल्ली के केंद्रीय कार्यालय में मौजूद थीं। इस दौरान उन्होंने भाजपा के दिग्गज नेताओं के साथ मुलाकात भी की थी, लेकिन प्रदेश के पहले चरण का प्रचार थमने के बाद प्रदेश के राजनीतिक गलियारों में यह सवाल गूंज रहा है कि आखिरी राजे प्रचार से क्यों दूर हैं? राजस्थान में जब 2023 में विधानसभा चुनाव हो रहे थे। तब शुरुआती दौर में राजे और केंद्रीय नेतृत्व के बीच कुछ ठीक नहीं था, लेकिन बाद में राजे की नाराजगी को दूर करने के लिए उनकी सलाह को तवज्जो दी गई। इसके बाद राजे ने विधानसभा चुनाव में जमकर प्रचार किया था। वे पीएम मोदी के साथ कई बार मंच पर नजर भी आई थीं। प्रदेश में भाजपा को बहुमत मिलने के बाद पहली बार के विधायक भजनलाल शर्मा को प्रदेश का सीएम बना दिया गया। इसके बाद से ही राजे पार्टी से अंदरखाने नाखुश चल रही हैं। हालांकि खुलकर उन्होंने कभी इस मुद्दे पर अपनी नाराजगी भी जाहिर नहीं की। वे प्रदेश भाजपा के कई कार्यक्रमों और बैठकों से गैरहाजिर रहीं। लोकसभा टिकट वितरण के समय वो फिर कुछ दिनों से एक्टिव हुईं, लेकिन टिकट बंटवारे के बाद फिर शांत हो गयीं। बीते दिनों झालावाड़ में हुई जेपी नड्डा की रैली के अलावा राजे की उपस्थिति अन्य किसी बड़े मंच पर नहीं दिखी थीं। हालांकि इस बीच दिल्ली में भाजपा मेनिफेस्टो कमेटी की बैठक में वसुंधरा शामिल हुईं थीं। पूर्व सीएम राजे के पास फिलहाल सरकार में कोई पद नहीं है। वह एक सामान्य विधायक हैं। लोकसभा चुनाव में भी राजे के प्रचार प्रसार का कार्यक्रम पार्टी की ओर से जारी नहीं किया जा रहा है, जबकि अन्य नेताओं के कार्यक्रम पार्टी की ओर से जारी किए जा रहे हैं। राजे इन कारणों से अभी चर्चा में हैं।

सामयिकी

घर में बात कैसे हो

सौरभ श्रीवास्तव

कई दिनों बाद एक पुराने दोस्त का फोन आया। हाल-चाल लेने-देने की औपचारिकता के बाद बोला-यार, जीवन सही नहीं चल रहा। बात करना चाहता हूं। मैंने कहा- घर आ जाओ, साथ चाय पीते हैं। बोला- नहीं घर पर बात नहीं हो पाएगी। मैं खुलकर बोल नहीं पाऊंगा। तो पास के कैफे में बैठ लेते हैं। कॉफी पी जाएगी, मैंने प्रस्ताव दिया। बात तय हो गई। हम कैफे में मिले। ढेर सारी बातें कीं। शायद उसकी समस्या कुछ सुलझी हो। कम से कम उसने अपनी बात तो कह ही दी। दो कप कॉफी और सैंडविच का बिल करीब 600 रुपये आया। बिल देने के बाद मेरा मिडल क्लास माइंड सक्रिय हो गया। ये बातें तो घर में भी हो सकती थीं। चाय-कॉफी और नाश्ते पर, लेकिन नहीं हुईं, क्यों? दोस्त के साथ कैफे में कॉफी पीने के दौरान देखा, कुछ जोड़े खिलखिला रहे हैं। एक-दूसरे से गाल सटाकर सेल्फी ले रहे हैं। एक लड़का लैपटॉप पर काम कर रहा है। खिड़की से सटकर बैठी एक लड़की उपन्यास पढ़ रही है। मन में सवाल आया कि क्या इन लोगों के घर में जगह नहीं है? जो इतने पैसे खर्च करके वे काम कर रहे हैं, जो आसानी से घर के भीतर भी किए जा सकते हैं। क्या सच में किए जा सकते हैं? या हमारे घर इस लायक नहीं रहे कि वहां किसी दोस्त से खुलकर बात की जा सके? असल में सारा खेल छवियों का है। अपने घर में मैं एक बेटा हूं, एक पति हूं और एक पिता भी। बेटा, पिता और पति के अलग-अलग किरदारों की छवियों से बंधा हुआ हूं। इन छवियों से बंधा हुआ मैं अपने दोस्त से खुलकर यह नहीं कह सकता कि अगर पत्नी से नहीं बन रही है तो तलाक ले लो क्योंकि मुझे घर में इस बात का लगातार अहसास बना रहता है, आप पत्नी (अपनी) की नजर में हैं, आप पिता की नजर में हैं, आप बेटे की नजर में हैं। इस चिंतन में डूबा ही था कि कहीं से एक गाना गूंजने लगा- जिस तरह से देखती हैं तेरी नजरें मुझे मैं खुद को छुपाऊं कहांङ्कजादू है, नशा है। मामला थोड़ा कॉमिकल हो रहा है, पर निहितार्थ गंभीर हैं। हमारा घर, कॉलोनी, सोसायटी, दफ्तर या पारिवारिक जलसे छवियों के कारखाने हैं। हमारा परिवार, रिश्तेदार हमें खास नजर से देखते हैं और हमें उसी नजरिये के हिसाब से व्यवहार करना होता है। ऐसा न करने पर हमें तमाम सवालों और आलोचनाओं का सामना करना होता है। यह बात बाजार बखूबी जानता है, इसलिए उसने ऐसी जगहें बनाई हैं, जहां आप कुछ देर के लिए ही सही, छवियों से मुक्त हो सकते हैं और आपका वह दोस्त भी, जो आपसे खास बात करना चाहता है। खाने-पीने का सामान भी उपलब्ध है। एसी चल रहा है। बढ़िया माहौल है। इस बदले आपको 50 रुपये की कॉफी के 150 रुपये चुकाने होंगे, लेकिन छवियों से मुक्त स्पेस की भी तो कीमत है? बिल्कुल है।

भाजपा की झोली कितनी भरेगी पूर्वोत्तर से

आरके सिन्हा

मणिपुर में जातीय हिंसा पर विपक्ष मोदी सरकार की काफी आलोचना कर रहा है। जबकि केंद्र सरकार हिंसा के लिए जिम्मेदार लोगों पर कड़ी कार्रवाई कर रही है। जब वहां संघर्ष चरम पर था, तब खुद गृहमंत्री अमित शाह वहां गए थे। तनाव को खत्म करने के लिए उन्होंने विभिन्न स्टेकहोल्डर्स के साथ तमाम बैठकें कीं। यह उम्मीद भी मोदी और अमित शाह से ही है कि मणिपुर में स्थाई शांति लाने में कामयाब होंगे।

जिस पूर्वोत्तर भारत में सूरज की किरणें सबसे पहले पहुंचती हैं, वहां की जनता तैयार है, एकबार फिर लोकसभा चुनाव में अपना फैसला सुनाने के लिए। बेशक, भारतीय जनता पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव में 370 सीटें जीतने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रही है, तो 25 सीटें पूर्वांचल प्रदेशों की भी उसमें शामिल हैं। पूर्वोत्तर राज्यों में आगामी 19 अप्रैल, 26 अप्रैल और 7 मई को लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होना है। अगर बात पिछले यानी 2019 के लोकसभा चुनाव की करें तो पूर्वोत्तर में भारतीय जनता पार्टी ने जो झंडे गाड़े थे, उसे इस बार भी थामे रखने का पूरा भरोसा है। इस भरोसे के पीछे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यह विश्वास है कि उन्होंने जिस तरह से पूर्वोत्तर की विकास की योजनाएं सिरे चढ़ाई हैं, उसके बाद वहां की जनता उनकी पार्टी और सरकार को कभी नहीं भूलेगी। इसमें एक पक्ष यह भी है कि प्रधानमंत्री मोदी की तरह ही गृहमंत्री अमित शाह ने भी पूरे पूर्वोत्तर भारत में विभिन्न शांति समझौते के तहत एक स्थायी शांति का माहौल बनाया है। चुस्त आंतरिक सुरक्षा के कारण ही पूर्वोत्तर के पूरे इलाके में कोई बड़ी हिंसक वारदात सुनाई नहीं पड़ रही है। हां मणिपुर इसका एक अपवाद अवश्य है और वहां भी गृह मंत्रालय ठोस समाधान की तरफ बढ़ रहा है।

पूर्वोत्तर की सेवन सिस्टर्स या सात बहनें कही जाने वाली राज्य इकाइयों समेत क्षेत्र के सभी आठ राज्यों को मिलाकर कुल 25 लोकसभा की सीटें हैं। असम में सबसे ज्यादा लोकसभा की 14 सीटें हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में एनडीए को 25 में से 21सीटें मिलीं थीं। भाजपा अबकी बार पिछला आंकड़ा पार करना चाहती है। अभी तक इंडी गठबंधन ने ऐसा कोई संकेत नहीं दिया है कि उनका कोई बहुत बड़ा स्टेक पूर्वोत्तर के राज्यों में लगा है। ममता बनर्जी की टीएमसी और शरद पवार की एनसीपी पिछले चुनाव में यहां कुछ करने की एक अलग कोशिश की भी थी, लेकिन इस बार वह कोशिश भी कहीं दिखाई नहीं दे रही है। उसका सबसे बड़ा कारण यह है कि शरद पवार खुद अपनी पार्टी और अपनी वजूद के लिए अपने भतीजे से लड़ रहे हैं तो ममता बनर्जी अपने घर में ही भ्रष्टाचार और सांप्रदायिक उपद्रवियों को बचाने के कारण घिरी हुई हैं। पूर्वोत्तर में भाजपा पर विश्वास की वजह पिछले दस साल में प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की सक्रिय रूप से विकास पर फोकस और शांति स्थापना की कोशिश है। इसके अतिरिक्त पूर्वांचल प्रदेशों के प्रभारी और सह प्रभारी डॉ. संबित पात्रा और राष्ट्रीय सचिव ऋतुराज सिन्हा के लगातार प्रवासों और दिन-प्रतिदिन की मॉनिटरिंग ने पूर्वोत्तर राज्यों में भाजपा के संगठन को मजबूत ही किया है।

मणिपुर में हालांकि केवल दो लोकसभा की सीटें है, लेकिन मोदी सरकार के लिए वहां के जनजातीय संघर्ष को खत्म करना बहुत जरूरी है, क्योंकि मणिपुर हिंसा इस समय एक राष्ट्रीय मुद्दा बना हुआ है, जो एकतरह से पिछली कांग्रेसी सरकारों की देन ही मानी जाती है। पुरानी समस्या के किसी सर्वमान्य निर्णय की लगातार कोशिश गृहमंत्री अमित शाह कर भी रहें हैं। हाल ही में एक ऐतिहासिक घटनाक्रम में भारत सरकार और मणिपुर सरकार ने मणिपुर के सबसे पुराने सशस्त्र समूह यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (यूएनएलएफ) के साथ एक शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता सामान्य रूप से उत्तर पूर्व और विशेष रूप से मणिपुर में शांति के एक नए युग की संभावना को जन्म देता है। पहली बार है कि घाटी स्थित एक मणिपुरी सशस्त्र समूह हिंसा छोड़कर मुख्यधारा में लौटने और भारत के संविधान और देश के कानूनों का सम्मान करने पर सहमत हुआ है। यह समझौता न केवल यूएनएलएफ और सुरक्षा बलों के बीच शत्रुता को समाप्त करेगा, जिसने पिछली आधी शताब्दी से अधिक समय से हजारों लोगों की जानें लीं, बल्कि समुदाय की दीर्घकालिक चिंताओं को दूर करने का अवसर भी प्रदान करेगा। यूएनएलएफ 1964 से ही सक्रिय था और यह भारतीय क्षेत्र के भीतर और बाहर दोनों जगह अपना ऑपरेशन चला रहा था।

पूर्वोत्तर में स्थायी शांति के लिए प्रधानमंत्री मोदी अपने पहले कार्यकाल से ही तत्पर और सक्रिय हैं। गृहमंत्री अमित शाह कहते हैं कि पूर्व की कांग्रेस सरकारों की नीतियां समस्याओं से ध्यान भटकाने और सत्ता का आनंद लेने की रही थी। जिसके कारण क्षेत्र में हजारों लोगों की मौत हुई। मोदी सरकार ने न केवल इन समस्याओं के स्थायी निदान के लिए पहल की, बल्कि उग्रवादी गुटों को भी हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए ईमानदारी से कोशिश की। असम में पिछले 40 साल में पहली बार सशस्त्र उग्रवादी संगठन उल्फा ने भारत और असम सरकार के साथ त्रिपक्षीय शांति समझौते पर कायम है। मोदी सरकार के 10 साल के कार्यकाल में पूर्वोत्तर में हिंसा के काले दौर को समाप्त करने की एक ईमानदार कोशिश हुई।

मोदी सरकार के आने के बाद असम का सबसे पुराना उग्रवादी संगठन उल्फा हिंसा छोड़ने, संगठन को भंग करने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में शामिल होने पर पूर्णतः सहमत हुआ। अमित शाह कहते रहे हैं कि उग्रवादी बहकाये हुए अपने ही लोग हैं। इन्हें अगर रोजगार के अवसर और सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए तथा नए भारत की तस्वीर दिखाई जाए तो यह हिंसा का रास्ता छोड़ देंगे और मुख्यधारा में शामिल होने के लिए आगे आएंगे। उल्फा के कैडरों का आत्मसमर्पण इसी विश्वास का परिणाम है। शाह की नीतियों की यह सफलता ही है कि पूरे नॉर्थ ईस्ट में 9000 से ज्यादा उग्रवाद पर चल रहे कैडरों ने समर्पण किया है।

पूर्वोत्तर के राज्यों में लोगों की समस्याओं का तुरंत निदान नहीं हो पाने की बड़ी वजह संचार की सुविधा की कमी रही। मोदी सरकार ने इस पर एक बहुत बड़ी पहल की। उन्होंने पूरे देश के साथ पूर्वोत्तर क्षेत्र के सुदूर कोनों को भी 5जी कनेक्टिविटी से जोड़ना शुरू किया। मोबाइल कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए सैकड़ों टावर गांवों में लगाए गए। पूर्वोत्तर की स्ट्रेटेजिक लोकेशन को देखते हुए मोदी सरकार इस क्षेत्र को आर्थिक संबंधों के लिए पूरब के द्वार के रूप में विकसित कर रही है। भारत के विकास में यहां के लोगों की आकांक्षाएं भी जोड़ रही है। इस समय पूर्वोत्तर में इंफ्रास्ट्रक्चर कनेक्टिविटी में जबरदस्त काम हो रहा है। पिछले 10 वर्षों में, पूर्वोत्तर में कई चीजें पहली बार हुई हैं। पूर्वोत्तर के कई हिस्से पहली बार रेल सेवा से जुड़ रहे हैं। आजादी के 75 साल के बाद मेघालय भारत के रेल नेटवर्क पर आया। नागालैंड को 100 साल बाद अब अपना दूसरा रेलवे स्टेशन मिला। पहली मालगाड़ी मणिपुर के रेलवे स्टेशन पहुंची। सिक्किम को पहला हवाई अड्डा मिला।

मणिपुर में जातीय हिंसा पर विपक्ष मोदी सरकार की काफी आलोचना कर रहा है। जबकि केंद्र सरकार हिंसा के लिए जिम्मेदार लोगों पर कड़ी कार्रवाई कर रही है। जब वहां संघर्ष चरम पर था, तब खुद गृहमंत्री अमित शाह वहां गए थे। तनाव को खत्म करने के लिए उन्होंने विभिन्न स्टेकहोल्डर्स के साथ तमाम बैठकें कीं। यह उम्मीद भी मोदी और अमित शाह से ही है कि मणिपुर में स्थाई शांति लाने में कामयाब होंगे। मोदी सरकार ने पूर्वोत्तर के लोगों के दरवाजे तक गवर्नेंस पहुंचाने का प्रण लिया है। उन्होंने इस धारणा को बदल दिया है कि पूर्वोत्तर बहुत दूर है। मोदी और अमित शाह की जोड़ी ने पूर्वोत्तर को दिल्ली से दिल से बेहद करीब लेकर आई है। यहाँ निवेश पहले से चार गुना अधिक हो रहा है। हाल ही में अरुणाचल में 13,000 फीट की ऊंचाई पर बनाई गई सेला टनल का प्रधानमंत्री मोदी ने उद्घाटन किया और चीन को अपना इरादा बता दिया। देश की पहली स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी मणिपुर में स्थापित की गई है। 8 राज्यों में 200 से अधिक खेलो इंडिया सेंटर बनाए जा रहे हैं। कुल मिलाकर लग यही रहा है कि पूर्वोत्तर भारत भाजपा को आगामी चुनाव में दिल खोलकर समर्थन देगा।

(लेखक, वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)

आपकी चुप्पी भी किसी को चोट पहुंचा सकती है

प्रसून जोशी

अस्तित्व की प्रकृति और हमारे द्वारा बनाई गई दुनिया लगातार नई चुनौतियां प्रस्तुत करती रहेंगी। विचारों की बढ़ती हुई उथली आक्रामकता को समझने और उससे निपटने के तरीकों को खोजने की आवश्यकता होगी। तभी हम समाधान खोज पाएंगे और एक अधिक शांतिपूर्ण और सद्भावपूर्ण जीवन का निर्माण कर पाएंगे।

ऐसा नहीं कि पहले इन विषयों पर हमारी संस्कृति ने विचार नहीं किया। जैन दर्शन ने इस तर्क की हिंसा पर गहराई से सोचा है। असल में, अनेकांतवाद का सिद्धांत वास्तविकता की प्रकृति की समझ में एकतरफा कथनों को अस्वीकार करता है।

विचारों का सम्मान

अनेकांतवाद के अनुसार, संसार की हर वस्तु विरुद्ध प्रतीत होने वाले अनंत कर्मों का अलग-अलग आशय है। वस्तु के संबंध में विभिन्न मान्यताएं हो सकती हैं। उनमें से किसी एक को यथार्थ मानना और अन्य को सच न मानना ठीक नहीं होगा। अनेकांतवाद विरोधी विचारों के समूहों के अस्तित्व को स्वीकार करता है। जैन दर्शन का और एक शब्द स्यात बहुलता या सापेक्षता को दशार्ता है। यह हमें अन्य विचारों का सम्मान करने और सत्य की खोज को धैर्य और सहिष्णुता के साथ अपनाने के लिए प्रोत्साहित करता है।

वर्चुअल वर्ल्ड और हिंसा

वर्चुअल संसार और आभासी दुनिया में यह हिंसा अक्सर दिखाई देती है। इस दुनिया में शारीरिक मौजूदगी नहीं होती। इसलिए यहां एक ऐसा छद्म संसार होता है, जहां बिना समुचित विचार किए कई सतही तर्क लोगों को आक्रामक बना देते हैं। यही नहीं, कई बार उन्हें विचारों में हिंसा करने के लिए प्रोत्साहित भी करते हैं।

अलग तरह की हिंसा

हमारा शरीर शारीरिक हमले के खतरे को पहचानता है और उसके अनुसार प्रतिक्रिया करता है। आभासी/वर्चुअल बातचीत की दुनिया नई है और शारीरिक दूरी इस दुनिया में अधिक स्वतंत्र रूप से वैचारिक हिंसा का उपयोग करने की सहमति सी देती दिखाई देती है। संसार में ये विचार कभी-कभी दुखद शारीरिक परिणामों में भी प्रकट होते हुए दिखते हैं। हिंसक विचारों और अभिव्यक्तियों के कारण लोग कई बार और भी गहराई तक आहत होते हैं। सोशल मीडिया के क्षेत्र में ऐसे उदाहरण हैं, जहां शाब्दिक हिंसा से कुछ लोग पूरी तरह से टूट गए।

आक्रामक मौन

विडंबना यह है कि चुप रहकर भी हिंसा हो सकती है। जब कोई प्रतिक्रिया का इंतजार कर रहा हो और प्रतीक्षा की चिंता का फायदा उठाते हुए दूसरा व्यक्ति कठोरता से चुप्पी साध ले तो यह चुप्पी दूसरे व्यक्ति को आहत करने में सक्षम है। यानी आक्रमण केवल क्रिया के बारे में नहीं है। यह निष्क्रियता भी हो सकती है, जो गहरी चोट पहुंचा सकती है। किसी को व्यग्र देख कर जानते हुए भी उसके प्रश्न का उत्तर ना देना, प्रश्न करने वाले को लेकर तटस्थ हो जाना, ये सब असंवेदनशीलता है। निर्विकार की खोजः लेकिन, इस आक्रामकता और आक्रामक विचारों की गहराई में क्या है, यह जानना होगा। हमें परतें हटाकर मूल में जाना होगा। इस गोताखोरी में सबसे पहले हमें भावनाएं मिलेंगी,अहंकार मिलेगा, लेकिन आगे यह गहराई हमें उस स्थान तक ले जाएगी, जहां इरादा पैदा होता है, जहां वृत्ति का उद्गम स्थल है। लेकिन, इससे भी गहरे उतरना होता है उस निर्विकार तक पहुंचने के लिए, जहां तर्क शांत हो जाते हैं और सत्य अस्तित्व में उतर जाता है।

समाधान की खोज

भौतिक से परे एक शाश्वत सत्य है। इस सत्य की खोज हमें दिशा दे सकती है। मानव जीवन रूप एक उपकरण है, एक माध्यम है। केन उपनिषद में इस वास्तविकता की खोज की गई है। दृष्टि के पीछे देखता कौन है? श्रवण के पीछे सुनता कौन है? वाणी के पीछे बोलता कौन है? जब स्थूल जगत से आगे जाकर हम सत्य को खोजते हैं, जब हम इस प्रकार के प्रश्न करते हैं, तब ही जीवन को दिशा मिलती है।

वास्तविकता की पहचान

हमें वास्तविकता की खोज स्वयं से, अपनी गहराई से जुड़कर जारी रखनी चाहिए। हमारा अहंकार, हमारा अहं तब तक फूलता-फलता रहेगा, जब तक हम अपने वास्तविक स्वरूप के संपर्क में नहीं आ जाते। जब सत्य की खोज एक सामूहिक प्रयास बन जाएगी, तब हमें किसी विवाद या बहस की आवश्यकता नहीं रह जाएगी।

तर्क का उद्देश्य

स्वयं से सच्चा साक्षात्कार और शाश्वत सत्य से सम्मिलन ही किसी भी तरह के तर्क का उद्देश्य होना चाहिए, किसी को मिटा देना या ध्वस्त कर देना नहीं। एकम् सत् विप्रा बहुधा वदन्ति में यही आग्रह है। हमें सतत विचार करते रहना है, पर विचारों के दीपक सिर्फ इसलिए जलाने हैं कि भ्रम का अंधकार मिट सके। विद्या की ओर बढ़ना है, बुद्धि विलास और अविद्या की ओर नहीं।

चुनौतियों का सामना

अस्तित्व की प्रकृति और हमारे द्वारा बनाई गई दुनिया लगातार नई चुनौतियां प्रस्तुत करती रहेंगी। विचारों की बढ़ती हुई उथली आक्रामकता को समझने और उससे निपटने के तरीकों को खोजने की आवश्यकता होगी। तभी हम समाधान खोज पाएंगे और एक अधिक शांतिपूर्ण और सद्भावपूर्ण जीवन का निर्माण कर पाएंगे।

देश में समरसता का माहौल

बृजनंदन राजू

रामराज्य में सभी नागरिक आत्म अनुशासित थे, वह शास्त्रों व वेदों के नियमों का पालन करते थे, जिनसे वह निरोग, भय, शोक और रोग से मुक्त होते थे। सभी नागरिक दोष और विकारों से मुक्त थे यानी वह काम, क्रोध, मद से दूर थे। सुखद यह है कि देश में श्रीराम का मंदिर बनने के बाद अब फिर से रामराज्य की अवधारणा पर काम हो रहा है।

भारत की संस्कृति राममय है। राम राष्ट्रनायक हैं। भारत के जीवन दर्शन में सर्वत्र राम समाये हुए हैं। भारत की आस्था, भारत का मन, भारत का विचार, भारत का दर्शन, भारत का चिंतन, भारत का विधान राम से है। भारत का प्रताप, प्रभाव व प्रवाह भी राम हैं। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से राम की सर्वव्यापकता के दर्शन हुए। भारत के नगर, ग्राम, गिरी और कंदराओं से लेकर दुनिया के 125 देशों में रहने वाले हिन्दुओं ने उत्सव मनाया। युवाओं के लिए मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम से बढ़कर कोई आदर्श नहीं हो सकता। राम ने अपने जीवन का स्वर्णिम समय 'तरुणाई' को राष्ट्र के काम में लगाया। राम का सारा जीवन प्रेरणा से भरा है। राम की राजमहल से जंगल तक की यात्रा को देखें तो कठिनतम परिस्थितियों में भी वह अविचल रहे। उन्होंने समाज में सब प्रकार का आदर्श स्थापित किया। आदर्श भाई,आदर्श मित्र,आज्ञाकारी पुत्र, आज्ञाकारी शिष्य, आदर्श पति, आदर्श पिता और आदर्श राजा का उदाहरण स्वयं के आचरण से प्रस्तुत किया। पूरी अयोध्या के युवा उनके सखा थे। वह कामादिदोषरहितं, कुशल संगठनकर्ता, लोक संग्रही, मितव्ययी व मृदुभाषी थे। वाल्मीकि रामायण के अनुसार नारद जी ने महर्षि वाल्मीकि को राम के गुणों के बारे में बताते हुए कहा- इक्ष्वाकुवंश प्रभवो रामो नाम जनैः श्रुतः। नियतात्मा महावीर्यो द्युतिमान द्युतिमान वशी। नारद जी कहते हैं इक्ष्वाकुवंश में उत्पन्न राम मन को वश में रखने वाले, महाबलवान, कान्तिमान, धैर्यवान और जितेन्द्रिय हैं। वे बुद्धिमान,नीतिमान तथा वाग्मी यानि अच्छे वक्ता भी हैं। वे प्रतापवान, धर्मज्ञ, सत्यप्रतिज्ञ, प्रजाप्रतिपालक,अखिल शास्त्रों के तत्वज्ञ,वेदवेदांग के ज्ञाता,गंभीरता में समुद्र और धैर्य में हिमालय के समान हैं। राम के जीवनकाल की शुरूआत संतों की सेवा के साथ हुई। अत्याचारी रावण के आतंक से जब समाज चीत्कार कर रहा था। ऋषि मुनि सताये जा रहे थे। अनुसंधान के प्रत्येक कार्य में जब राक्षस विघ्न डालते और ऋषियों के यज्ञ विध्वंस किए जा रहे थे। रावण को चुनौती देने का साहस समाज नहीं जुटा पा रहा था। रावण का आतंक इतना बढ़ गया था कि ऋषि-मुनियों की हड्डियों के पहाड़ लग गये थे। हड्डियों के लगे पहाड़ देखकर राम ने प्रतिज्ञा ली थी कि निश्चिचर हीन करहु महिं भुज उठाय प्रण कीन्ह। राम ने राक्षसों का संहार कर समाज को अभय प्रदान किया। राम का करीब 16 वर्ष की अवस्था में विवाह हुआ। 18 वर्ष की अवस्था में वनवास हुआ। इसके बाद कानन, कठिन भयंकर भारी, 14 वर्ष वन में रहे। जंगल, महल, सुख-दुख, निन्दा प्रशंसा, यश-अपयश आदि की चिंता नहीं की। जो मिला उसे ग्रहण कि। जो कहा गया उसका पालन किया।

राम को युवराज बनाने की तैयारी हो रही है लेकिन अचानक उन्हें समाचार मिला कि वन जाना है। राम विद्रोह नहीं करते वन जाने को सहर्ष तैयार हो जाते हैं। चक्रवर्ती सम्राट के पुत्र होकर भी घोर अभाव के बीच वन में 14 वर्ष व्यतीत करते हैं। जंगल में वनवास के दौरान शूर्पणखा ने राम के समक्ष विवाह का प्रस्ताव रखा। राम और लक्ष्मण दोनों शूर्पणखा का यह प्रस्ताव अस्वीकार कर देते हैं। राक्षस राज रावण पंचवटी से सीता का हरण कर लेता है। वनवासियों के बल पर लंका पर चढ़ाई की। राम सुग्रीव से मित्रता करते हैं। वनवासियों को संगठित कर अत्याचारी रावण का संहार किया। राम ने रावण के मारने के बाद लंका पर अपना राज्य स्थापित नहीं किया। विभीषण को लंका का राजा बनाया। लक्ष्मण से राम कहते हैं 'अपि स्वर्णमयी लंका न मे लक्ष्मण रोचते जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी'। मातृभूमि के प्रति ऐसी उत्कट निष्ठा राम रखते हैं। राम के जीवन की इन सब घटनाओं से युवाओं को प्रेरणा लेनी चाहिए। सेवक के प्रति कैसा अनुराग होना चाहिए यह राम और हनुमान के बीच प्रेम को देखना चाहिए। उनके जीवन में एक भी उदाहरण नहीं मिलता कि उन्होंने किसी सज्जन का विरोध या उपहास किया हो। उन्होंने जो भी किया देशकाल परिस्थिति के अनुसार किया।राम का समस्त निर्णय शास्त्र सम्मत और देशकाल सम्मत था।

राजा राम प्रजा के विचार को जानने के लिए आकुल रहते हैं। राज्य के निरीक्षण में वे अकेले भेष बदलकर निकल जाते हैं। वनवास से लौटने के बाद नागरिक अभिनंदन सभा में राम ने घोषणा की कि जो अनीति कछु भाखहु भाई। राम ने कहा कि मेरे राज्य में जो कुछ भी आपको अनुचित लगे उसको बिना भय के आप कहें क्योंकि लोक अपवाद से वह डरते नहीं हैं। आज के सत्ताधीशों को राम से प्रेरणा लेनी चाहिए। राम ने जंगल, महल, सुख दुख,निन्दा प्रशंसा, यश-अपयश आदि की परवाह नहीं की। राजा को सत्य का आग्रही होना चाहिए। प्रजा के विचार को चिंतन में लाना चाहिए। इसका प्रमाण रामराज्य में मिलता है। रामराज्य में तर्क की पूरी छूट थी। समस्त कलाओं के प्रति वह आदर रखते थे। शील ,विनय और औदार्य में उनका कोई सानी नहीं है।

मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम सामाजिक समरसता के प्रतीक हैं। वनवास के दौरान वह श्रंगवेरपुर के राजा निषाद राज गुह का आतिथ्य ग्रहण करते हैं। श्रीराम जब श्रंगवेरपुर पहुंचते हैं तो वहां के राजा निषाद राज गुह अपने भाई-बंधुओं को बुलाकर बहंगियों में फल फूल भरकर उनसे मिलने के लिए चले।रामचरितमानस के अयोध्याकाण्ड में गोस्वामी तुलसीदास जी ने लिखा है-
लिए फल मूल भेंट भरि भारा। मिलन चलेउ हिय हरषु अपारा।।
करि दण्डवत भेंट धरि आगे। प्रभुहि बिलोकत अति अनुरागे।
सहज सनेह बिबस रघुराई। पूंछी कुशल निकट बैठाई।।
रामजी निषाद राज को निकट बैठाकर उसका कुशल क्षेम पूछते हैं। इसके बाद उसके द्वारा लाये गये फल को ग्रहण करते हैं। निषादराज गुह राम से श्रंगवेरपुर नगर में चलने का अनुरोध करते हैं। तब श्रीराम जी उनसे कहते हैं कि पिताजी की आज्ञा के अनुसार मुझे 14 वर्ष तक मुनियों का व्रत और वेष धारण कर मुनियों के योग्य आहार करते हुए वन में ही बसना है। गांव के भीतर निवास करना उचित नहीं है। इसके बाद निषादराज राम के साथ-साथ चलता है। गंगा पार जाने के लिए केवट से नाव मांगते हैं। केवट के प्रेम में भाव विभोर होकर राम उसे गले लगाते हैं। चित्रकूट पहुंचने पर कोल किरात ने सुन्दर कुटी बनाई। माता शबरी की कुटिया में पधारकर राम उनके हाथों से फल ग्रहण करते हैं। पूरे वनवास के दौरान वनवासी समाज ने ही भगवान राम का हर प्रकार से सहयोग किया। वनवास के दौरान राम जी जहां भी रुके उनके रहने योग्य पर्णकुटी और और अन्य साधन वनवासियों ने ही उपलब्ध कराया। संकटकाल में भी राम की सहायता वनवासी समाज ने ही की।

राम वनवासी समाज को संगठित कर शक्तिशाली रावण का मुकाबला करते हैं। गिद्धराज जटायु को गले लगाते हैं। हनुमान हों, जामवंत हों,अंगद हों, नल-नील या अन्य योद्धा हों, सब वनवासी समाज से ही थे। लंका पर चढ़ाई करने के लिए समुद्र पर सेतु बांधने का महान दुष्कर कार्य वनवासी समाज के सहयोग से ही संभव हो सका। राम केवल ताकतवर व बड़ों को ही सम्मान नहीं देते बल्कि पूरे समाज को सम्मान देते हैं। रामसेतु के निर्माण में गिलहरी का भी सहयोग लेते हैं। रामायण में प्रसंग है कि लंका में राम रावण से युद्ध के समय भगवान राम के पैर में पनही भी नहीं थी। तब विभीषण जीत पर शंका व्यक्त करते हुए कहते हैं। हे प्रभु 'रावण रथी विरथ रघुबीरा। हम कैसे जीतेंगे। तब रामचन्द्र जी विभीषण से कहते हैं कि - सौरज धीरज जाहि रथ चाका। सत्य शील दृढ़ ध्वजा पताका। यानी किसी भी कार्य की सिद्धि मात्र उपकरणों के सहारे नहीं हो सकती, उसके लिए अंतःकरण की शक्ति जरूरी होती है।

आदर्श शासन व्यवस्था के रूप में दुनियाभर में रामराज्य का उदाहरण दिया जाता है। जहां विकास के साथ-साथ स्वतंत्रता, सुरक्षा, समानता, स्वावलम्बन और समृद्धि हो, वही रामराज्य है। गोस्वामी तुलसीदास ने रामचरित मानस में कहा है- दैहिक दैविक भौतिक तापा। राम राज नहहिं काहुहि ब्यापा।। महात्मा गांधी ने भी रामराज्य की वकालत की थी। आज भी लोग यदि अपना आचरण धमार्नुसार करना शुरू कर दें तो रामराज्य आने से कोई नहीं रोक सकता। रामराज्य को केवल भौतिक सुविधाओं के नजरिये से ही नहीं बल्कि नागरिकों के आचरण, व्यवहार और विचार और मयार्दाओं के पालन के हिसाब से देखना चाहिए।

रामराज्य में सभी नागरिक आत्म अनुशासित थे, वह शास्त्रों व वेदों के नियमों का पालन करते थे, जिनसे वह निरोग, भय, शोक और रोग से मुक्त होते थे। सभी नागरिक दोष और विकारों से मुक्त थे यानी वह काम, क्रोध, मद से दूर थे। सुखद यह है कि देश में श्रीराम का मंदिर बनने के बाद अब फिर से रामराज्य की अवधारणा पर काम हो रहा है। जैसे राम ने सम्पूर्ण समाज को संगठित कर रामराज्य की स्थापना की थी आज ठीक उसी प्रकार का प्रयास वर्तमान में भारत की राजसत्ता कर रही है।

राम के रंग में रामगढ़, जय श्री राम के नारों से गूंज झूठी धरती

चट्टी बाजार में लगा अखाड़ों का जमावड़ा, कई झांकियों का हुआ उद्घाटन

रामगढ़। राम के रंग में रामगढ़ जिला रंग चुका है। हर गली और मोहल्ले भगवा रंग से पट गए हैं। कई स्थानों पर स्थाई झांकी स्थापित की गई है, तो कई अखाड़ों ने अष्टमी की रात शस्त्र पूजा के बाद जुलूस निकाला। जय श्री राम के नारे से रामगढ़ की पूरी धरती गूंज उठी। राम के शहर में लगभग 10 अखाड़े ने पारंपरिक शास्त्रों के साथ जुलूस निकाला और जय श्री राम के नारे लगाए। इस दौरान शहर में स्थाई झांकियां का उद्घाटन भी हुआ। बाजारटांड़ में रामगढ़ युवा संघ, लोहार टोला स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर, श्री श्री प्राचीन महावीर मंदिर झंडा चौक, संकट मोचन हनुमान मंदिर थाना चौक, श्री राम मंदिर नई सराय चौक, वीर शिवाजी युवा संघ लोहार टोला ने स्थाई झांकी की प्रस्तुति की। चलंत झांकी सुभाष बाल मंडली दुसाध मोहल्ला, श्री श्री रामनवमी पूजा समिति किला मंदिर, शिवनंदन अखाड़ा शाहिद के अन्य समितियों ने बेहद आकर्षक प्रस्तुति की।

माता सती की आहुति और शिव तांडव देख भावुक हुए लोग

शहर के पंचमुखी हनुमान मंदिर समिति के द्वारा स्थाई झांकी में कई अलग-अलग विषयों पर नृत्य और संगीत प्रस्तुत किए गए। माता सती की अग्नि कुंड में प्रवेश का दृश्य देख लोग भावुक हो गए। ऐसा लगा माता सती का जीवंत स्वरूप अग्नि में आहुति दे रहा है। माता सती के त्याग करने के बाद भगवान शंकर ने जो तांडव किया था वह दृश्य भी अद्भुत था। जितनी बार यह दृश्य आया वहां मौजूद लोगों ने कलाकारों की भूरि भूरि प्रशंसा की। शहर के चट्टी बाजार, सौदागर मोहल्ला, दुसाध मोहल्ला के अलावा सभी चिन्हित स्थानों पर दंडाधिकारी और पुलिस बल की मौजूदगी रही। वरीय पदाधिकारी सुरक्षा का मुआयना करते दिखे। एसडीओ आशीष गंगवार, एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, अंचल अधिकारी सत्येंद्र नारायण पासवान, थाना प्रभारी अजय कुमार साहू पूरे क्षेत्र में भ्रमण करते रहे। जिन स्थानों पर भी झांकी लंबे वक्त तक रुकी, वहां पर तत्काल रास्ते को खाली करने का प्रयास किया गया।

विश्व हिंदू परिषद के द्वारा रामनवमी को लेकर भव्य शोभायात्रा निकाला गया

सद्भावः रामनवमी सोभायत्रा में समाज सेवी अजहर रवानी के द्वारा पानी की गई व्यवस्था

नव प्रदेश संवाददाता

सतगावां। प्रखंड में बुधवार को विश्वहिंद परिषद व बजरंग दल के द्वारा भव्य राम नवमी शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा की शुरूआत बासोडीह के हटिया मैदान में सभी बजरंगियों का एकत्रीकरण किया गया । शोभायात्रा के मुख्य अतिथि जिप सदस्य नीतू कुमारी व उप प्रमुख मनोज कुमार निराला मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस सभी उपस्थित अथितियों का भगवा पट्टा व पगड़ी पहना कर सम्मानित किया। सोभायात्रा हटिया मैदान से निकल कर विभिन्न इलाकों से गुजरी. जगह-जगह लोगों ने इसका स्वागत किया. शोभा यात्रा हटिया मैदान से निकलकर बासोडीह बाजार होते हुए रामडीह तक गयी। जहां से पुनः वापस लौट कर बासोडीह बाजार होकर बरियारडीह ,पचमौह, कलीडीह,आदि का भ्रमण कर हलकुशा स्थित दुर्गा मंदिर में स्थापित मां दुर्गा प्रतिमा स्थल पहुँची। सबसे खास बात यह रही की शोभायात्रा जिस किसी मार्ग से गुजरी वहां का वातावरण भक्तिमय हो गया। वहीं सुरक्षा की दृष्टि से काफी पुलिस फोर्स तैनात किये गये थे. मजिस्ट्रेट की भी तैनाती थी। प्रखंड प्रशासन की ओर प्रखंड विकाश प्राधिकारी सौरव कुमार, अंचल अधिकारी ओम प्रकाश बड़ाइक,थाना प्रभारी विजय गुप्ता मुख्य रुप से थे।बिजली विभाग ने शोभायात्रा मार्ग की बिजली पहले से काट रखी थी. ताकि कहीं कोई अप्रिय घटना ना हो जाए। मौके पर विहिप प्रखंड अध्यक्ष-बब्लू सिंह, बजरंग दल के प्रखंड अध्यक्ष बंटी राउत,भाजपा मंडल अध्यक्ष जयशंकर प्रसाद, रामावतार चौधरी, बिनोद यादव,प्रदीप कुमार,अनिल यादव, बालमुकुंद सिंह आदि मौजूद थे।

पलामू लोकसभा के लिए 18 से 25 तक नामांकन, 26 को नामांकन की समीक्षा, 29 तक नाम वापसी

पलामू। रामनवमी के समाप्त होते ही पलामू लोकसभा सीट पर चुनावी सरगर्मी काफी तेज हो जाएगी। 18 अप्रैल से नामांकन पत्र दाखिल करने की अधिसूचना जारी कर दी जाएगी। 25 तक नामांकन होगा। 13 मई को वोटिंग होगी। प्रशासनिक स्तर पर नामांकन से संबंधित तैयारी पूरी कर ली गयी है और अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन प्रक्रिया भी शुरू हो जाएगी। समाहरणालय में पलामू लोकसभा क्षेत्र के निवार्ची पदाधिकारी शशि रंजन के समक्ष प्रत्याशियों द्वारा नामांकन का पर्चा दाखिल किया जाएगा। निवार्ची पदाधिकारी के कार्यालय के 100 मीटर की परिधि में प्रत्याशियों की तीन गाड़ियों के प्रवेश के अनुमति होगी, वहीं निवार्ची पदाधिकारी के नाम निर्देशन कक्ष में उम्मीदवार सहित पांच व्यक्ति अंदर जा सकते हैं। नामांकन प्रक्रिया 25 अप्रैल तक चलेगी। 26 अप्रैल को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी। इसी क्रम में यदि कोई प्रत्याशी अपना नाम वापस लेना चाहते हैं तो 29 अप्रैल तक नाम वापस लिया जा सकता है। निवार्ची पदाधिकारी सह उपायुक्त कार्यालय सीसीटीवी से लैस रहेगा। समाहरणालय के विभिन्न प्रवेश द्वार पर दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। नामांकन प्रक्रिया को लेकर उपायुक्त कार्यालय के अंदर व निकास द्वार पर सीसीटीवी लगाया गया है। नामांकन की पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी। नामांकन के दौरान विधि-व्यवस्था के संधारण को लेकर समाहरणालय के विभिन्न प्रवेश द्वार पर कुल 6 दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है, उनके साथ पुलिस बल को भी टैग किया गया है। बता दें कि पलामू जिले में शामिल पांकी विधानसभा क्षेत्र में वोटिंग 20 मई को निर्धारित है। पांकी विस क्षेत्र चतरा लोकसभा के अंतर्गत आता है। चतरा में चुनाव चौथे चरण में होना है।

झारखंड के प्रसिद्ध वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर मृत्युंजय शर्मा का निधन

पलामू। मेदिनीनगर शहर के रेड़मा निवासी और झारखंड के प्रसिद्ध वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर मृत्युंजय शर्मा का बुधवार की सुबह रांची में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया है। दीमकों के सबसे बड़े घर की खोज करने के कारण उन्हें 2016 उन्हें लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड में शामिल किया गया था। उन्होंने हजारीबाग के आसपास एक हजार से ज्यादा इंसेक्ट की सूची तैयार की थी। जैव विविधिता पर लिखी उनकी पुस्तक ह्यस्पाइडर ऑफ झारखंडह्व का विमोचन तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास ने खेलगांव में किया था। मृत्युंजय शर्मा की प्रारंभिक पढ़ाई मेदिनीनगर के रोटरी स्कूल से हुई थी और उन्होंने मैट्रिक की परीक्षा पलामू जिला स्कूल से 1983 में की थी। उनकी आगे की पढ़ाई हजारीबाग और दिल्ली में हुई। पढ़ाई पूरी करने के बाद वह हजारीबाग में वन विभाग में नौकरी करने लगे। यहीं उन्होंने हजारीबाग से सौंदर्य को अपने कैमरे में कैद करना शुरू किया। उनकी खींची हुई तस्वीरें जिला समाहरणालय समेत अनेक सरकारी इमारतों में लगी हैं। 2024 में उनकी तितलियों की तस्वीर के आधार पर हजारीबाग वन विभाग का कैलेंडर तैयार किया गया था। उनकी पत्नी कुसुमलता शर्मा अधिवक्ता हैं। पुत्री सौभाग्यम शर्मा कोरिया में भौतिकी में शोध कर रही है, जबकि पुत्र दीप दिव्यम शर्मा क्लैट में चयनित होने के बाद भोपाल में वकालत की पढ़ाई कर रहा है। शर्मा के निधन पर आइपीआरडी के उपनिदेशक आनंद कुमार, खादी विकास एवं ग्रामोद्योग आयोग के पूर्वी भारत के चेयरमैन मनोज कुमार सिंह, वरिष्ठ पत्रकार प्रभात मिश्रा सुमन, अवधेश शुक्ल, झारखंड विधानसभा के उपसचिव अनूप कुमार लाल, लोहरदगा के जिला सांख्यिकी पदाधिकारी अजय कुमार पांडेय, वरिष्ठ अधिवक्ता शलभ कुमार, शैलेंद्र अग्रवाल, अमिताभ कुमार सिंह आदि ने शोक जताया है।

लोहरदगा में रामनवमी पर निकली भव्य शोभायात्रा

लोहरदगा। जिले में रामनवमी पूरे भक्ति और उल्लास के बाद मनाया गया। बुधवार सुबह से ही मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ देखी गई। लोग पूजा अर्चना मे लीन रहे। पूरा इलका भगवा ध्वज से पटा रहा। हर तरफ राम नाम का डंडा बज रहा था। दोपहर के समय भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें कई झांकियां प्रर्दशित की गई थी। शोभायात्रा का जगह जगह स्वागत किया गया। राज्य सभा सांसद सह भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव सहित बडी संख्या में लोग शामिल थे। मौके पर सुरक्षा के व्यापक बंदोबस्त किए गए थे।

सड़क दुर्घटना में एक घायल

नवप्रदेश, डोमचांच। प्रखंड अंतर्गत कोडरमा - गिरिडीह मुख्य मार्ग स्थित पचगावां मोड़ के समीप बुधवार संध्या मोटरसाईकिल के चपेट मे आने से एक व्यक्ति घायल हो गया। घायल व्यक्ति की पहचान ब्लेश्वर मेहता उम्र लगभग 47 वर्ष ग्राम पचगावां, थाना डोमचांच निवासी के रूप मे हुई है। मिली जानकारी के अनुसार उक्त व्यक्ति साईकिल से सड़क पार कर रहा था. जहाँ दूसरी ओर मोटरसाईकिल सवार व्यक्ति डोमचांच से नवलशाही की ओर जा रहा था जैसे पचगावां मोड़ के समीप पहुंचा और साईकिल सवार को अपने चपेट ले लिया और वह जख्मी हो गया. जिसे देख स्थानीय लोगों की मदद से कुमार क्लिनिक पुरनाडीह पहुंचाया जिसका ईलाज चल रहा है।

भाजपा सांसद के 10 वर्षों के कार्यकाल में ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधा भी उपलब्ध नहीं : रूचिर तिवारी

मेदिनीनगर पलामू । भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के पलामू लोकसभा क्षेत्र के सांसद उम्मीदवार अभय कुमार भूंइया जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी ने नौडीहा बाजार अंचल के ग्राम हरैया, अमवाडीह रबदा,नामुदाग, हरवे, डगरा आदि दर्जनों गांव में जनसंपर्क अभियान किया साथ ही लोगों की जन समस्याओं से भी अवगत हुआ। जहां पर जिला सचिव श्री तिवारी ने कहा कि पहाड़ी क्षेत्र से घिरा हुआ ग्राम डगरा और इसके अगल-बगल गांव के लोगों ने कहा कि आदिम जनजाति के इलाकों में ना तो सड़क बना है न हीं बिजली लगा है और न हीं पीने की पानी की व्यवस्था है ।10 साल से इस इलाके में भाजपा के सांसद और विधायक ने राज किया वही देश में भी भाजपा की सरकार है जबकि गांव में गरीब लोगों के बस्तियों में मूलभूत सुविधा तक उपलब्ध नहीं है ऐसी स्थिति में बदलाव के इस लहर में भाजपा के सांसद बीडी राम को हराने के लिए सभी ग्रामीण गोलबंद होकर संकल्प लें एवं भाकपा के ऊजार्वान युवा प्रत्याशी अभय कुमार भूंइया के पक्ष में मतदान करें। ग्राम डगरा के स्थानीय निवासी अवधेश सिंह खरवार ने कहा कि 10 साल में एक भी बार इस इलाका में भाजपा के संसद में पैर नहीं रखा ऐसी स्थिति में दोबारा अगर वह वोट लेने आते हैं तो उनका बहिष्कार किया जाएगा। जनसंपर्क अभियान में पार्टी के वरिष्ठ जुझारू नेता सूर्यपत सिंह राज्य कार्यकारिणी सदस्य जितेंद्र सिंह नगर सचिव सुरेश ठाकुर, नौडीहा बाजार अंचल सचिव अलख देवराम, कामेश्वर सिंह, कामाख्या सिंह, मोइनुद्दीन अंसारी शहीत कई लोगों ने आम आराम से हसुआ वाली चुनाव चिन्ह पर वोट देने की अपील किया।

डोमचांचः 40 वर्ष बीत गया पर केशो जलाश्य के किसानों का सपना अधुरा, कौन करेगा पूरा

नव प्रदेश संवाददाता

डोमचांच। झारखंड बनने मे 24 वर्ष बित गया परंतु डोमचांच प्रखंड क्षेत्र मे सरकार की महत्वाकांक्षी योजना केशो जलाशय निर्माण पर साढ़े तीन दशक बीत जाने के बावजूद ग्रहण लगा हुआ है। इसे साल 1992 में ही पूर्ण कर लिया जाना था. जबकि निर्माण की शुरूआत साल 1987 में हुई थी। उस समय कोडरमा बिहार राज्य मे हुवा करता था. समय बढ़ने के साथ बजट भी बढ़ता चला गया। इसका मकसद किसानों को पटवन की सुविधा उपब्ध कराना था। एकीकृत बिहार के तत्कालीन मुख्यमंत्री चन्द्रशेखर सिंह ने इसका शिलान्यास साल 1984 में की थी। भूमि अधिग्रहण के बाद साल डैम निर्माण का कार्य लगभग सात करोड की लागत से पूर्ण कराया जाना था। इसके निर्माण से डोमचांच, मरकच्चो और जयनगर प्रखंड के सैकड़ों हेक्टेयर जमीन में पटवन की सुविधा मिलेगी। लेकिन डैम शिलान्यास के बाद लगभग साढ़े तीन दशक से भी अधिक समय बीत जाने के बाद भी केशो जलाशय के पानी से पटवन का सपना किसानों का धरा रह गया। संवेदकों ने अधूरा कार्य छोडा, 2011 में बजट बढकर 66 करोड का हुआ. डैम निर्माण कार्य को पूर्ण कराने में पांच संवेदकों के बीच कार्य आबंटित किया था। लेकिन सभी संवेदक सन 1990- 91 में कार्य को अधूरा छोड़ चले गए। सरकार ने साल 2011 में पुनः 66 करोड का निविदा कराया. जिसे विजेता कंस्ट्रक्शन रांची द्वारा कराया जा रहा था। फिलहाल वह भी बंद है और करोड़ों की लागत से बन रहे केशो जलाशय के निर्माण पर अभी भी ग्रहण लगा हुआ है। विजेता कंस्ट्रक्शन कंपनी के योजना में बरती गई भ्रष्टाचार का मामला सामने आने के बाद मंत्रिमंडल निगरानी की तकनीकी समिति से जांच कराई गई थी। जांच में साढ़े बारह करोड़ की गडबडी सामने आई थी। इसके बाद ठेकेदार कंपनी विजेता कंस्ट्रक्शन के खिलाफ साल 2017 मे प्राथमिकी दर्ज किया था। जांच रिपोर्ट में तकनीकी समिति ने कहा था कि कंपनी ने बगैर काम किए ही भुगतान ले लिया था। 13 अभियंता गड़बड़ी में दोषी मिले थे गड़बड़ी मामले में 13 अभियंता भी दोषी पाए गए थे। मामले की जांच मई 2016 से ही चल रही थी। इससे पहले हजारीबाग जलपथ प्रक्षेत्र के मुख्य अभियंता की अध्यक्षता में केशो जलाशय परियोजना से संबंधित विजेता कंस्ट्रक्शन के क्रियाकलापों की जांच की थी। उन्होंने अपने रिपोर्ट में कहा था कि सिर्फ 25 करोड़ का काम हुआ है और कंपनी ने 44 करोड़ का भुगतान ले लिया था। ठेकेदार पर प्राथमिकी दर्ज होने के बाद साल 2017 से ही केशो जलाशय का कार्य बंद पड़ा है। दूसरा कारण सरकार और विस्थापितों के बीच समन्वय स्थापित नहीं होना है। निमार्णाधीन डैम के मुख्य बांध की लंबाई लगभग दो किलोमीटर है, जिस पर लगभग 15 मीटर उंचा बांध बांधा जाना था । डैम के दोनों छोर पर खेतों की सिंचाई व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए नहरों में पानी निकासी के लिए गेट (इनटेक वेल) छोड़े गए हैं। भविष्य में डैम बनने के बाद उसी गेट से पानी नहरों से गुजरते हुए किसानों के खेतों तक पहुंचाया जाएगा। इससे डोमचांच, मरकच्चो और जयनगर प्रखंड के सैकड़ों हेक्टेयर जमीन में पटवन की सुविधा बहाल हो पाएगा।

एक नजर

चतरा में नदी में नहाने गईं पांच बच्चियां डूबीं, दो की मौत

चतरा। रामनवमी के दिन बुधवार को चतरा जिले में एक बड़ा हादसा हो गया। नदी में नहाने गईं पांच बच्चियां डूब गईं, जिसमें दो की मौत हो गई जबकि तीन को बचा लिया गया। पुलिस के अनुसार सिंचाई के लिए नदी में गड्ढा खोदा गया था। उसी गड्ढे में हंटरगंज प्रखंड के डाहा गांव की रहने वाली पांच बच्चियां स्नान करने के लिए उतर गईं और डूबने लगीं। तीन बच्चियों को तो बचा लिया गया लेकिन दो की मौत हो गई। मृत बच्चियों की पहचान शिवानी कुमारी (10) और देवंती कुमारी (6) के रूप में हुई है।

उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से विभिन्न प्रखंडों के विभिन्न स्थलों का किया निरीक्षण

नवप्रदेश, कोडरमा। रामनवमी त्यौहार में विधि व्यवस्था संधारण को लेकर उपायुक्त मेघा भारद्वाज और पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह द्वारा संयुक्त रूप से जयनगर,मरकच्चो, डोमचांच व कोडरमा प्रखंड एवं जिला के विभिन्न स्थानों का दौरा किया गया। इस दौरान विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया। सभी दण्डाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी अपने कर्तव्य स्थल पर मुस्तैद पाये गये। उपायुक्त स्वयं घूमकर रूट का मुआयना की और विधि व्यवस्था की जानकारी लेते हुए प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी को आवश्यक दिशानिर्देश दिये। उपायुक्त महोदया ने अखाड़ा समिति के सदस्यों को आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्यौहार मनाने की अपील की । उपायुक्त ने अखाड़ा समिति के सदस्यों को तय रूट के अनुसार ही जुलूस निकालने की अपील की । उन्होंने कहा कि रामनवमी का पर्व आस्था का पर्व है, सभी समुदाय के लोग आपसी भाईचारे के साथ पर्व को मनायें। उन्होंने सभी प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि पर्व के दौरान माहौल बिगाड़ने वालों पर सतत निगरानी रखें। जुलूस के दौरान ड्रोन के माध्यम से आसामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने अखाड़ा समिति के सदस्यों को निर्देश दिया कि जुलूस के दौरान माइकिंग के माध्यम से अपने वॉलिंटियर को मार्गदर्शित करते रहें और सभी वॉलिंटियर आईडी कार्ड के साथ रहेंगे। जगह जगह पर सीसीटीवी के माध्यम से भी असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है, आमजनों से अपील की है कि सोशल मीडिया पर किसी भी मैसेज को अग्रसारित करने से पहले सत्यता की पूर्णतः जांच कर लें और अफवाहों पर ध्यान न दें। सभी जिलावासियों से अपील किया गया कि आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनायें। सभी सहयोग अपेक्षित है। उपायुक्त ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता अधिरोपित है, ऐसे में त्यौहार मनाने के दौरान इसका ध्यान रखें। पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने सभी पुलिस पदाधिकारी को सजग और सतर्कता के साथ त्योहार संपन्न कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त के अलावे पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी विजय कुमार सोनी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, एवं विभिन्न प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी व अंचल अधिकारी मौजूद रहे।

रामनवमी को लेकर चारों तरफ सुनाई दी जय श्री राम की गुण गाण, सड़कों पर उमड़ा राम भक्तों का सैलाब

डोमचांच। रामनवमी के अवसर पर मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की भक्ति जय श्री राम के नारे और शौर्य का प्रदर्शन कुछ ऐसा ही विहंग में दृश्य बुधवार को डोमचांच के विभिन्न क्षेत्र में देखा गया ईस दौरान भगवान श्री राम जन्मोत्सव महापर्व रामनवमी के दिन सुबह से शाम तक पूरे प्रखंड में जय श्री राम के जयकारे से गूंज उठा रामनवमी के भजनों से एक -एक गली और चौक चौराहे गूंज रहा था डंके की आवाज राम भक्तों का जोश बढ़ा रहा था तो दूसरी तरफ बड़े- बड़े महावीर ध्वज धाम में भक्तों की भीड़ जय श्री राम के जयकारे के साथ साथ प्रदर्शन करते हुए हर तरफ महावीर ध्वज ही लहरा रहे थे जिससे राम भक्तों में जोश भरी उमंग से काफी उत्साहित हो रहे थे। वहीं जगह-जगह पर पारंपरिक अस्त्र-शास्त्र के प्रदर्शन के साथ लाठियां का अद्भुत खेल दिखा रहे खिलाड़ियों के जुनून को हिंदू संगठन के कार्यकर्ता उत्साह बढ़ा रहे थे। वहीं पुणे दी मसमोहना दरगाह कुंडी धनवार खारखार लहरियाटांड़ नवलशाही ताराटांड़ गांवों में रामनवमी अखाड़ा समिति कीओर से भव्य तरीके से पारंपरिक अस्त्र तलवार भाला लाठी इत्यादि कई सामग्री से एक से एक बढ़कर कला प्रदर्शन किया गया इस दौरान बच्छेडीह एवं भीमेडीह अखाड़ा कमेटी के सदस्यों के द्वारा एक से बढ़कर एक अलग-अलग अंदाज में तलवार भाला लाठी दंडा के सहारे घंटो तक कला प्रदर्शन कर लोगों को आकर्षित किया जहां तमाम पदाधिकारी के अलावे सैकड़ो पुरुष महिलाएं एवं बच्चे मौजूद रहकर उक्त मेला का आनंद उठाया। इस दौरान जिला पुलिस प्रशासन कोडरमा की ओर से रामनवमी को लेकर प्रशासन की ओर से विधि व्यवस्था बनाए रखने को लेकर क्षेत्र से संबंधित थाना प्रशासन के द्वारा भिन्न-भिन्न अखाड़ा ईत्यादि अन्य कई जगहों पर भारी संख्या में पुलिस प्रशासन की न्युक्ति कर विशेष निगरानी रखते हुए पूरे क्षेत्र भ्रमण के दौरान लोगों से शांतिपूर्ण वातावरण में रामनवमी पर्व सफल मनाने को लेकर मुस्तैद रहे।

लोकसभा से निवर्तमान सांसद सह भाजपा प्रत्यासी बीडी राम पर आदर्श अचार संहिता उल्लंघन करने मामला दर्ज

मेदिनीनगर पलामू। पलामू लोकसभा सुरक्षित सीट से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार सह निवर्तमान सांसद विष्णुदयाल राम पर धुरकी थाना मे बीडीओ जुल्फिकार अंसारी ने आवेदन देकर आदर्श अचार संहिता उल्लंघन करने के आरोप मे बुधवार को एफआईआर दर्ज कराया है। इस संबंध मे बीडीओ ने जानकारी देते हुए बताया की धुरकी प्रखंड क्षेत्र के अंबाखोरया पंचायत सचिवालय मे विष्णुदयाल राम ने भारतीय जनता पार्टी के नेता और कार्यकर्ताओ के साथ बिना लीखित अनुमती के राजनितीक गतिविधी से संबंधित बैठक कर पार्टी विशेष पर नारेबाजी की गई है। उन्होने बताया की यह राजनितीक गतिविधी लोकसभा चुनाव मे लागू आदर्श अचार संहिता प्रोटोकोल का उल्लंघन है। इसके बाद बीडीओ ने धुरकी थाने मे लिखित आवेदन देकर भाजपा प्रत्याशी सह निवर्तमान सांसद विष्णुदयाल राम व अन्य पर आदर्श अचार संहिंता उल्लंघन करने के आरोप मे नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। वहीं इस संबंध मे थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने बताया की बीडीओ के लिखित आवेदन के बाद धुरकी थाना प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

चतरा संसदीय क्षेत्र का विकास और यहां के स्थानीय युवाओं को रोजगार मुहैया कराना उनका पहला लक्ष्य है : के एन त्रिपाठी

सतबरवा। चतरा संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी कृष्णानंद त्रिपाठी ने टीकट मिलने के बाद बुधवार को सतबरवा पहुंचे, जहां कांग्रेस कार्यकताओं ने फूल माला पहना कर जोरदार स्वागत किया। त्रिपाठी ने ब्रह्मबाबा की पूजा अर्चना कर जीत की मन्नत मांगी। त्रिपाठी ने कहा कि चतरा संसदीय क्षेत्र खासकर लातेहार और चतरा जिला खनिज संपदाओं से समृद्ध है। यहां कई कोयला कंपनियां काम कर रही हैं। कानूनन कंपनियों में 75 फीसदी नौकरियां स्थानीय लोगों को देनी है, लेकिन आज स्थिति यह है कि किसी भी कोलियरी में कोई स्थानीय व्यक्ति काम करता नजर नहीं आता है। खनिज संपदाओं पर आधारित उद्योग लगाकर युवाओं को रोजगार देंगे । आज हमारे यहां सब कुछ रहने के बावजूद,हमें मजदूरी करने दूसरे राज्यों में जाना पड़ता है।

ना शिलान्यास.. ना बोर्ड.. संवेदक ने चुपके से शुरू कर दिया आहर का जीर्णोद्धार

पलामू। जिले के पांकी प्रखंड के सगालीम पंचायत के परसिया गांव में लघु सिंचाई विभाग द्वारा आहर के जीर्णोद्धार कार्य में बड़े पैमाने पर अनियमितता बरतने का मामला सामने आया है। दरअसल परसिया गांव में देव बांध आहर के जीर्णोद्धार का कार्य किया जा रहा है। बगैर शिलान्यास के निर्माण कार्य शुरू करने और कार्य में अनियमितता बरतने पर लोगों में आक्रोश व्याप्त है। निर्माण स्थल पर बोर्ड तक नहीं लगाया गया है।

ग्रामीणों का आरोप है कि संवेदक के द्वारा आहर के जीर्णोद्धार कार्य में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की जा रही है। आहर के बांध के ऊपर जैसे तैसे मिट्टी छीड़कर निर्माण कार्य को पूर्ण दिखाने का प्रयास किया जा रहा है। आहर के डूब क्षेत्र से मिट्टी का कटाव कर आहर के बांध को मजबूत करना है, लेकिन ऐसा नहीं किया जा रहा है। आहर से पानी निकासी के लिए पाइप वाला पुलिया का निर्माण करना है, मगर पुलिया निर्माण में भी बड़े पैमाने पर धांधली बरती जा रही है। जैसे तैसे पुलिया का निर्माण किया जा रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि निर्माण स्थल पर बोर्ड नहीं लगने के कारण ग्रामीणों को कोई सही जानकारी नहीं मिल पा रहा है। आहर के बांध का घास छीलकर सरकारी राशि लूटने का प्रयास किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि निर्माण स्थल पर संवेदक एक दिन भी नहीं आया है। संवेदक के चपचे के द्वारा कार्य कराया जा रहा है। सबसे अहम बात है कि ग्रामीणों द्वारा निर्माण कार्य को बंद करा दिया गया था, इसके बावजूद संवेदक और उनके बिचौलियों ने दबंगता के साथ निर्माण कार्य करा रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि परसिया के देव बांध आहर का जीर्णोद्धार कार्य करीब 56 लाख की लागत से लघु सिंचाई विभाग के द्वारा किया जाना है। इतने बड़े रकम खर्च हो जाने के बाद कई गांव के सैकड़ों एकड़ भूमि सिंचित होगी। मगर संवेदक द्वारा जैसे-तैसे काम कर सरकारी पैसे को डकारने का प्रयास किया जा रहा है जो गंभीर बात है। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण स्थल पर ना तो नियमानुसार विभाग का बोर्ड लगाया गया है, न ही प्राक्कलन के अनुरूप कार्य हो रहा है। ठेकेदार की मनमानी और विभाग के अधिकारी की लापरवाही से पता चलता है कि सरकारी पैसों को सिर्फ बंदरबांट किया जा रहा है।

ग्रामीणों ने पलामू उपायुक्त शशि रंजन और पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता से से शिकायत करते हुए पूरे मामले की जांच कर दोषी संवेदक तक कार्रवाई करने और प्राक्कलन के अनुसार कार्य कराने की मांग की है। विधायक डॉ मेहता ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा उन्हें शिकायत प्राप्त हुई है कि आहर के जीर्णोद्धार कार्य में संवेदक द्वारा गड़बड़ी की जा रही है। पलामू उपायुक्त से मिलकर पूरे मामलों को अवगत कराएंगे और दोषी ठेकेदार पर निश्चित कार्रवाई की जाएगी। निर्माण कार्य में किसी भी स्थिति में अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। परसिया स्थित देव बांध आहर जीर्णोद्धार कार्य में हो रही अनियमितता के संबंध में सगालीम पंचायत के मुखिया सुनील कुमार प्रजापति ने बताया कि ग्रामीणों का आरोप सत्य है। ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य में काफी अनियमितता बरती जा रही है। पंचायत के जनप्रतिनिधि के बात को भी ठेकेदार द्वारा ठुकरा दिया जा रहा है। मुखिया ने बताया कि निर्माण स्थल पर ना किसी प्रकार का बोर्ड लगा है और ना प्राक्कलन के अनुसार कार्य किया जा रहा है। पूरे मामले को लेकर विधायक से शिकायत की गई है।

शहर के विभिन्न इलाकों से पूजा कमिटी के द्वारा तरह तरह की झाकियां और डीजे निकाली गई

मेदिनीनगर पलामू । मेदिनीनगर मुख्यालय डालटनगंज में रामनवमी पूजा धूम धाम और शांतिपूर्ण ढंग से मनाई जा रही है शहर के विभिन्न इलाकों से पूजा कमिटी के द्वारा तरह तरह की झाकियां और डीजे निकाली गई। देश-प्रदेश में श्रीराम जन्मोत्सव रामनवमी की धूम है। रामनवमी के इस पावन अवसर पर हर कोई राममय नजर आ रहा था।चारों ओर राम नाम की गूंज रहे है।शहरों और कस्बों में रामनवमी पर शोभायात्राओं का आयोजन किया जा रहा है।शास्त्रों के अनुसार चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्म हुआ था। इसलिए इस दिन भगवान राम के जन्मोत्सव के रूप में रामनवमी का पावन उत्सव पूरे पलामू सहित हर जिले में बहुत धूम-धाम से मनाया जाता है।वही रामभक्तो ने भगवान राम के गानों पर झूमते दिखे।बाहर से आये कलाकारों ने अपनी कला से लोगो को मंत्र मुग्ध कर दिया । राम नवमी पूजा के दौरान शहर के थाना रोड में, अग्रवाल समाज, माता हीरामणि सेवा संस्था, स्वर्णकार संघ, चन्द्रवंशी महासभा, वैश्य हलुआई समाज समेत अन्य समाजों के द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया वही घूमने आये श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया । राम नवमी पूजा को लेकर महिला , पुरुष और बच्चों में काफी उत्साह देखा जा रहा है।



सामाजिक संगठनों के भंडारा में उमड़ी भीड़, हजारों ने ग्रहण किया प्रसाद

पलामू। मेदिनीनगर शहरी क्षेत्र में श्री रामनवमी को लेकर निकाली गई नवमी की शोभायात्रा के दौरान बुधवार को श्रद्धालुओं के बीच भंडारा प्रसाद का वितरण करने के लिए कई सामाजिक संगठनों ने स्टॉल लगाए। छह मुहान से लेकर अस्पताल चौक समेत जुलूस वाले रूट में एक दर्जन से अधिक सामाजिक संगठनों के द्वारा भंडारा का स्टॉल लगाया गया था। यहां प्रसाद लेने के लिए लोग कतारबद्ध दिखे। बच्चे, बूढ़े और महिलाएं सभी ने भंडारा का प्रसाद लेकर इसका सेवन किया। कुछ संगठनों के द्वारा शीतल जल और चाय नाश्ते का भी प्रबंध किया गया था। इन स्टालों पर भी लोगों की भीड़ देखी गई। रामनवमी जुलूस देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग ग्रामीण इलाकों से भी पहुंचे थे। ऐसे लोगों की संख्या भंडारा वाले स्टॉल पर ज्यादा नजर आई।

आइसक्रीम का भी वितरण कुछ संगठनों द्वारा किया गया। बुंदिया प्रसाद भी बांटा गया।

प्रसाद वितरण करने वालों में हॉकर संघ, अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन, अखिल भारतीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा, जय लक्ष्मी संघ, पलामू जिला स्वर्णकार संघ, अखिल भारतीय मध्यदेशीय वैश्य सभा हलवाई समाज, नरनोलिया अग्रवाल महिला संगठन, अग्रवाल क्लब, माता हीरामणि सेवा समिति, जेपीएस, हिंदू युवा नव जागृति मंच, श्रीराम गैंग आदि शामिल है।

रोमांचक मैच में गुमला ने वेस्ट सिंहभूम को चार रनों से हराया

गुमला। जे एस सी ए इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर -16टूनार्मेंट में बुधवार को रोमांचक मुकाबले में गुमला ने वेस्ट सिंहभूम को चार रनो से पराजित कर लगातर दूसरी जीत दर्ज की ' जिला मुख्यालय के शहीद तेलगा खड़िया स्टेडियम में चल रहे अंतर जिला क्रिकेट मे टॉस जीत कर गुमला की टीम ने पहले बल्लेबाजी का फैसला किया ' और 44ओवरों मे सभी विकेट गवा टीम ने 245रनों का सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया ' टीम की ओर से कप्तान मयंक राज ने नाबाद 69रनो की बेहतरीन पारी खेली' आयुष राज ने टीम को अच्छी शुरूआत देते 44रनो की उम्दा पारी खेली ' हर्ष राज ने अहम्‌ 46रनों का योगदान दिया। विभोर के 20 व रोहिश के 19रनों के बदौलत गुमला ने सम्मानजनक स्कोर बनाया' सिंहभूम की ओर से अंजनी यादव ने चार विकेट अर्जित किये' प्रिन्स ने दो और कृपा, आदित्य, वासुदेव को एक -एक विकेट मिला ' जबाबी पारी खेलने उतरी वेस्ट सिंहभूम की टीम ने बेहतरीन शुरूआत की ' टीम की और से आर्यन राज ने 103रनो की आकर्षक पारी खेली ' अंजनी ने 38रनो का अहम्‌ योगदान किया ' हितेश व प्रिन्स ने 12-12रनों का सहयोग दिया। गुमला की और से सत्यम पांडा ने चार व रोहिश ने तीन विकेट अर्जित किये। मयंक व मंथन को एक-एक विकेट मिला ' आकर्षक बल्लेबाजी व मैच में बनाए रखने वाले सतकबीर आर्यन राज को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया ' टी आर डी ओ पप्पू कुमार सिंह, अंपायर प्रशांत व हेमंत ठाकुर सहित अन्य ने मैन ऑफ द मैच आर्यन को 5000 कैश मनी व ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया ' मौके पर जिला संघ के सचिवजितेंद्र सिंह, मनोज चौधरी, सुनील सिंह, लाल चंद्रशेखर, आकाश आनंद, रोहित उरांव, ज्ञान प्रकाश, अंकित विश्वकर्मा, सनी साहू, यमुना झा, शशि समेत अन्य उपस्थित थे।

सतबरवा में दो मोपेड सवारों को बस ने रौंदा, फंसकर 25 मीटर तक घिसटाते चले गये

पलामू। पलामू जिले के सतबरवा थाना क्षेत्र के पोंची बाबा चौक के समीप मेदिनीनगर-रांची मुख्य मार्ग पर बुधवार की शाम अर्स यात्री बस की चपेट में आने से दो मोपेड सवार की मौत घटनास्थल पर हो गई। सूचना पाकर सतबरवा थाना पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया। समाचार लिखे जाने तक मृतकों की पहचान नहीं हो सकी है। एएसआई राजीव रंजन (वन) ने बताया कि टीवीएस मोपेड संख्या (जेएच 03 एए 4163) पर सवार होकर दो लोग मेदिनीनगर की ओर से लातेहार की ओर जा रहे थे। इसी दौरान मेदिनीनगर-रांची मुख्य पथ एनएच 39 पर सामने से आ रही बस की चपेट में आ गए और करीब 25 मीटर तक बस के बगल के हिस्से में फंसकर घिसटते चले गए। पुलिस जवानों ने मानवता का परिचय देते हुए शव को उठाकर पोस्टमार्टम के लिए राजा मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल भेज दिया है। वहीं ग्रामीणों ने पुलिस की इस पहल की सराहना कर कहा कि दुर्घटना के बाद दोनों मृत युवकों का शव बस में फंस जाने से काफी दूर तक घिसटते चले गये थे। ऐसे में क्षत विक्षत हो गए थे। उनके शव को उठाकर भेजना प्रशंसनीय है।

रामनवमी पर शहर के विभिन्न अखाड़ों ने निकाला भव्य शोभायात्रा

दुमका। रामनवमी के अवसर पर शहर के विभिन्न मुहल्ले से अखाड़ा सदस्यों ने भव्य शोभायात्रा निकाली। शहर के टिन बाजार से भव्य झांकी एवं अखाड़ा निकाला गया। नवयुवक पारंपरिक हथियार लाठी, डंडा, तलवार, फरसा, बंदूक समेत विभिन्न हथियारों एवं भगवा पताका से लैश होकर टीन बाजार चौक पहुंचे। अखाड़ा में लोगों ने जमकर करतब दिखाए। इसके बाद नीचे बाजार होते हुए वीर कुंवर सिंह चौक अखाड़ा पहुंचीए जहां विश्व हिंदू परिसद सदस्यों ने शरबत पिला लोगो का स्वागत किया। उसके बाद नगर थाना परिसर, पोखरा चौक होते हुए हुए पुनः टीन बाजार चौक पहुंची। इस दौरान भव्य रथ पर श्रीराम, सीता, लक्ष्मण, बजरंबली के विभिन्न मूर्ति, कृष्ण, मां काली एवं मां दुर्गा समेत विभिन्न झांकी लोगों के आकर्षण का केंद्र बना रहा। डीजे की जगह पारम्परिक बाजे से भक्ति पूर्ण प्रस्तुति एवं जय श्रीराम के जयकारे के उद्घोष लोगों को मंत्रमुग्ध कर रहे थे। शोभायात्रा डंगालपाड़ा, शिव मंदिर, गिलानपाड़ा, गोशाला बजरंगबली मंदिर, शिवपहाड़, बन्दरजोरी, कुम्हारपाड़ा, रसिकपुर, राखाबानी के मंदिरों से निकाली गई। अखाड़ा शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए टिन बाजार पहुंच जमकर करतब दिखाये। विधिव्यवस्था को कायम रखने को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद दिखी। शहर के विभिन्न चौक-चौराहे पर अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती दिखी।

पोखराहा में टेम्पो-ट्रैक्टर में जोरदार टक्कर, टेम्पो में सवार मां-बेटी समेत तीन की मौत, कई जखमी

पलामू। मेदिनीनगर सदर थाना क्षेत्र के पोखराहा में डालटनगंज-पांकी मुख्य पथ पर बुधवार की शाम भीषण सड़क हादसा हुआ, जिसमें मां-बेटी समेत तीन की मौत हो गयी। जबकि एक दर्जन लोग जख्मी हो गए, जिन्हें इलाज के लिए एमआरएमसीएच समेत अन्य अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद से प्रभावित परिवार में कोहराम मचा हुआ है। सूचना मिलने पर सदर सीओ प्रदीप बल्होत्रा, एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी समेत कई प्रशासनिक पदाधिकारी एमआरएमसीएच पहुंचकर स्थिति की जानकारी ले रहे हैं। एमआरएमसीएच में समय पर इलाज नहीं होने का आरोप लगाकर परिजन हंगामा कर रहे हैं। अस्पताल के सामने शहीद भगत सिंह की प्रतिमा के पास मुख्य सड़क को जाम भी किया। हालांकि वार्ता के लिए प्रशासनिक अधिकारी उन्हें अस्पताल परिसर में ले गए हैं। समझाने का प्रयास कर रहे हैं। मृतकों में चैनपुर के शाहपुर निवासी फिरोज खान की 45 वर्षीय पत्नी जुगनू बीवी एवं 7 वर्षीय पुत्री फतिमा एवं एक अन्य 6 वर्ष की साइमा परवीण शामिल है। प्रभावित लोगों के अनुसार चैनपुर के शाहपुर से कुछ लोग टेम्पो से मनातू के बरूरा शरीफ दरगाह में लगे उर्स में गए थे। सभी वहां से लौट रहे थे। डालटनगंज-पांकी मुख्य पथ पर पोखराहा में जैसे ही पहुंचे कि एक ट्रैक्टर से जोरदार टक्कर हो गयी। टक्कर के बाद ट्रैक्टर मौके से फरार हो गया। हादसे के बाद लोगों में चीख पुकार मच गयी। आस पास के लोगों ने सभी जख्मी को इलाज के लिए एमआरएमसीएच में भेजा। सूचना मिलने पर पुलिस छानबीन शुरू की। आरोप है कि जख्मी जब एमआरएमसीएच में पहुंचे तो वहां कोई डाक्टर मौजूद नहीं था। आधे घंटे तक प्रभावित परिवार एवं जख्मी इलाज के लिए पूरे अस्पताल में भटकते रहे, लेकिन आक्सीजन तक नसीब नहीं हुई। इस कारण खासकर जुगनू बीवी का इलाज नहीं हो पाया। आक्सीजन के अभाव में उसकी मौत हो गयी। प्रभावित परिवार मुआवजा एवं अस्पताल के डाक्टर पर कार्रवाई की मांग पर अड़ा है। सूचना मिलने पर मुहर्रम इंतेजामिया कमिटी के जेनरल खलीफा शहरयार अली समेत दर्जनों समाज के लोग एमआरएमसीएच पहुंच गए हैं।

एक नजर

अनुपमा सिंह को धनबाद लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी बनने पर पूरे लोकसभा क्षेत्र में हर्ष : ब्रजेंद्र

धनबाद। धनबाद लोकसभा क्षेत्र से अंत तक कांग्रेस पार्टी ने अनुपमा सिंह को कांग्रेस प्रत्याशी बनाने का निर्णय लिया है यह सुनकर पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल हो गया है । कांग्रेसियों ने आशा व्यक्त किया कि अनुपमा सिंह धनबाद लोकसभा क्षेत्र से भारी मतों से बिजय होगी। साथ-साथ अनुपमा सिंह को बधाई भी दिया। बधाई देने वालों में प्रदेश कांग्रेस के अनुशासन समिति के अध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह संतोष सिंहए के झा राशिद राजा अंसारी जोगिंदर सिंह जोगी मदन महतो राजेश्वर यादव वैभव सिंह अनवर समीर प्रभाकर नोनिया रूपेश सिंह मनोज यादव डीएन यादव मनोज हादी सहित सैकड़ो कांग्रेसियों ने बधाई दिया है।

बाइक सवार ने महिला को मारी टक्कर, तीन लोग हुए घायल

गुमला । गुमला छत्तीसगढ़ नेशनल हाईवे रोड स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र रायडीह के समीप बाइक सवार कटकाही तेंदार टोली चैनपुर निवासी थादुयस मिंज ने पैदल चल रही महिला को पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया। घटना में महिला को गंभीर चोट लगी और वह सड़क पर गिरकर बेहोश हो गई। वहीं बाइक चालक और बाइक के पीछे बैठे आकाशी चैनपुर निवासी आनंद कुजूर घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक दोनों व्यक्ति गुमला से वापस चैनपुर लौट रहे थे थादुयस लोटा पानी में चक्रधरपुर गया था। कार्यक्रम में रात्रि जागरण के कारण ठीक से सो नहीं पाया वहीं अपने एक मित्र के साथ गुमला से अपने गांव जा रहा था तभी उसे आंख लग गई और सड़क किनारे पैदल चल रही शाही टोली रायडीह निवासी महिला को पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया। वहीं तीनों घायलों को उप स्वास्थ्य केंद्र रायडीह में प्राथमिक उपचार के बाद को सदर अस्पताल भेजा गया। सदर अस्पताल में उपचार के दौरान महिला को होश नहीं आया है। जबकि बाइक चालक को सर चेहरा हाथ पैर सहित शरीर के काई हिस्से में काफी चोट लगी है। जबकि बाइक में पीछे बैठे आनंद को हल्की चोट लगी।

हाई स्कूल रायडीह के समीप कलवर्ट में बैठे किशोर को बाइक सवार ने मारी टक्कर, तीन घायल एक रिम्स रेफर

गुमला। रायडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत हाई स्कूल रायडीह के समीप सामने बाइक खड़ी कर कलवर्ट पर बैठे सालकाया निवासी 15 वर्षीय गौतम राम पिता रमना राम को बाइक सवार करंज निवासी 20 वर्षीय अरुण मुंडा ने जोरदार टक्कर मार दिया। घटना में गौतम का बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। टक्कर में गौतम को गंभीर चोट लगी वह जमीन पर गिरकर बेहोश हो गया। जानकारी के मुताबिक गौतम व उसका दोस्त सलकाया निवासी 16 वर्षीय हषिकेश गोसाई पिता शिव शंकर दास गोसाई कलवर्ट पर बैठकर कुरकुरे खा रहे थे। वही हर्षिकेश कुछ दूरी पर बैठा था। जबकि गौतम बाइक के सामने ही बैठा था। तभी करंज थाना निवासी 20 वर्षीय अरुण मुंडा पिता मनोज मुंडा अपने दोस्त रोहित सोरेन पिता मरमोद सोरेन अपने भाई का शादी का निमंत्रित कार्ड देने विजय टांड रायडीह गया था वही वापसी के क्रम में तेज गति से बाइक चलाते हुए लौट रहे थे। घटना के बाद गौतम और अरुण बेहोश हो गए। घटना में रोहित को भी चोट लगी। स्थानीय लोगों की मदद से गौतम अरुण और रोहित को उप स्वास्थ्य केंद्र रायडीह में उपचार के बाद सदर अस्पताल लाया गया। जहां गौतम राम की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने उसे रेफर कर दिया। मंगलवार की रात 10:00 बजे एंबुलेंस से परिजन उसे रिम्स ले गए।

रामनवमी में चौपारण पहुंचे मनीष व मनोज, अखाड़ों में रामभक्तों से मिले, किया गया स्वागत

चौपारण, हजारीबाग। रामनवमी को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह है। भगवान राम के जन्मदिवस को सभी उत्सव के रुप में मना रहें हैं। वहीं नवरात्रि के अंतिम दिवस पर मंदिरों में माता सिद्धीदात्री की भक्तिमय आराधना तथा कन्यापूजन किया गया। इस दौरान क्षेत्र के सबसे चर्चित चक्रसार सिंहपुर अखाड़ा, दादपुर , बेला,भुषणडीह, यवनपूर, चौपारण भंडार, ताजपुर अखाड़ा, देवी मंडप चतरा मोड, सिंघरांवा समेत आधे दर्जन से अधिक अखाड़ों पर भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल तथा पूर्व विधायक मनोज यादव पहुंच कर रामभक्तों का उत्साह बढ़ाया। इस दौरान सभी अखाड़ों पर संबंधित समितियों द्वारा नेताद्धय को सम्मानित किया गया। उन्हें पगडी बांधकर सम्मानित किया गया। इस दौरान दोनों नेताओं ने अखाड़ों में लाठियां भी भांजा। सभी को रामनवमी की शुभकामनाएं अर्पित की गई और क्षेत्र में सुख शांति की कामना हुई। इस दौरान जिप सदस्य राकेश रंजन, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश सहाय, रामस्वरूप पासवान, समाजसेवी हरिश्चंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष मुकेश सिन्हा, मुखिया गंदौरी दाँगी, मुखिया प्रतिनिधि राजदेव यादव, पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि बिराज रविदास, भाजपा नेता अरविंद सिन्हा, अशोक ठाकुर, आशीष सिंह, रामचन्द्र सिंह, सियाराम सिंह, सुरेन्द्र पांडेय, प्रमोद ठाकुर, शिवकुमार यादव, सतेंद्र सिंह सहित बडी संख्या में लोग मौजूद थे।

राहुल गांधी के बातों को सुनकर जन-जन तक पहुंचने का काम कि जाएगा : बिट्टू पाठक

मेदिनीनगर पलामू। पलामू जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वाधान में आगामी 21 अप्रैल 2024 को रांची स्थित प्रभात तारा मैदान में आयोजित उलगुलान न्याय रैली को लेकर बैठक का आयोजन जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक की अध्यक्षता में किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि उलगुलाम न्याय महारैली के लिए पलामू जिला से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता इस उलगुलान न्याय महारैली में भाग लेंगे और प्रभात तारा स्थित इस रैली में उपस्थित होकर महागठबंधन के तमाम नेताओं के साथ-साथ कांग्रेस के शीर्ष नेता मल्लिकार्जुन खड़के सोनिया गांधी राहुल गांधी जी के बातों को सुनकर इनकी बातों को जन-जन तक पहुंचने का काम कि जाएगा यह महा रैली से झारखंड की दिशा करेगी लोकसभा चुनाव में 14 के 14 सीटों में इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार की जीत सुनिश्चित होगी प्रदेश की जनता ने ठाना है की झारखंड से भारतीय जनता पार्टी को तड़ीपार किया जाएगा बैठक में सोमेश्वर प्रसाद पूर्णिमा पांडे ओमप्रकाश अमन विनोद तिवारी समीम अहमद राइन अजय साहू जितेंद्र कमलापुरी कृष्ण मणि दुबे संनू खान देवांग शुक्ला विद्या सिंह चेरो इंदु भगत दीपक कुमार लाल नफीस खान रिजवान खान सैलेश कुमार सचितानंद शुक्ला संजीव सिंह जतरू उराव खुर्शीद आलम अनिल कुमार सिंह रविंद्र तिवारी इम्तियाज अली उमेश यादव प्रमोद यादव ललित कुमार सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

दीपिका पांडे सिंह के विरोध में उतरे प्रदीप यादव के समर्थक

दुमका। विधायक प्रदीप यादव की जगह दीपिका पांडे सिंह को गोड्डा लोकसभा क्षेत्र से इंडी गठबंधन प्रत्याशी बनाये जाने का विरोध शुरू हो गया है। खासकर सरैयाहाट प्रखंड में मामले को लेकर काफी उबाल देखा जा रहा। बुधवार को सेकड़ों की संख्या में कार्यता मतीन अंसारी और अशोक यादव के नेतृत्व में दुमका पहुंच जिलाध्यक्ष और प्रदेश प्रवक्ता के सामने आबादी के हिसाब से टिकट की मांग की। कार्यकताओं ने दो टुक में साफ कह दिया की अगर कांग्रेस आलाकमान पुनर्विचार नहीं करती है तो सेकड़ों की संख्या में वेलोग सामूहिक रूप से पार्टी छोड़ देंगे।

भारत के चमगादड़

डॉ. रोहित चक्रवर्ती

चमगादड़ों का अध्ययन करने और लोगों से बात करने के अपने अनुभवों के माध्यम से, मैंने महसूस किया है कि चमगादड़ों से नफरत करने वाले अधिकांश लोगों ने उन्हें कभी करीब से नहीं देखा है। इस चित्र-कथा की मदद से, मैं चमगादड़ों को सौम्य और नम्र जानवरों के रूप में दिखाना चाहता हूं, जिससे यह घृणा पैदा करने के बजाय, लोगो के मन में विस्मय और आश्चर्य पैदा कर सकें।

बैट : अगर हम क्रिकेट बैट की बात नहीं कर रहें हैं तो केवल यह शब्द ही प्रबल नकारात्मक भावनाओं को जगाने के लिए काफी होता है। सदियों से मिथकों में डूबा हुआ, चमगादड़ या बैट, घृणित जानवरों की सूची में शायद सबसे पहले गिना जाता है। पर सच तो यह है कि चमगादड़ घृणित बिलकुल भी नहीं। मैंने एक दशक से अधिक समय तक चमगादड़ों का अध्ययन किया है और हर बार उन्हें देखकर मेरा उनके प्रति लगाव और बढ़ गया है। ये छोटे पावरहाउस हैं जो जटिल सोनार सिस्टम की सहायता लेकर रात के आकाश में विचरण करते हैं। जब हम सो रहे होते हैं, फल खाने वाले चमगादड़ जंगली केले, मैंग्रोव और महुआ जैसे व्यावसायिक और सांस्कृतिक रूप से महत्वपूर्ण पेड़ों को परागित करते हैं। कीड़े-मकौड़े खाने वाले चमगादड़ हमें कपास, मक्का और चावल की फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले कीड़ों से छुटकारा दिलाते हैं। जहाँ तक यह धारणा है कि चमगादड़ अशुद्ध जानवर हैं, मैंने शोध के लिए जिन चमगादड़ों को अपने हाथों में पकड़ा है, उनमें से अधिकांश के बाल इतने चिकने और रेशमी थे कि वे शैम्पू विज्ञापन मॉडल बनकर अपना करियर बना सकते थे! चमगादड़ों का अध्ययन करने और लोगों से बात करने के अपने अनुभवों के माध्यम से, मैंने महसूस किया है कि चमगादड़ों से नफरत करने वाले अधिकांश लोगों ने उन्हें कभी करीब से नहीं देखा है। इस चित्र-कथा की मदद से, मैं चमगादड़ों को सौम्य और नम्र जानवरों के रूप में दिखाना चाहता हूं, जिससे यह घृणा पैदा करने के बजाय, लोगो के मन में विस्मय और आश्चर्य पैदा कर सकें।

1. भारतीय फ्लाइंग फॉक्स

चार फीट के विशाल पंखों वाला यह विशाल चमगादड़ हमारी सबसे परिचित प्रजाति है। जैसा कि नाम से पता चलता है, ये चमगादड़ सिर्फ पंख वाले कुत्ते हैं - लेकिन शाकाहारी कुत्ते! फ्लयिंग फॉक्स विशेष रूप से फलों और पत्तियों का भोजन करते हैं। जब आप महानगर के ट्रैफिक में फंसे होते हैं, तो ये सुंदर चमगादड़ अक्सर एक दिशा में 50 किमी तक लंबी दूरी अपने पसंदीदा फलदार पेड़ों तक पहुंचने के लिए तय करते हैं। फलों और फूलों को खाकर और इतनी लंबी दूरी तय करके, फ्लयिंग फॉक्स पेड़ों को परागित करते ह ै और फलों के बीजों को दूर-दूर तक फैलाते हैं। इससे हमारे शहरों को हरा-भरा करने के लिए अधिक पेड़ लगाने में मदद मिलती है। वही दूसरी ओर, उनकी इसी फल खाने की आदत के कारण दुर्भाग्यवश उन्हें फल उत्पादक पसंद नहीं करते।

जैसे-जैसे तापमान बढ़ना शुरू होता है, फ्लयिंग फॉक्स को देखने का सबसे अच्छा तरीका शाम के समय अपनी नजदीकी झील पर इंतजार करना है। सूर्यास्त के समय, आपको ये आते और पानी पीने के लिए उतरते दिखाई देंगे। सभी जंगली जानवरों की तरह, चमगादड़ के शरीर में भी वायरस पनपते हैं। फ्लयिंग फॉक्स के शरीर में निपाह वायरस पाए जाते हैं। ध्यान में रखने वाली बात यह है कि, मनुष्यों में बीमारी का संचरण दुर्लभ है और इसे बुनियादी स्वच्छता नियमों का पालन करके रोका जा सकता है; जैसे कि चमगादड़ की बस्तियों या मल के निकट संपर्क में न आना और चमगादड़ (या उस मामले में किसी भी जानवर) द्वारा काटे गए गिरे हुए फलों का सेवन न करना।

2. भारतीय पिग्मी चमगादड़

यदि भारत में सबसे परिचित चमगादड़ फ्लाइंग फॉक्स (हमारी सबसे बड़ी प्रजाति) है, तो दूसरी सबसे परिचित प्रजाति है सबसे छोटी प्रजाति - भारतीय पिग्मी चमगादड़। पंखों वाला, मुस्कुराते हुए चूहे की तरह दिखने वाला यह चमगादड़ सिर से पैर तक केवल 4 सेमी का है और इसका वजन मात्र 4 ग्राम है - जो कोलगेट टूथपेस्ट की सबसे छोटी ट्यूब से भी हल्का है! पर उनके छोटे आकार पर मत जाईये। हर रात, एक अकेला छोटा चमगादड़ पतंगे, छोटे भृंग और यहां तक कि मच्छरों जैसे एक हजार से अधिक कीड़ों को खा सकता है। इस क्रिया को आप आपके नजदीकी स्ट्रीटलाइट के नीचे खड़े होकर लाइव देख सकते हैं, जहां ट ा े चमगादड़ अपने उच्च स्वर वाले अल्ट्रासोनिक संकेतों का उपयोग कर इधर से उधर उड़ान भरते हैं और प्रकाश की ओर आकर्षित कीड़ों को पकड़ने के लिए पैंतरेबाजी लगाते हैं। वे हमारे घरों और अपार्टमेंटों में किसी एकांत अंधेरे कोने या दरार में सोकर दिन का समय बिताते हैं। एक बार जब मैं कुछ दिनों के लिए दिल्ली में रह रहा था तो मैंने एक चौथी मंजिल के फ्लैट की बालकनी में एक सिक्के के आकार के छेद के अंदर एक पिग्मी चमगादड़ को सोते हुए पाया।

3. कोलार पत्ती-नाक वाला चमगादड़

हमारे सबसे आम चमगादड़ों के बारे में जानने के बाद, आइए सबसे दुर्लभ और सबसे लुप्तप्राय चमगादड़ों की बात करते हैं। कोलार लीफ-नोज्ड बैट या पत्ती नाक वाले चमगादड़ एक छोटी प्रजाति है जिनका वजन लगभग 10 ग्राम होता है। पत्ती-नाक वाले चमगादड़ों का नाम उनकी पतली और गोल नाक के कारण रखा गया है जो पत्तियों से मिलती जुलती है। इनके नाक के छेद इस जटिल नाक के ऊपर की ओर होते हैं। अपने मुँह के माध्यम से अल्ट्रासोनिक ध्वनि निकालने के बजाय, पत्ती-नाक वाले चमगादड़ अपनी नाक के माध्यम से ध्वनि निकालते हैं। ऐसा करने से वे 180 किलोहर्ट्ज. तक की ध्वनि उत्पन्न कर सकते हैं - जो हमारी सुनने की क्षमता से नौ गुना अधिक ऊंची ध्वनि है! जबकि अधिकांश अन्य पत्ती-नाक वाले चमगादड़ देश के विभिन्न हिस्सों में आम हैं, कोलार पत्ती-नाक वाले चमगादड़ केवल बेंगलुरु और चेन्नई के बीच स्थित खनन शहर कोलार की दो गुफाओं में पाए जाते हैं। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि इनकी संख्या सिर्फ 250 तक हो सकती है और इनके लिए सबसे बड़ा खतरा ग्रेनाइट खनन है। अच्छी बात यह है कि हाल के वर्षों में, उस्मानिया विश्वविद्यालय, हैदराबाद और बैट कंजर्वेशन इंडिया ट्रस्ट के वैज्ञानिकों के प्रयासों से इस गंभीर रूप से लुप्तप्राय चमगादड़ की रक्षा के लिए गुफाओं को सुरक्षा प्रदान किया जा रहा है।

4. ग्रेटर माउस-टेल्ड चमगादड़

उत्तर भारत के खंडहरों और किलों में ग्रेटर माउस-टेल्ड चमगादड़ रहते हैं। जैसा कि नाम से पता चलता है, इस चमगादड़ की एक लंबी, चाबुक जैसी पूंछ होती है जिसे यह अक्सर हिलाता है। खुशी में अपनी पूंछ हिलाने वाले कुत्ते के विपरीत, यह चमगादड़ अपनी पूंछ का उपयोग एक अलग उद्देश्य के लिए करते हैं। पूंछ के सिरे पर महीन बाल होते हैं जो - बिल्ली की मूंछों की तरह - चमगादड़ को अपने आस-पास के परिवेश को समझने में मदद करती हैं। जब यह चमगादड़ अपने निवास स्थान पर मनुष्यों या किसी शिकारी द्वारा परेशान किये जाते हैं, तो यह अपने पीछे की दीवारों को महसूस करने के लिए अपनी पूंछ का उपयोग करते हैं और एक दरार पाकर चुपचाप पीछे कि ओर चले जाते हैं। इसके अलावा, जब कीड़ों का शिकार करने के लिए ये उड़ान भरते हैं, तो पूंछ का उपयोग स्थिरता बनाए रखने और दिशा बदलने के लिए किया जाता है। माउस-टेल्ड चमगादड़ विशेष रूप से देश के शुष्क क्षेत्रों में पाए जाते हैं। नागपुर के एक धूप-प्रेमी, बारिश-नापसंद करने वाले व्यक्ति के रूप में मैं उनकी इस जीवनशैली को पसंद करता हूं!

5. लंबी जीभ वाला फल चमगादड़

आइए एक लंबी पूँछ वाले चमगादड़ से, अब एक असाधारण लंबे चेहरे वाले चमगादड़ की ओर आगे बढ़ें। चिंता न करें, लंबी जीभ वाले फल चमगादड़ का चेहरा लंबा होता है, इसलिए नहीं कि वह गुमसुम होते हैं, बल्कि इसलिए क्योंकि उसे फूलों में गहराई तक जाने के लिए उस लंबाई की आवश्यकता होती है, जहाँ से वह रस चूसते हैं। इन चमगादड़ों पर अध्ययन कम किया गया है पर ऐसा माना जाता है कि यह मुख्य रूप से जंगली केले के रस का भोजन करते हैं और उनके परागण में मदद करते हैं। इसलिए, यह कहना गलत नहीं होगा कि लंबी जीभ वाले फल चमगादड़ों के बिना, केले कम होंगे। और केले के बिना, हम कोविड लॉकडाउन के दौरान चले अपने पसंदीदा शौक - केले की ब्रेड पकाना - क्या कर पाएंगे? भारत में यह प्रजाति केवल पूर्वोत्तर भारत में पाई जाती है।

6. लेसर फाल्स वैम्पायर चमगादड

फॉल्स वैम्पायर बड़े खरगोश जैसे कानों वाले प्यारे चमगादड़ होते हैं। लेकिन इस सुन्दरता के पीछे एक गुप्त शिकारी छिपा हुआ है। भारत में पाए जाने वाले अधिकांश चमगादड़ या तो कीड़े खाते हैं या फल। फॉल्स वैम्पायर मांसाहारी होते हैं। वे ऐसा कुछ भी खा लेते हैं जिसे वे पकड़ सकते हैं। लेसर फाल्स वैम्पायर इधर-उधर जाने के लिए अपने इकोलोकेशन कॉल का उपयोग करके जमीन और झाड़ियों के करीब उड़ते हैं। बड़े कान इन्हें अपने शिकार की गतिविधि का पता लगाने में मदद करते हैं। एक बार जब कोई बड़ा शिकार जैसे कि झाड़ीदार झींगुर या पक्षी पकड़ा जाता है, तो उसे वापस घोंसले में लाया जाता है और टुकड़े-टुकड़े कर दिया जाता है। फॉल्स वैम्पायर देश के पश्चिमी घाट, पूर्वी घाट, पूर्वोत्तर भारत और अंडमान द्वीप समूह जैसे नम क्षेत्रों में पाए जाते हैं।

7. पूर्वी बारबास्टेल

पूर्वी बारबास्टेल एक स्लेटी रंग का, अजीब चेहरे वाला 10 ग्राम का चमगादड़ है। इनके कान, एक छोटी जोड़ी आंखों के ठीक ऊपर आगे की ओर होते हैं। दूसरे शब्दों में, यदि आपको फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता के लिए इस चमगादड़ के रूप में तैयार होना है, तो आपको अपने कानों को अपने माथे पर चिपकाना होगा! यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि कुछ चमगादड़ शोधकर्ता बारबास्टेल को प्यार से बार्बी कहते हैं। अधिकांश चमगादड़ों की प्रजातियों की तरह, बार्बी पतंगों का शिकार करते हैं। विकास के लाखों वर्षों में, पतंगों ने भी चमगादड़ के अल्ट्रासोनिक संकेतों को सुनने और उनसे बचने के लिए तंत्र विकसित कर लिए हैं। पर बार्बी ऐसी धीमी आवाजें निकालते हैं जो पतंगे के कान में फुसफुसाहट से भी ज्यादा धीमी होती हैं और वे पास आते चमगादड़ का पता नहीं लगा पाते। भारत में, यह प्रजाति केवल हिमालय, पूर्वोत्तर भारत और दक्षिणी पश्चिमी घाट के ठंडे, पर्वतीय जंगलों में पाई जाती है।

8. चित्रित चमगादड़ / नारंगी चमगादड़



स्लेटी, भूरे और सांवले चमगादड़ बहुत हो गए! चमगादड़ रंगीन भी हो सकते हैं और चित्रित चमगादड़ से बेहतर कोई प्रजाति इसका उदाहरण नहीं हो सकती। इसके चमकीले रंगों के कारण इसे कई स्थानीय भाषाओं में तितली चमगादड़ का नाम भी मिला है। चित्रित चमगादड़ देश के कई अलग-अलग हिस्सों में पाया जाते हैं लेकिन इनका सामना कम ही होता है। हैरानी की बात यह है कि यह अपने चमकीले रंगों को छलावरण के रूप में उपयोग करते हैं। एक बार जब यह छोटा चमगादड़ सूखे केले के पत्तों के भीतर खुद को स्थापित कर लेता है, तो इसे पहचानना बेहद मुश्किल हो जाता है। चित्रित चमगादड़ बुनकर पक्षियों के लटकते घोंसलों के अंदर सोने के लिए भी जाने जाते हैं। दुर्भाग्य से, उनकी सुंदरता उनके लिए नुकसानदायक भी है। हाल के वर्षों में, वन्यजीव व्यापार के कारण चित्रित चमगादड़ों को खतरा बढ़ गया है। उन्हें अवैध रूप से पकड़ा जाता है, मार दिया जाता है और पश्चिमी बाजारों में बिक्री के लिए काँच के स्मृति चिन्ह के रूप में तैयार किया जाता है।

पंचांग, राशिफल, शब्द पहेली, सूडोकू

आज का राशिफल : 18 अप्रैल, 2024

मेष : ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-1-3-6

वृष : परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-3-4-5

मिथुन : जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभांक-5-6-6

कर्क : लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। शुभांक-7-8-9

सिंह : अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी।व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-7-8-9

कन्या : रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यह ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। शुभांक-7-8-9

तुला : ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढने. में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा टालें। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-4-7-9

वृश्चिक : विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। कार्य भार बढ़ेगा। शुभांक-5-7-9

धनु : कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होंगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। समय का सदुपयोग करें। साधन और भोग-विलास के प्रचुर अवसर होंगे। शुभांक-4-7-8

मकर : कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। परामर्श व परिस्थिति का सहयोग मिलेगा। शुभांक-6-8-9

कुंभ : कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। शुभांक-4-7-8

मीन : लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। शुभांक-4-6-9







जिम्बाब्वे ने कर्टनी वॉल्श को महिला टीम का कोचिंग सलाहकार नियुक्त किया

अबू धाबी (हि.स.)। जिम्बाब्वे ने 25 अप्रैल से अबू धाबी में होने वाले आईसीसी महिला टी20 विश्व कप क्वालीफायर 2024 से पहले वेस्टइंडीज के महान तेज गेंदबाज कर्टनी वॉल्श को महिला टीम का कोचिंग सलाहकार नियुक्त किया है।

वाल्टर चावागुटा द्वारा प्रशिक्षित जिम्बाब्वे महिला टीम ने हाल ही में अफ्रीकी खेलों में स्वर्ण पदक जीता है, और अब इस साल के अंत में बांग्लादेश में होने वाले मुख्य महिला टी20 विश्व कप आयोजन के लिए क्वालीफाई करने की कोशिश कर रही है। जिम्बाब्वे मेजबान यूएई, आयरलैंड, नीदरलैंड और वानुअतु के साथ ग्रुप बी में है।

वाल्श, जिन्होंने 132 मैचों में 519 टेस्ट विकेट लिए, अक्टूबर 2020 से अप्रैल 2023 तक वेस्टइंडीज महिला टीम के मुख्य कोच रहे। उनके नेतृत्व में, टीम न्यूजीलैंड में 2022 महिला एकदिवसीय विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंची, जहां टीम को अंतिम विजेता ऑस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा।

जिम्बाब्वे क्रिकेट के प्रबंध निदेशक गिवमोर मकोनी ने एक बयान में कहा,÷वाल्श दुनिया के महानतम क्रिकेटरों में से एक हैं और हमारा मानना है कि विशेष रूप से महिलाओं के खेल के उच्चतम स्तर पर उनका अनुभव साल के अंत में मुख्य वैश्विक टूर्नामेंट में दो स्थानों में से एक को सुरक्षित करने की हमारी संभावनाओं को बढ़ावा देगा।

उन्होंने कहा, हम अबू धाबी में आईसीसी महिला टी20 विश्व कप क्वालीफायर में अपने अभियान के लिए तकनीकी सलाहकार के रूप में कर्टनी को लाने में सक्षम होने के लिए खुद को भाग्यशाली मानते हैं।

दोनों ग्रुप की शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। अपने-अपने ग्रुप में पहले स्थान पर रहने वाली टीमें विरोधी ग्रुप के दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम से भिड़ेंगी। 5 मई को होने वाले सेमीफाइनल के विजेता 7 मई को क्वालीफायर फाइनल में भिड़ेंगे। विजेता टीम आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2024 के लिए क्वालीफाई करेगी।

बीएमडब्ल्यू ओपन: भांबरी-ओलिवेटी की जोड़ी ने किया बड़ा उलटफेर, सैंडर गिल और जोरन व्लिगेन को हराया

म्यूनिख (हि.स.)। युकी भांबरी और उनके फ्रांसीसी साथी अल्बानो ओलिवेटी ने बीएमडब्ल्यू ओपन के शुरुआती दौर में एक बड़ा उलटफेर करते हुए बुधवार को मौजूदा फ्रेंच ओपन फाइनलिस्ट सैंडर गिल और जोरन व्लिगेन को 4-6, 7-6, 10-6 से हरा दिया। पहला सेट हारने के बाद, इंडो-फ्रेंच जोड़ी ने अगले दो सेटों में वापसी की और पिछले हफ्ते मोंटे-कार्लो मास्टर्स जीतने वाले गिले और व्लिगेन को हराया। इससे पहले भांबरी-ओलिवेट्टी की जोड़ी माराकेच ओपन के सेमीफाइनल में पहुंची थी, जहां उन्हें दूसरी वरीयता प्राप्त ऑस्ट्रिया के लुकास मिडलर और अलेक्जेंडर एर्लर की जोड़ी से हार का सामना करना पड़ा था। भांबरी-ओलिवेट्टी की जोड़ी वर्तमान में एटीपी रैंकिंग में 59वें स्थान पर हैं। भांबरी ने युगल पर ध्यान केंद्रित करने के लिए जनवरी में पुरुष एकल छोड़ दिया था। इस बीच, रुतुजा भोसले डब्ल्यू50 शेनझेन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई, जो एक हार्ड-कोर्ट इवेंट था। रुतुजा युगल में भी चीन की येक्सिन मा के साथ साझेदारी करते हुए भी क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं।

बांग्लादेश ने टी20 विश्व कप के लिए मुश्ताक अहमद को स्पिन गेंदबाजी कोच नियुक्त किया

ढाका (हि.स.)। पाकिस्तान के पूर्व लेगस्पिनर मुश्ताक अहमद इस साल टी20 विश्व कप तक बांग्लादेश के स्पिन-गेंदबाजी कोच होंगे। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने मंगलवार को घोषणा की कि मुश्ताक अगले महीने जिम्बाब्वे के खिलाफ टीम की टी20 सीरीज से पहले तैयारी शिविर के लिए ढाका आएंगे।

मुश्ताक अहमद ने बीसीबी के हवाले से कहा, स्पिन गेंदबाजी कोच के रूप में बांग्लादेश क्रिकेट टीम का हिस्सा बनना मेरे लिए बड़े सम्मान की बात है। मैं इस भूमिका के लिए उत्सुक हूं और अपने अनुभव को खिलाड़ियों तक पहुंचाना चाहता हूं क्योंकि वे बहुत प्रशिक्षित हैं और मैं हमेशा मानता हूं कि वे सबसे खतरनाक टीमों में से एक हैं। वे किसी को भी हरा सकते हैं क्योंकि उनके पास क्षमता, संसाधन हैं और प्रतिभा है। मैं टीम के साथ काम करने के अवसर से बहुत उत्साहित हूं।

मुश्ताक ने रंगना हेराथ की जगह ली है, जो जून 2021 में शामिल होने के बाद से दो साल तक इस भूमिका में थे।

मुश्ताक बांग्लादेश कोचिंग स्टाफ में मुख्य कोच चंडिका हथुरुसिंघे, सहायक कोच निक पोथास, बल्लेबाजी कोच डेविड हेम्प और तेज गेंदबाजी कोच आंद्रे एडम्स सहित अन्य लोगों के साथ शामिल होंगे।

स्पिन गेंदबाजी कोच के रूप में मुश्ताक का सबसे लंबा समय तब था जब उन्होंने 2008 से 2014 तक इंग्लैंड की पुरुष टीम के साथ काम किया। उन्होंने पाकिस्तान के लिए भी 2014 से 2016 तक गेंदबाजी सलाहकार के रूप में, और 2020 से 2022 तक स्पिन गेंदबाजी कोच के रूप में काम किया।

मुश्ताक 1992 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य थे। उन्होंने पाकिस्तान के लिए 144 वनडे और 52 टेस्ट मैच खेला है। उन्होंने काउंटी क्रिकेट में भी शानदार प्रदर्शन किया और 2003 से 2007 तक लगातार सीज़न में सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बने।

रूद्रांश ने की शानदार बल्लेबाजी, मेगा ट्रेंड ने जीता मैच

लखनऊ (हि.स.)। एसएमआर क्रिकेट कप 2024 अंडर-16 टूर्नामेंट में मेगा ट्रेंड ने द क्रिएटर्स क्रिकेट क्लब को 40 रन से हरा दिया। इस मैच में रूद्रांश ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 88 रन बनाये। मेमा ट्रेंड्स क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 40 ओवर में पांच विकेट गवांकर 254 रन बनाये। सलामी बल्लेबाज प्रबंलजीत मात्र 14 रन बनाकर आउट हो गये। वहीं रुद्रांश ने 10 चौका और तीन छक्का की मदद से 75 बाल पर 88 रन बनाये, जबकि क्षितिज अवस्थी ने 20 रन का योगदान दिया। अमन यादव ने छह चौका और तीन छक्का की मदद से 86 बाल पर 81 रन बनाये और अंत तक क्रीज पर जमे रहे। वहीं द क्रिएटर्स की टीम 214 रन बनाकर ही पवेलियन लौट गयी और मेगा ट्रेंड्स ने 40 रन से मैच को जीत लिया। अपनी टीम में सर्वाधिक प्रत्युष ने 76 रन बनाये। वहीं राज शुक्ला ने 24 रन का योगदान दिया।

अकबर ने की शानदार बल्लेबाजी, यूनिटी ने जीता मैच

लखनऊ (हि.स.)। काल डेकथ्लान फ्लैक्स कप में यूनिटी क्रिकेट एकेडमी ने फोरेन्सिस क्रिकेट क्लब को नौ विकेट से हरा दिया। यूनिटी के बल्लेबाज अकबर रिजवी ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 64 रन बनाये। फोरेसिंस की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट गवांकर 132 रन बनाये। सलामी बल्लेबाज फैज हसन ने 25 रन का योगदान दिया। वहीं प्रिंस वर्मा और अर्श ने 13-13 रन बनाये, जबकि विकास प्रधान ने 21 रन का योगदान दिया। ललित ने 18 रन बनाये। वहीं यूनिटी के बल्लेबाज मात्र एक विकेट खोकर 18वें ओवर में ही 135 रन बनाकर मैच को नौ विकेट से जीत लिया। अकबर रिजवी ने छह चौका और एक छक्का की मदद से 51 बाल पर 64 रन बनाये और अंत तक क्रीज पर जमे रहे। वहीं अली ने 50 रन का योगदान दिया, जबकि कर्तव्य जैन 15 रन बनाकर आउट हो गये।

आईसीसी ने डेरेक अंडरवुड के निधन पर जताया शोक

दुबई (हि.स.)। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार देर रात आईसीसी हॉल ऑफ फेम डेरेक अंडरवुड के निधन पर शोक जताया है। इंग्लैंड के दिग्गज क्रिकेटर अंडरवुड का सोमवार को 78 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। एक बयान में, आईसीसी के मुख्य कार्यकारी ज्योफ एलार्डिस ने प्रसिद्ध बाएं हाथ के स्पिनर के कारनामों को याद किया और उन्हें अब तक के सबसे सटीक गेंदबाजों में से एक बताया। आईसीसी के मुख्य कार्यकारी ज्योफ एलार्डिस ने कहा, डेरेक के निधन के बारे में सुनकर दुख हुआ। मैं आईसीसी में हर किसी की ओर से खेल के सर्वकालिक महान खिलाड़ियों में से एक के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं। डेरेक टेस्ट क्रिकेट में इंग्लैंड के सबसे सफल स्पिन गेंदबाजों में से एक रहे हैं और प्रथम श्रेणी क्रिकेट में उनका रिकॉर्ड शानदार है। वह सूखी विकेटों पर अपनी तेज स्पिन गेंदबाजी से सबसे खतरनाक थे लेकिन अपने लंबे करियर के दौरान उन्होंने दिखाया कि जरूरत पड़ने पर वह अपनी गति में बदलाव कर सकते हैं। अंडरवुड ने 1966 से 1982 के बीच 86 टेस्ट मैचों में 297 विकेट और 26 वनडे मैचों में 32 विकेट हासिल किए। उन्होंने अपने पूरे करियर में केंट के लिए खेला और 676 प्रथम श्रेणी मैचों में 2,465 विकेट और 411 लिस्ट ए मैचों में 572 विकेट हासिल किए। वह सितंबर 1969 से अगस्त 1973 तक पूर्वव्यापी आईसीसी पुरुष टेस्ट प्लेयर रैंकिंग में शीर्ष रैंक वाले गेंदबाज थे और 2009 में आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल होने वाले शुरुआती 55 खिलाड़ियों में से थे। वह 2008 में मैरीलेबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) के अध्यक्ष भी थे।

अंडर-23 एशियाई फुटबॉल कप ; जापान ने चीन को 1-0 से हराया

दोहा (हि.स.)। कुरु मात्सुकी के शुरुआती गोल की मदद से जापान की 10 सदस्यीय टीम ने मंगलवार को यहां अंडर-23 एशियाई कप के ग्रुप चरण के पहले दौर में चीन पर 1-0 से जीत दर्ज की। अंडर-23 एशियाई कप पेरिस ओलंपिक के लिए एक क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट भी है।

एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप 2024: भारत ने नौ पदकों के साथ समाप्त किया अपना अभियान

बिश्केक (हि.स.)। भारतीय दल ने किर्गिस्तान के बिश्केक में एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप 2024 में नौ पदकों के साथ अपना अभियान समाप्त किया, इन नौ पदकों में चार रजत और पांच कांस्य पदक शामिल हैं।

मंगलवार को समाप्त हुई छह दिवसीय प्रतियोगिता में कुल 30 भारतीय पहलवानों ने भाग लिया। 30 पहलवानों में से दस ने पुरुष फ्रीस्टाइल, 10 ने पुरुष ग्रीको-रोमन और 10 ने महिला फ्रीस्टाइल में भाग लिया।

पुरुषों की फ्रीस्टाइल में, अंडर-20 एशियाई चैंपियन, उदित ने 57 किग्रा में रजत पदक जीता, जबकि अभिमन्यु (70 किग्रा) और विक्की (97 किग्रा) ने पहले दिन अपने-अपने वजन वर्गों में कांस्य पदक जीते।

वहीं, महिला कुश्ती में 23 साल की राधिका ने शनिवार को 68 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीता, जबकि शिवानी पवार ने 50 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीता।

अंजू और हर्षिता ने क्रमशः 53 किग्रा और 72 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीते। पहलवान मनीषा (62 किग्रा) और अंतिम पंघाल (65 किग्रा) को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

अंजू को फाइनल में डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया की जी हयांग किम से 10-0 से हार का सामना करना पड़ा और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

हर्षिता महिलाओं के 72 किग्रा के स्वर्ण पदक मैच में चीन की कियान जियांग से 5-2 से हार गई और रजत पदक हासिल किया।

विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता और दो बार की एशियाई चैंपियन सरिता मोर, जो महिलाओं के 57 किग्रा में शामिल थीं, क्वार्टर फाइनल में अपना मैच हारकर खाली हाथ टूर्नामेंट से बाहर हो गईं।

अम्मान में आयोजित महाद्वीपीय चैंपियनशिप के पिछले संस्करण में, भारतीय पहलवानों ने 14 पदक जीते, जिसमें एक स्वर्ण, तीन रजत और दस कांस्य पदक शामिल थे।

अब तक, भारत ने कुश्ती में केवल एक पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा हासिल किया है। 2023 विश्व चैंपियनशिप में महिलाओं के 53 किग्रा में कांस्य पदक जीतने के बाद अंतिम पंघाल ने ग्रीष्मकालीन खेलों में अपना स्थान पक्का कर लिया।

आई-लीग 2023-24 के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए एलेजांद्रो सांचेज़ लोपेज़

नई दिल्ली, (हि.स.)। गोकुलम केरल एफसी के खिलाड़ी एलेजांद्रो सांचेज़ लोपेज़ ने आई-लीग 2023-24 के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी और सर्वोच्च स्कोरर का पुरस्कार जीता। लोपेज़ ने लीग के 22 मैचों में 19 गोल किये और शीर्ष स्कोरर रहे। हालाँकि उनका क्लब, गोकुलम केरल एफसी आई-लीग तालिका में तीसरे स्थान पर रहा। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने बुधवार को आई-लीग 2023-24 सीज़न के पुरस्कार विजेताओं की सूची की घोषणा की। आई-लीग का एक और सीज़न समाप्त हो गया है, जिसमें मोहम्मडन स्पोर्टिंग ने अपना पहला राष्ट्रीय लीग खिताब जीता और इंडियन सुपर लीग में पदोन्नति हासिल कर ली। मोहम्मडन स्पोर्टिंग का सीज़न समग्र रूप से बहुत अच्छा रहा, कई खिलाड़ियों और टीम ने खेल के विभिन्न क्षेत्रों में चमक बिखेरी। मोहम्मडन स्पोर्टिंग के पदम छेत्री ने कोलकाता की ओर से कुछ शानदार प्रदर्शन किए, जिससे उन्हें सीज़न के दौरान विभिन्न चरणों में महत्वपूर्ण अंक अर्जित करने में मदद मिली। उन्हें लीग का सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर चुना गया। इस बीच, उनके साथी मिराजलोल कासिमोव को सीज़न का सर्वश्रेष्ठ मिडफील्डर नामित किया गया। रियल कश्मीर ने अपने 24 मैचों में केवल 19 गोल खाए और उनके कप्तान मुहम्मद हम्माद ने उनके लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हम्माद को सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर के लिए जरनैल सिंह पुरस्कार का विजेता घोषित किया गया। उन्नीस वर्षीय विंगर जिमर निकुम को सीज़न के सर्वश्रेष्ठ उभरते खिलाड़ी के रूप में नामित किया गया। 15 जीत, सात ड्रॉ और केवल दो हार के साथ, मोहम्मडन स्पोर्टिंग के मुख्य कोच एंड्री चेर्निशोव को सीज़न के सर्वश्रेष्ठ कोच के लिए सैयद अब्दुल रहीम पुरस्कार से नवाजा गया। वहीं, टीआरएयू एफसी की टीम को फेयर प्ले पुरस्कार दिया गया।

आई-लीग 2023-24 के लिए पुरस्कार विजेताओं की सूची इस प्रकार है-

सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी- एलेजांद्रो सांचेज़ लोपेज (गोकुलम केरल एफसी-पुरस्कार राशि एक लाख रुपये)
सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर- पदम छेत्री (मोहम्मडन स्पोर्टिंग पुरस्कार राशि-केवल एक लाख रुपये)
सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर के लिए जरनैल सिंह पुरस्कार- मुहम्मद हम्माद (रियल कश्मीर एफसी-केवल एक लाख रुपये)
सर्वश्रेष्ठ मिडफील्डर- मिर्जालोल कासिमोव (मोहम्मडन स्पोर्टिंग-केवल एक लाख रुपये)
सर्वोच्च स्कोरर- एलेजांद्रो सांचेज़ लोपेज (गोकुलम केरल एफसी-19 गोल) (केवल एक लाख रुपये)
सर्वश्रेष्ठ उभरते खिलाड़ी- ग्यामर निकुम (इंटर काशी-केवल एक लाख रुपये)
सर्वश्रेष्ठ कोच के लिए सैयद अब्दुल रहीम पुरस्कार- एंड्री चेर्निशोव (मोहम्मडन स्पोर्टिंग)
फेयर प्ले प्रतियोगिता के विजेता- टीआरएयू एफसी (केवल एक लाख रुपये)
सर्वश्रेष्ठ मैच संगठन- मोहम्मडन स्पोर्टिंग (रु. एक लाख मात्र)

रामनवमी पर बंद रहा शेयर बाजार, अब गुरुवार को होगा कारोबार

मुंबई/नई दिल्ली (हि.स.)। रामनवमी के अवसर पर अवकाश होने की वजह से बुधवार को शेयर बाजार, विदेशी मुद्रा बाजार और जिंस बाजार बंद रहा। शेयर बाजार में अब गुरुवार को कारोबार होगा। हालांकि, मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एमसीएक्स) शाम 5 बजे के बाद कारोबार होगा। शेयर बाजार की साल 2024 के लिए जारी छुट्टियों की लिस्ट में 17 अप्रैल रामनवमी को आधिकारिक अवकाश घोषित किया गया है। इसके कारण बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) बंद रहा, जिसके कारण स्टॉक एकसचेंज में ट्रेडिंग नहीं हुई। बीएसई के अनुसार इक्विटी, इक्विटी डेरिवेटिव्स, एसएलबी और करेंसी डेरिवेटिव्स और इंटरेस्ट रेट डेरिवेटिव्स सेगमेंट भी आज ट्रेडिंग के लिए बंद रहेंगे। इसके अलावा अधिकांश राज्यों में रामनवमी के मौके पर बैंक भी बंद है। हालांकि, मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एमसीएक्स) पर कमोडिटी डेरिवेटिव सेगमेंट सुबह सेशन के लिए तो बंद रहेगा लेकिन शाम के सेशन के लिए खुलेगा। एमसीएक्स शाम 5 बजे के बाद खुलेगा और ट्रेडिंग होगी, जो रात में 11:55 बजे बंद होगी। गौरतलब है कि रामनवमी पर छुट्टी रहने के कारण गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, ओडिशा, चंडीगढ़, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और हिमाचल प्रदेश में बैंक बंद हैं।

पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर, कच्चा तेल 90 डॉलर प्रति बैरल के करीब

नई दिल्ली (हि.स.)। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव लगातार जारी है। ब्रेंट क्रूड का मूल्य 90 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 85 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने बुधवार को पेट्रोल-डीजल के मूल्य में कोई फेरबदल बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक, दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये,डीजल 92.15 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये, डीजल 90.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है।

केकेआर के सुनील नारायण का शतक गया बेकार

कोलकाता (हि.स.)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के 31वें मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स को दो विकेट से हरा दिया है। इस जीत के हीरो जोश बटलर रहे। उन्होंने नाबाद शतकीय पारी खेली। इस तरह राजस्थान ने अंक तालिका में शीर्ष पर अपना स्थान बरकरार रखा। कोलकाता के इडेन गार्डन में खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी कोलकाता ने राजस्थान के खिलाफ सुनील नरेन की तूफानी पारी के बदौलत 20 ओवर में छह विकेट खोकर 223 रन बनाए। जवाब में जोश बटलर की नाबाद शतकीय पारी की बदौलत राजस्थान ने इस मैच को दो विकेट से जीत लिया। बटलर ने नाबाद 107 रन बनाए। इनके अलावा यशस्वी जायसवाल 19, कप्तान संजू सैमसन 12 रन, रियान पराग 34 रन, ध्रुव जुरैल 2 रन, आर अश्विन आठ रन, सिमरन हेटमायर शून्य और आर पॉवेल ने 26 रन और ट्रेंट बोल्ट शून्य रन बनाये। इस सीजन में बटलर का यह दूसरा शतक था।

धीमी ओवर गति के कारण केकेआर के कप्तान श्रेयस अय्यर पर लगा 12 लाख रुपये का जुर्माना

नई दिल्ली (हि.स.)। कोलकाता के ईडन गार्डेन में मंगलवार को राजस्थान रॉयल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के बीच खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के 31वें मैच के दौरान धीमी ओवर गति के कारण केकेआर के कप्तान श्रेयस अय्यर पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

लीग द्वारा बुधवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया, ÷कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान श्रेयस अय्यर पर 17 अप्रैल को ईडन गार्डन्स में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 मैच के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के बाद जुर्माना लगाया गया है। चूंकि न्यूनतम ओवर गति अपराधों से संबंधित आईपीएल की आचार संहिता के तहत यह उनकी टीम का सीज़न का पहला अपराध था, इसलिए अय्यर पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।÷

मैच की बात करें तो राजस्थान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। केकेआर ने फिल साल्ट (10) को जल्दी खोने के बाद, सुनील नरेन के बेहतरीन शतक (56 गेंदों में 13 चौकों और छह छक्कों की मदद से 109 रन) अंगकृष रघुवंशी (18 गेंदों में 30, पांच चौकों की मदद से 30) और रिंकू सिंह (नौ गेंदों में 20*, एक चौका और दो छक्के) की आक्रामक बल्लेबाजी की बदौलत केकेआर ने 20 ओवरों में 6 विकेट पर 223 रन बनाया। राजस्थान के लिए आवेश खान और कुलदीप सेन ने 2-2 और चहल ने 1 विकेट लिया।

जवाब में राजस्थान ने सलामी बल्लेबाज जोस बटलर के बेहतरीन नाबाद शतक और रियान पराग (14 गेंद 34 रन 4 चौके और 2 छक्के) व रोवमेन पॉवेल (13 गेंद 1 चौका, 3 छक्का) की विस्फोटक पारियों की बदौलत 20 ओवर में 8 विकेट पर 224 रन बनाकर मैच जीत लिया। बटलर ने 60 गेंदों पर 9 चौके और 6 छक्के की बदौलत 107 रनों की नाबाद शतकीय पारी खेली। केकेआर के लिए हर्षित राना, सुनील नरेन, वरुण चक्रवर्ती ने 2-2 व वैभव अरोड़ा ने 1 विकेट लिया।

उज्बेकिस्तान गए थल सेनाध्यक्ष ने दोनों सेनाओं के बीच सैन्य सहयोग पर की चर्चा

ताशकंद में लाल बहादुर शास्त्री के स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की

जनरल मनोज पांडे ने ताशकंद में सशस्त्र बल संग्रहालय का भी दौरा किया

नई दिल्ली (हि.स.)। उज्बेकिस्तान की चार दिवसीय यात्रा पर गए थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे ने दोनों सेनाओं के बीच मौजूदा रक्षा संबंधों को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की है। दोनों सेनाओं के बीच सैन्य सहयोग को मजबूत करने के पहलुओं पर उन्होंने उज्बेकिस्तान के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ वार्ता की। जनरल मनोज पांडे ने भारत के दूसरे प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री को ताशकंद में उनके स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की।

थल सेनाध्यक्ष जनरल पांडे ने उज्बेकिस्तान सशस्त्र बलों के प्रथम उप रक्षा मंत्री और सीजीएस मेजर जनरल खलमुखामेदोव शुक्रत गैरत जेनोविच के साथ बातचीत की। सीओएएस ने उज्बेकिस्तान के उप मंत्री और वायु एवं वायु रक्षा बलों के प्रमुख मेजर जनरल बुरखानोव अहमद जमालो विच से भी मुलाकात करके दोनों सेनाओं के

बीच मौजूदा रक्षा संबंधों को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। इसके बाद जनरल मनोज पांडे ने ताशकंद में सशस्त्र बल संग्रहालय का दौरा किया, जहां उज्बेकिस्तान के विभिन्न ऐतिहासिक युगों से संबंधित सैन्य प्रदर्शनियां प्रदर्शित की गई हैं।

यात्रा के दौरान सीओएएस को उज्बेकिस्तान के समृद्ध सैन्य इतिहास और उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने सीजीएस के साथ ताशकंद में विक्ट्री पार्क का भी दौरा किया, जो द्वितीय विश्व युद्ध में उज्बेकिस्तान के योगदान और बलिदान की याद दिलाता है। सेंटर फॉर इनोवेटिव टेक्नोलॉजीज एलएलसी की यात्रा के दौरान उज्बेकिस्तान की रक्षा औद्योगिक एजेंसियों के निदेशकों के साथ बातचीत की। इस सैन्य औद्योगिक परिसर को अनुसंधान और तकनीकी आधुनिकीकरण से तैयार किया गया है।

यात्रा के दौरान जनरल मनोज पांडे ने उज्बेकिस्तान सशस्त्र बल अकादमी के सीजीएस और प्रभारी डी एफ़ेयर आरिफ़ सईद के साथ उज्बेकिस्तान सशस्त्र बल अकादमी का दौरा किया और सैन्य प्रशिक्षण के क्षेत्र में सहयोग को और बढ़ाने पर विचार-विमर्श किया। सीओएएस ने अकादमी में नई सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) लैब का उद्घाटन किया, जिसे भारतीय सहायता से स्थापित किया गया है।

प्रियंका गांधी ने सहारनपुर में किया रोड शो

सहारनपुर (हि.स.)। कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने बुधवार को सहारनपुर जिले में रोड शो कर गठबंधन के प्रत्याशियों को जिताने की अपील की। सहारनपुर लोकसभा क्षेत्र से गठबंधन ने इमरान मसूद को चुनाव मैदान में उतारा है। अमन पैलेस से चिलकाना रोड तक निकाले गए रोड शो में मुस्लिम वर्ग के लोगों की संख्या ज्यादा रही। सहारनपुर से बसपा के माजिद अली चुनाव मैदान में हैं। इस दौरान प्रियंका गांधी ने कहा कि भाजपा सरकार में महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है। केंद्र और राज्य की भाजपा सरकारों ने इसके लिए कुछ नहीं किया।

गृह मंत्री अमित शाह ने श्रीरामनवमी पर छिंदवाड़ा में श्रीराम मंदिर पहुंचकर किया पूजन

छिंदवाड़ा/भोपाल (हि.स.)। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने छिंदवाड़ा प्रवास के दूसरे दिन बुधवार को श्रीरामनवमी के अवसर पर ऊंटखाना स्थित श्रीराम मंदिर में प्रभु के दर्शन कर पूजन-अर्चन किया। इसके बाद वे दिल्ली के लिए रवाना हुए। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश शासन के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा मौजूद रहे। दरअसल, केन्द्रीय गृह मंत्री शाह मंगलवार देर शाम छिंदवाड़ा पहुंचे थे। यहां उन्होंने रात आठ बजे से पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी विवेक बंटी साहू के समर्थन में रोड शो किया। रोड शो के बाद शाह ने देर रात कोर कमेटी और नाराज नेताओं के साथ अलग से बैठक की। इनमें पूर्व मंत्री चंद्रभान सिंह चौधरी, पं. रमेश दुबे, ताराचंद बावरिया आदि नेता शामिल रहे। शाह ने सभी नेताओं को साफ कर दिया कि यह चुनाव पार्टी के लिए अहम है। इसमें कोई कमी रहती है तो पार्टी बाद में उसका विश्लेषण कर अपना निर्णय लेगी। शाह ने रात्रि विश्राम छिंदवाड़ा में ही किया। इसके बाद बुधवार सुबह उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, पूर्व कैबिनेट मंत्री रमेश दुबे समेत सभी पदाधिकारियों से 40 मिनट चुनाव को लेकर बातचीत की। बैठक के बाद शाह ऊंटखाना स्थित श्रीराम मंदिर पहुंचे और दर्शन कर पूजा-अर्चना की। इसके बाद वे दिल्ली के रवाना हो गए।

चुनाव आयोग ने बंगाल के राज्यपाल को दी सहाल, कूच बिहार न जायें

नई दिल्ली (हि.स.)। चुनाव आयोग ने आदर्श आचार संहिता का हवाला देते हुए पश्चिम बंगाल के राज्यपाल को लोकसभा चुनाव के पहले चरण की पूर्व संध्या पर कूच बिहार के अपने प्रस्तावित दौरे को रद्द करने की सलाह दी है। राज्यपाल सीवी आनंद बोस 18-19 अप्रैल को कूच बिहार की यात्रा पर जाने वाले हैं। उत्तर बंगाल के कूच बिहार में पहले चरण में मतदान होना है। तृणमूल कांग्रेस ने इस संबंध में चुनाव आयोग को पत्र लिखा था। वहीं 19 अप्रैल को मतदान के चलते दो दिन पहले प्रचार थम जाता है। ऐसे में क्षेत्र के बाहर के राजनीतिक व्यक्ति और वीआईपी को वहां नहीं होना चाहिए। सूत्रों के मुताबिक आयोग ने इसी का आधार बनाते हुए राज्यपाल को वहां न जाने की सलाह दी है।

म्यांमार की सैन्य सरकार ने आंग सान सू की को जेल से बाहर लाकर किया नजरबंद

बैंकॉक (हि.स.)। म्यांमार की जेल में बंद मानवाधिकार कार्यकर्ता और नोबेल पुरस्कार विजेता आंग सान सू की को सैन्य सरकार ने देश में भीषण गर्मी और हीटवेव के कारण जेल से बाहर लाने के बाद नजरबंद कर दिया है। हालांकि, उन्हें नजरबंद किये जाने की जगह का खुलासा नहीं किया गया है। सेना (जुंटा) के प्रवक्ता मेजर जनरल जॉ ने बताया कि पूर्व नेता आंग सान सू की को गर्मी के कारण स्वास्थ्य उपाय के तौर पर जेल से बाहर लाकर नजरबंद किया गया है। 78 वर्षीय सू की को उनकी अपदस्थ सरकार के 72 वर्षीय पूर्व राष्ट्रपति विन म्यिंट को अन्य बुजुर्ग कैदियों के साथ जेल से बाहर लाया गया। हालांकि, अभी तक म्यांमार में इसकी सार्वजनिक घोषणा नहीं की गई है। देश की राजधानी नेपीता में विभिन्न प्रकार के आपराधिक आरोपों में सू की 27 साल की जेल की सजा काट रही हैं। उनके समर्थक और मानवाधिकार संगठन कहते रहे हैं कि यह आरोप राजनीतिक कारणों से गढ़े गए। पूर्व राष्ट्रपति विन म्यिंट म्यांमार के बागो क्षेत्र के ताउंगू में आठ साल की जेल की सजा काट रहे थे। दरअसल, म्यांमार में राष्ट्रव्यापी संघर्ष 2021 में शुरू हुआ और सेना ने चुनी हुई सरकार को अपदस्थ कर सू की को कैद कर लिया। फरवरी में सू की के बेटे किम एरिस ने कहा था कि उन्हें एकान्त कारावास में रखा जा रहा है। वह अस्वस्थ हैं। पीस रिसर्च इंस्टिट्यूट की रिपोर्ट के मुताबिक म्यांमार में साल 2021 में हुए तख्तापलट के बाद से सेना अब तक लगभग 6,000 लोगों को मार चुकी है। म्यांमार में लगातार विरोधियों को फांसी की सजा दी जा रही है।

रेगिस्तान में बारिश का कहर: यूएई में भारी बरसात, ओमान में 18 की मौत

दुबई (हि.स.)। रेगिस्तान में पानी को तरसने वाले अब पानी में डूबकर मर रहे हैं। ऐसा कुछ संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और उसके आसपास के देशों में मंगलवार को देखने को मिला। यूएई में भारी बारिश से प्रमुख राजमार्गों के कुछ हिस्सों में पानी भर गया और पूरे दुबई में वाहन सड़कों पर जगह-जगह खड़े हो गए। दुनिया के व्यस्ततम हवाई अड्डों में से एक दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट (डीएक्सबी) पर करीब 25 मिनट संचालन बंद रहा। पड़ोसी देश ओमान में बाढ़ के कारण मरने वालों की संख्या 18 हो गई है और कई अन्य लापता हैं। अरब प्रायद्वीप के देश यूएई में बारिश असामान्य है, नियमित बारिश की कमी के कारण कई सड़कों और अन्य क्षेत्रों में जल निकासी प्रणाली का अभाव है जिससे बाढ़ आई है। भारी बारिश के कारण यूएई के प्रशासन ने मंगलवार को लोगों से घरों में ही रहने का अनुरोध किया। स्कूलों ने कक्षाएं ऑनलाइन आयोजित कीं। सरकारी कर्मचारियों से भी घरों से कार्य करने को कहा गया।

प्रधानमंत्री ने खुद को बताया असमिया फूलम गमछा का ब्रांड एंबेसडर

मोदी ने जय श्रीराम, राम लक्ष्मण जानकी, जय बोलो हनुमान की के नारे लगवाए

नलबाड़ी (असम) (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि वे खुद असमिया फूलम गमछा के ब्रांड एंबेसडर हैं। प्रधानमंत्री ने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया जब गले में असमिया गमछा डालने पर कांग्रेस उनका मजाक उड़ाती है। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस को असम के लोगों की भावना की कोई परवाह नहीं है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता मोदी बुधवार को असम के नलबाड़ी के बरकूरा में एक विशाल चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारे मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा असम के विकास के लिए जिस प्रकार दिन-रात काम कर रहे हैं, उससे कांग्रेस बहुत पीछे चली गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस को दिया हुआ वोट किसी काम नहीं आएगा, क्योंकि केंद्र में उनकी सरकार नहीं बनेगी। यदि भाजपा को वोट देंगे तो विकसित भारत बनाएगा। अगले 5 वर्षों तक बिना भेदभाव के आपको मुफ्त राशन ऐसे ही मिलता रहेगा।

उन्होंने कहा कि हर परिवार में दादा, दादी, पिता, माता आदि 70 साल के ऊपर के लोग होते हैं। उनको कोई भी तकलीफ हो तो परिवार के संतानों पर बोझ पड़ता है। इसलिए मोदी ने तय किया है कि आपके परिवार में 70 साल से ऊपर के जितने भी बुजुर्ग हैं, उनकी बीमारी के इलाज की चिंता मोदी करेगा। हर वर्ग के इन बुजुर्गों को बिना भेदभाव के आयुष्मान योजना के तहत 5 लख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी।

संबोधन के बीच में उन्होंने कहा कि 12:00 बजने से कुछ पल बाकी है। अयोध्या और पूरे देश में प्रभु राम के जन्मोत्सव, प्रभु राम के स्वागत का बहुत बड़ा अभियान चल रहा है। उत्सव चल रहा है। हम भी उससे जोड़ना चाहते हैं। भले हम अयोध्या नहीं पहुंच पाए, हम यहां से प्रभु राम के जन्मोत्सव में जुड़ने के लिए तैयार हैं।अभी कुछ पल में वहां पर सूर्य तिलक होने वाला है। आप भी अपना मोबाइल फोन निकाल कर उसकी फ्लैशलाइट चालू करें। हम भी प्रभु राम को प्रणाम करें। मोदी ने जय श्रीराम, राम लक्ष्मण जानकी, जय बोलो हनुमान की के नारे लगवाए।

उन्होंने कहा कि आपका बिजली बिल जीरो आए, इसके लिए कम दाम पर सोलर पैनल दिए जाएंगे। उसके कारण आपका बिजली का बिल जीरो हो जाएगा। आने वाले दिनों में इलेक्ट्रिक व्हीकल स्कूटी, स्कूटर, गाड़ी का सोलर की बिजली से चार्जिंग भी होगा। इससे ट्रैवलिंग का खर्चा जीरो हो जाएगा। उन्होंने कहा कि करोड़ों बहनें आज स्वयं सहायता समूह से जुड़ी हैं। हमने लक्ष्य रखा है 3 करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाएंगे। गांव में हमारी बहनें ड्रोण पायलट बनेंगी। इसका बहुत बड़ा लाभ हमारे असम के लोगों, यहां के गरीब, वंचित, दलित, किसान, पीड़ित और चाय मजदूरों को होगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जब किसानों की बात होती है, यहां के खार को कोई कैसे भूल सकता है। यहां हर कोई जानता है, खारखोवा असमिया। इसलिए 5 हजार 4 सौ करोड़ रुपए से ज्यादा किसानों को दिए गए हैं। भाजपा

ने इस योजना को जारी रखने का ऐलान किया है। असम के किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि का पैसा मिलता रहेगा, वह भी बिना भेदभाव के।

उन्होंने कहा कि आज पूरे देश में मोदी के गारंटी चल रही है, नॉर्थ ईस्ट खुद ही इसका गवाह है। पूर्वोत्तर को कांग्रेस ने सिर्फ समस्या दी। उसे बीजेपी ने संभावनाओं का स्रोत बना दिया है। कांग्रेस ने अलगाववाद को खाद पानी दिया, मोदी ने पूर्वोत्तर को गले लगाने का काम किया। मोदी ने शांति और सुरक्षा के लिए प्रयास किया। जो कांग्रेस के 60 वर्षों में नहीं हुआ, वह मोदी ने 10 वर्षों में करके दिखाया, क्योंकि मेरे लिए आपके सपने मेरा संकल्प है। आपके सपने यह मेरा संकल्प हैं। इसलिए हर पल आपके और देश के नाम, आपके सपनों के नाम। और इसलिए 24म7 फार 2047 कहते हैं।

उन्होंने कहा कि मोदी ने ही अपने मुस्लिम बहनों को तीन तलाक की टेंशन से मुक्ति दिलाया। हमने तीन तलाक के कुप्रथा के खिलाफ कानून बनाया। इसका फायदा न सिर्फ मुस्लिम बहनों को मिला, बल्कि उनके पूरे परिवार को मिला। माता-पिता, भाई, बहन सभी को मिला। तीन तलाक की वजह से मुस्लिम बेटियों के साथ उनके परिवार की भी जिंदगी तबाह हो रही थी। इसका लाभ असम के भी हमारी हजारों बहनों को हुआ है। उन्होंने कहा कि असम का विकास इस बात का सबूत है कि जब नियत सही हो तो नतीजे भी सही आते हैं। कांग्रेस पार्टी ने सियासी फायदों के लिए क्षेत्र को अपने पंजे में फंसा कर रखा था। कांग्रेस के पंजे ने पूर्वोत्तर को इसलिए जकड़ रखा था, ताकि उनके लिए भ्रष्टाचार और लूट के दरवाजे खुले रहें। अब यह पंजा खुल गया है। असम में सबका साथ, सबका विकास का मंत्र लागू हुआहै। इस अवसर पर प्रधानमंत्री के साथ मंच पर असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भबेश कलिता, एनडीए समर्थित असम गण परिषद के बरपेटा लोकसभा सीट के उम्मीदवार फणि भूषण चौधरी समेत भाजपा के कई वरिष्ठ नेता विधायक मंत्री आदि मौजूद रहे।

अगले 5 वर्षों में गरीबों के लिए 3 करोड़ नए मकान बनाए जाएंगे: प्रधानमंत्री

नलबाड़ी (असम) (हि.स.)। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कहा कि अगले 5 वर्षों में गरीबों के लिए 3 करोड़ और नए मकान बनाए जाएंगे। बिना भेदभाव के सबको मकान बना कर दिए जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को असम के नलबाड़ी के बरकूरा में एक चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे। अपना संबोधन प्रधानमंत्री ने मां कामाख्या तथा मां काली को प्रणाम करके प्रारंभ किया। उन्होंने असमिया भाषा में उपस्थित जन समूह को रंगाली बिहू की शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज रामनवमी का अवसर है। 500 वर्षों के इंतजार के बाद आखिर भगवान राम अपने भव्य मंदिर में विराजमान हुए हैं और अभी कुछ ही मिनट के बाद प्रभु राम को सूर्य तिलक करके उनके जन्मोत्सव अयोध्या की पवित्र नगरी में राम मंदिर में मनाया जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज देश सदियों के साधना और पीढ़ियों के बलिदान की सिद्धि को सेलिब्रेट कर रहा है। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में आपकी उपस्थिति, यह जन सैलाब महान ब्रह्मपुत्र के विस्तार से काम नहीं है। मैं देख रहा हूं यह पब्लिक मीटिंग तीन मंजिला है। एक तो लाखों लोग मेरे सामने बैठे हैं। दूसरे हजारों लोग उधर ऊपर सामने बैठे हैं और तीसरे सैकड़ों लोग ऊपर सड़क पर खड़े होकर संबोधन सुन रहे हैं। यानी शायद यह पहली सभा होगी, जो तीन मंजिला सभा हो रही है। उन्होंने कहा कि 4 जून को नतीजा क्या होने जा रहा है, यह आज पूरा देश देख रहा है। इसलिए लोग कहते हैं, 4 जून 4 सौ पार। फिर एक बार मोदी सरकार। आकौ एबार मोदी सरकार। प्रधानमंत्री ने कहा कि 2014 में मोदी आपके बीच एक उम्मीद लेकर आया था। 2019 में मोदी जब आया तब एक विश्वास लेकर आया। और 2024 में आज जब मोदी असम की धरती पर आया है, मोदी गारंटी लेकर आया है। मोदी की गारंटी यानी गारंटी पूरा होने की गारंटी। उन्होंने कहा कि अभी भाग बिहू के अभी बहाग बिहू के दिन भाजपा ने अपना संकल्प पत्र भी जारी किया है। भाजपा वह पार्टी है, जो सबका साथ सबका विकास के मंत्र पर चलती है। एनडीए सरकार की योजनाओं में कोई भेदभाव नहीं होता। उनका लाभ हर किसी को मिलता है। उन्होंने कहा कि अब एनडीए ने ठाना है कि देश के हर नागरिक तक पहुंच कर, जिस सुविधा का वह पात्र है, वह सुविधा उसे दी जाएगी। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने अन्य कई मुद्दों पर चर्चा की। इस अवसर पर प्रधानमंत्री के साथ मंच पर असम के मुख्यमंत्री डॉ हिमंत बिस्व सरमा, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भबेश कलिता, एनडीए समर्थित असम गण परिषद के बरपेटा लोकसभा सीट के उम्मीदवार फणि भूषण चौधरी समेत भाजपा के कई वरिष्ठ नेता, विधायक और मंत्री आदि मौजूद रहे।

जन्मभूमि मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद रामलला का हुआ पहला सूर्य तिलक

अयोध्या (हि.स.)। देशभर में चैत्र रामनवमी का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में विराजे रामलला का सूर्य की किरणों से सूर्य तिलक किया गया। जन्मभूमि मंदिर में विगत 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के बाद रामलला का यह पहला सूर्य तिलक है। बुधवार दोपहर 12 बजे अभिजीत मुहूर्त में रामलला का सूर्य तिलक किया गया और मस्तक पर 3 मिनट तक सूर्य की किरणें पड़ीं। इस दृश्य को देखकर वहां उपस्थित श्रद्धालु अभिभूत हुए। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के मुताबिक सूर्य तिलक के लिए अष्टधातु के 20 पाइप से 65 फुट लंबा सिस्टम तैयार किया गया है। इसमें चार लेंस और चार मिरर लगे हैं। इसके माध्यम से सूर्य की किरणें परावर्तित होकर रामलला के मस्तक पर पहुंचीं। सूर्य तिलक के बाद कुछ देर के लिए रामलला के पट बंद कर दिए गए। सामान्य दिनों में मंदिर के कपाट सुबह 6.30 बजे खुलते हैं, लेकिन रामनवमी के अवसर पर भोर में 3.30 बजे ही मंदिर के कपाट खोल दिए गए। श्रद्धालु रात 11.30 बजे तक रामलला के दर्शन कर सकेंगे। शयन आरती के बाद मंदिर निकास मार्ग पर प्रसाद मिलेगा। रामलला के दर्शन के लिए लाखों की संख्या में भक्त अयोध्या पहुंचे हुए हैं। इस दौरान राममंदिर में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और श्रीराम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेन्द्र मिश्र समेत प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक्स पोस्ट में कहा कि सूर्यकुल भूषण श्रीरामलला के ललाट पर सुशोभित भव्य सूर्य तिलक आज अखिल राष्ट्र को अपने सनातन गौरव से आलोकित कर रहा है। जय जय श्री राम!

भाजपा का इंडी गठबंधन पर वार, कहा- सनातन संस्कृति को अपमानित करते हैं विपक्षी दल

नई दिल्ली (हि.स.)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आईएनडीआईए (इंडी गठबंधन) पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्षी दल सनातन संस्कृति को अपमानित करते रहे हैं। श्रीरामनवमी के मौके पर भी इंडी गठबंधन के नेता भारतीय संस्कृति को अपमानित करने का काम कर रहे हैं। बुधवार को मीडिया से बातचीत में राज्यसभा सांसद और भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि जब पूरा भारत और दुनिया रामनवमी का पर्व मना रहा है, तब इंडी गठबंधन के नेता भारत और इसकी संस्कृति को अपमानित करने से नहीं चूक रहे हैं। इंडी गठबंधन में शामिल पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रामनवमी पर सभी से शांति बनाए रखने की अपील की है। यह रामनवमी के त्योहार का अपमान है। वे अन्य धार्मिक अवसरों पर इस तरह के शांति का संदेश नहीं देती । बेहतर होता कि वे शांति और समृद्धि का संदेश देती लेकिन नहीं उन्होंने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की, ऐसा करके उन्होंने भारतीय और सनातन संस्कृति को अपमानित करने का प्रयास किया है।

इतिहास के पन्नों में 18 अप्रैल: क्रांतिवीर तात्या टोपे ने भारत को बताया आजादी का महत्व, अंग्रेजों ने पकड़ा, फांसी पर लटकाया

देश-दुनिया के इतिहास में 18 अप्रैल की तारीख तमाम अहम वजह से दर्ज है। इस तारीख का महत्व भारत में आजादी का बिगुल फूंकने वाले बड़े नायकों से भी है। ऐसे ही एक क्रांतिवीर तात्या टोपे हैं। उन्हें इसी तिथि को अंग्रेजों ने फांसी दी थी। तात्या ने न सिर्फ 1857 में स्वतंत्रता संग्राम की नींव रखी, बल्कि पूरे देश में आजादी की चेतना का सूत्रपात किया। गुलामी को अपना भाग्य मान चुकी पूरे देश की जनता को यह बताया कि आजादी क्या होती है और उसे हासिल करना कितना जरूरी है। बहुत कम लोगों को मालूम है कि तात्या टोपे का असली नाम रामचंद्र रघुनाथ टोपे था।

तात्या ने 1857 की क्रांति में अंग्रेजों से अकेले सफल संघर्ष किया। तात्या ने 18 जून, 1858 को रानी लक्ष्मीबाई की वीरगति के बाद गुरिल्ला युद्ध की रणनीति अपनाई। तात्या टोपे की गुना जिले के चंदेरी, ईसागढ़ के साथ ही शिवपुरी जिले के पोहरी, कोलारस के वनों में गुरिल्ला युद्ध करने की अनेक कथाएं स्थानीय लोगों में आज भी प्रचलित हैं। सात अप्रैल, 1859 को तात्या शिवपुरी-गुना के जंगलों में सोते हुए धोखे से पकड़े गए। 18 अप्रैल, 1859 की शाम ग्वालियर के पास तात्या टोपे को फांसी दे दी गई।

महत्वपूर्ण घटनाचक्र

1612: शाहजहां और मुमताज का निकाह।

1859:तात्या टोपे को अंग्रेजों ने फांसी पर लटकाया।

1902: डेनमार्क ने सबसे पहले साल अपराधियों की पहचान के लिए फिंगरप्रिंट दर्ज करने शुरू किए।

1917: महात्मा गांधी ने सत्याग्रह आंदोलन की शुरुआत के लिए बिहार के चंपारण को चुना।

1948: नीदरलैंड्स में इंटरनेशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस की स्थापना।

1950: तत्कालीन आंध्र प्रदेश के तेलंगाना में पंचमपल्ली गांव की 80 एकड़ भूमि के साथ विनोबा भावे ने भूदान आंदोलन शुरू किया।

1968: अमेरिका ने नेवादा परीक्षण स्थल पर न्यूक्लियर टेस्ट किया।

1971: भारत का पहला जंबो जेट बोइंग 747 बंबई (अब मुंबई) पहुंचा। इसका नाम सम्राट अशोक रखा गया।

1980: जिम्बाब्वे को ब्रिटेन से आजादी मिली।

1991: केरल को देश का पहला पूर्ण साक्षर राज्य घोषित किया गया।

1992: साल 1970 के बाद दक्षिण अफ्रीका ने पहला क्रिकेट टेस्ट मैच खेला। रंगभेद के कारण इस पर बैन लगा दिया गया था।

1994: वेस्टइंडीज के बल्लेबाज ब्रायन लारा ने 375 रन बनाकर टेस्ट मैच की एक पारी में सर्वाधिक रन बनाने का विश्व रिकार्ड बनाया।

2001 - भारतीय सीमा में घुसी बांग्लादेश की सेना की गोलीबारी में भारत के 16 जवान शहीद।

2002: साल 1973 से इटली में निवास कर रहे अफगानिस्तान के पूर्व शासक मोहम्मद जहीर शाह काबुल लौटे।

2005: भारत मुंबई का जिन्ना हाउस पाकिस्तान को देने पर सहमत।

2006: राबिन हुड का शहर नाटिंघम लूटग्रस्त घोषित।

2008: अमेरिका के सर्वोच्च न्यायालय ने इंजेक्शन के जरिये सजा-ए-मौत को वैध ठहराया।

जन्म

1621: सिखों के नौंवे गुरु तेग बहादुर।

1858: आधुनिक भारत के सबसे बड़े समाज सुधारक और उद्धारक धोंडो केशव कर्वे।

1901: भारत के राजनीतिज्ञ चन्देश्वर प्रसाद नारायण सिंह।

1916: भारतीय अभिनेत्री ललिता पवार।

1928: भारतीय अभिनेत्री दुलारी।

निधन

1916: भारत के जाने-माने पत्रकार जी. सुब्रह्मण्यम अय्यर।

1955: प्रसिद्ध वैज्ञानिक अलबर्ट आइंस्टाइन।

1972: महान् भारतीय संस्कृतज्ञ पांडुरंग वामन काणे।

1978: नई दिल्ली के निर्माता सोभा सिंह।

1999: ब्रिटेन की प्रमुख उपन्यासकार और संपादक मैरी बुलिंस।

2021: भारत की पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी अंपायर अनुपमा पंचीमांडा।

महत्वपूर्ण दिवस

गुरु तेग बहादुर जयंती।

तात्या टोपे की पुण्य तिथि (बलिदान दिवस)।

विश्व विरासत दिवस।

जयराम रमेश का आरोप प्रधानमंत्री के अभियान से मुख्य मुद्दे गायब

नई दिल्ली (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज पूर्वोत्तर के चुनावी अभियान पर रहे। इस पर कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने उनपर कटाक्ष करते हुए कहा कि उनके अभियान से पूर्वोत्तर से जुड़े मुख्य मुद्दे गायब हैं। रमेश ने पांच मुद्दे उठाये और कहा कि भाजपा नेता ने जो दावे किए हैं वे पूरे नहीं किए। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया एक्स पर मुद्दों को उठाते हुए कहा कि मोदीजी के अभियान से मणिपुर में हुई हिंसा, पूर्वोत्तर के लिए तय फंड का कम उपयोग, वन क्षेत्र के लिए पैदा हुआ खतरा, अरुणाचल प्रदेश में चीनी घुसपैठ और बड़ी धीमे गति से प्रगति करती नागा शांति वार्ता गायब है ।
जयराम रमेश ने कहा कि हकीकत में उन्होंने 2014 की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है, 2019 में लोगों के जताए भरोसे को धोखा दिया और अब 2024 में उनका बाहर होना तय है।

रामनवमी पर संस्कार भारती की रंगोली कार्यशाला

नई दिल्ली (हि.स.)। रामनवमी के पावन दिवस के अवसर पर बुधवार को संस्कार भारती द्वारा दीनदयाल उपाध्याय मार्ग स्थित अपने कला केंद्र कला संकुल में दो दिवसीय रंगोली कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में पुणे से अखिल भारतीय भू-अलंकरण विधा संयोजक रघुराज देशपांडे की विशेष उपस्थिति रही। उन्होंने कला विद्यार्थियों को विंदु, सरल रेखा, अर्ध वृत, पूर्ण वृत, गो पद, केंद्र वर्धनी, स्वास्तिक, शृंखला, ओंकार सहित सर्प रेखा, शंख, तुरा रेखांकन का प्रशिक्षण कराया।
कार्यशाला के दौरान प्रशिक्षक रघुराज ने निरंतर अभ्यास के माध्यम से रंगोली कला प्रेमियों और शिक्षार्थियों को एक मंच पर लाने के प्रयास के तहत मार्गदर्शन किया। उन्होंने कला प्रेमियों को कला के माध्यम से विश्व पृथ्वी दिवस को भू अलंकरण दिवस के रूप में अपने मनाने का आह्वान किया है।
उल्लेखनीय है देश के प्रत्येक प्रांत में प्रत्येक उत्सव या मांगलिक कार्यक्रम में विभिन्न माध्यमों से धरती का श्रृंगार किया जाता है। श्रृंगार के इस स्वरूप को भूमि अलंकरण कहा जाता है। हरियाणा में इसे चित्तन, राजस्थान में मांडना, उत्तराखंड में एप्पन, बंगाल में अल्पना, तमिलनाडु में कोलम, उड़ीसा में झोटी, केरल में पुगडुम, और महाराष्ट्र में रंगोली के नाम से पुकारा जाता है।
संस्कार भारती केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर पूरे देश भर में विश्व पृथ्वी दिवस को भू अलंकरण दिवस के रूप में मनाया जाता है। भू-अलंकरण अर्थात धरती मां का श्रृंगार एवं कला क्षेत्र की संस्था होने के नाते धरती माता के प्रति अपनी श्रद्धा एवं सम्मान को इसी प्रकार अभिव्यक्त करती है।

उज्जैन: रामनवमी पर भगवान महाकाल का श्रीराम के स्वरूप में हुआ विशेष श्रृंगार

भोपाल (हि.स.)। मध्य प्रदेश में बुधवार को रामनवमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। लोगों में रामनवमी को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। राम जन्मोत्सव मनाने के लिए राम मंदिरों में विशेष तैयारियां की गई हैं। इसके साथ ही सुबह से विभिन्न धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं। उज्जैन स्थित विश्व प्रसिद्ध ज्योर्तिलिंग भगवान महाकालेश्वर के मंदिर में रामनवमी के अवसर पर भगवान महाकाल का भगवान श्रीराम के स्वरूप में श्रृंगार किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन कर पुण्य लाभ लिया। परम्परा के मुताबिक, चैत्र शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि पर बुधवार तड़के चार बजे महाकालेश्वर मंदिर के पट खुले। इसके बाद पंडे-पुजारियों ने गर्भगृह में स्थापित सभी भगवान की प्रतिमाओं का पूजन कर भगवान महाकाल का जलाभिषेक दूध, दही, घी, शक्कर फलों के रस से बने पंचामृत से कर पूजन अर्चन किया।

पहले चरण के मतदान में दर्जन भर हाई प्रोफाइल सीटों पर रहेगी सबकी नजर

नई दिल्ली (हि.स.)। 18वीं लोकसभा के लिए शुक्रवार को पहले चरण का मतदान होगा। पहले चरण में करीब दर्जन भर हाई प्रोफाइल सीटें और कई खास उम्मीदवार ऐसे हैं, जो चर्चा में तो रहे ही हैं, किसी न किसी मायने में अहम हैं। ऐसे में इन सीटों और उम्मीदवारों पर सबकी नजर रहेगी। इनमें आठ केंद्रीय मंत्री, दो पूर्व मुख्यमंत्री और एक पूर्व राज्यपाल शामिल हैं, जो 19 अप्रैल को पहले चरण के चुनाव में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।
पहले चरण के चुनाव में उत्तर प्रदेश की सहारनपुर, रामपुर, पीलीभीत, मुजफ्फरनगर लोकसभा सीटें अहम हैं तो असम की डिब्रूगढ़, सोनितपुर छत्तीसगढ़ की बस्तर, बिहार की जमुई, गया, जम्मू कश्मीर की उधमपुर सीट भी काफी महत्वपूर्ण है।
इसी तरह से मध्य प्रदेश की छिंदवाड़ा, तमिलनाडु की चेन्नई उत्तर, चेन्नई दक्षिण, चेन्नई सेंट्रल, कोयंबटूर, थूथुक्कुडी, तिरुनेलवेली, कन्याकुमारी, मणिपुर दो आंतरिक और बाह्य सीट, राजस्थान की बीकानेर और पश्चिम बंगाल की कूचबिहार और अलीपुरद्वार अहम सीट हैं। ऐसे में सभी की निगाहें इन सीटों पर रहेगी।
18 वीं लोकसभा के इस चुनाव में इस बार केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी नागपुर सीट से जीत की हैट्रिक लगाने की तैयारी में हैं। इसी तरह से दो बार के सांसद और केंद्र सरकार में राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह उधमपुर में हैट्रिक लगाने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं।
तीन बार के सांसद रहे 52 वर्षीय केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू ने अबकी चौथी बार अरुणाचल पश्चिम सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल असम के डिब्रूगढ़ से लोकसभा में वापसी के लिए मशक्कत कर रहे हैं।

उत्तर प्रदेश में अपने जटिल जातीय समीकरणों के लिए विख्यात मुजफ्फरनगर सीट पर केंद्रीय मंत्री संजीव बलियान इस बार यहां से प्रतिस्पर्धा में हैं। राजस्थान में अलवर जिले में केंद्रीय मंत्री और राज्यसभा सदस्य भूपेन्द्र यादव राजस्थान से अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।
राजस्थान की बीकानेर संसदीय सीट से केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल चुनाव मैदान में हैं। केंद्रीय मत्स्य पालन राज्य मंत्री एल मुरुगन मध्य प्रदेश से राज्यसभा के लिए चुने गए हैं लेकिन वे तमिलनाडु में नीलगिरी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे हैं। तेज तर्रार नेता की छवि वाले पूर्व आईपीएस अधिकारी एवं तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष के. अन्नामलाई तमिलनाडु के कोयंबटूर से चुनाव मैदान में हैं। शिवगंगा के सांसद कार्ति चिदंबरम उस सीट से फिर से चुनाव लड़ने के लिए मैदान में हैं, जहां उनके पिता और कांग्रेस सरकार के केंद्रीय वित्त मंत्री रहे पी.चिदंबरम यहां से सात बार जीते थे।
तेलंगाना के राज्यपाल और पुडुचेरी के उपराज्यपाल पद से इस्तीफा देकर तमिलिसाई सौंदर्यराजन सक्रिय राजनीति में वापसी करने के साथ चेन्नई दक्षिण लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रही हैं। एक जमाने की मशहूर अभिनेत्री वैजयंती माला के अलावा पूर्व राष्ट्रपति आर. वेंकटरमन ने भी यहां से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव जीता था।
असम के कलियाबोर निर्वाचन क्षेत्र से 2014 के बाद से दो बार लोकसभा चुनाव जीतने के बाद लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता और पूर्व मुख्यमंत्री तरुण गोगोई के बेटे गौरव गोगोई अबकी पड़ोसी जोरहाट सीट से नए उम्मीदवार हैं।
मणिपुर के कानून और शिक्षा मंत्री बसंत कुमार सिंह इनर मणिपुर निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार हैं। बसंत कुमार सिंह मैती समुदाय से हैं और थौनाओजम चाओबा सिंह के पुत्र हैं, जिन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार में खेल, युवा मामले, संस्कृति और खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री के रूप में कार्य किया था। उत्तरी राजस्थान में भाजपा के गढ़ चूरू से दो बार के पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी, भाजपा उम्मीदवार देवेंद्र झाझरिया पहली बार चुनावी मैदान में मुकाबले के लिए तैयार है। कांग्रेस नेता और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ के बेटे नकुल नाथ छिंदवाड़ा से दोबारा चुनाव लड़ रहे हैं।

आतंकवादियों की योजना विफल, पुंछ से बरामद तीन आईईडी नष्ट की गई

पुंछ (हि.स.)। पुंछ में एक आतंकी ठिकाने से सुरक्षाबलों को तीन रेडी-टू-यूज़ इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) बरामद की गई, जिनमें से प्रत्येक का वजन तीन से 20 किलोग्राम के बीच था। बम निरोधक दस्ते ने तीनों आईईडी को नष्ट कर दिया।
सैन्य अधिकारी ने कहा कि पुंछ जिले के सनाई-गुरसाई के वन क्षेत्र में पुलिस, सीआरपीएफ और राष्ट्रीय राइफल्स के संयुक्त जवानों के तलाशी अभियान के दौरान पांच किलोग्राम, 10 किलोग्राम और 20 किलोग्राम की क्षमता वाले स्टील के कंटेनरों के अंदर रखी गई आईईडी बरामद हुई, जिसे एक गुफा के अंदर छिपाकर रखा गया था। उन्होंने कहा कि बम निरोधक दस्ते ने बाद में तीनों आईईडी को

नष्ट कर दिया, जिससे केंद्र शासित प्रदेश में विस्फोट करने की आतंकवादियों की योजना विफल हो गई।
सीआरपीएफ अधिकारी रजनेश यादव ने कहा कि हमें ऊपरी सनाई में आतंकी ठिकाने और संदिग्ध गतिविधि के बारे में एक सूचना मिली और बाद में जम्मू-कश्मीर पुलिस और राष्ट्रीय राइफल्स के जवानों ने एक विशेष अभियान शुरू किया। उन्होंने कहा कि यह चुनाव का समय है और आतंकवादी किसी भी वारदात को अंजाम देकर चुनाव को बाधित करने की फिराक में रहते हैं। इस ऑपरेशन के दौरान किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि अभी भी इलाके में तलाशी अभियान जारी है।

बीएसएफ ने पाकिस्तान की ओर से आए ड्रोन को गिराया, 2610 ग्राम हेरोइन बरामद

अनूपगढ़ (हि.स.)। पाकिस्तान की ओर से भारत में ड्रोन के जरिए मादक पदार्थों की तस्करी की कोशिशें लगातार जारी है। बीएसएफ की टीम ने मंगलवार देर रात पाकिस्तान की सीमा से सटे बीकानेर संभाग के अनूपगढ़ जिले में एक ड्रोन को गिराकर 2610 ग्राम हेरोइन बरामद की है।
बीएसएफ की 140वीं बटालियन के कंपनी कमांडर अखिलेश ने बताया कि मंगलवार रात्रि करीब 10 बजे अंतरराष्ट्रीय सीमा पर गश्त कर रहे बीएसएफ के जवानों को ड्रोन की आवाज सुनी। जवानों ने एक राउंड फायर किया, जिससे ड्रोन नीचे गिर गया। इसके बाद बीएसएफ, रावला पुलिस टीम और सीआईडी ने क्षेत्र में सर्च अभियान चलाया। उन्होंने बताया इस दौरान रात लगभग 1:30 बजे भारत-पाकिस्तान की अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बनी नेमीचंद पोस्ट से 1600 मीटर भारत की ओर गांव 23 केडी की रोही में एक ड्रोन और तीन पैकेट बरामद हुए। तीनों पैकेट में कुल 2 किलो 610 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। बीएसएफ के अधिकारियों ने देर रात ही इसकी सूचना जोधपुर नारकोटिक्स विभाग को दी। नारकोटिक्स विभाग के अधिकारियों के मौके पर पहुंचने पर बुधवार को बीएसएफ ने हेरोइन और ड्रोन सुपुर्द कर दिए।

न्यूज गैलरी

राकांपा नेता एकनाथ खडसे को दाऊद-छोटा शकील गैंग ने दी जान से मारने की धमकी

मुंबई (हि. स.)। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के नेता और पूर्व मंत्री एकनाथ खडसे को दाऊद-छोटा शकील गैंग ने जान से मारने की धमकी दी है। खडसे ने इस आशय की शिकायत जलगांव जिले के मुक्ताई नगर पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई है। पुलिस के अनुसार 15 और 16 अप्रैल को चार अलग-अलग मोबाइल फोन से कॉल कर उन्हें धमकी दी गई। इनमें से कुछ कॉल अमेरिका और कुछ उत्तर प्रदेश के नंबरों से आई। इसकी जांच की जा रही है। एकनाथ खडसे ने बुधवार को पत्रकारों को बताया कि पहले उन्हें लगा कि कोई शरारत कर रहा है, लेकिन जब कॉल अमेरिका के नंबर की दिखी तो इसकी शिकायत पुलिस में दर्ज करवाई। खडसे ने कहा कि इससे पहले दाऊद की पत्नी के साथ उनकी बातचीत की रिकॉर्डिंग प्रसारित की गई थी। जांच में साफ हुआ कि एक शख्स ने कंप्यूटर तकनीक के जरिए यह सब किया। खडसे ने स्पष्ट किया कि उन्होंने अभी तक इस धमकी की शिकायत राज्य के गृह मंत्री से नहीं की है।

कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने रामनवमी पर देशवासियों को दी शुभकामनाएं

नई दिल्ली (हि.स.)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने रामनवमी पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। खड़गे ने बुधवार को एक्स पोस्ट में कहा कि सभी देशवासियों को रामनवमी की हार्दिक शुभकामनाएं। आशा है कि यह पर्व सभी के जीवन में संयम, त्याग, मर्यादा, सत्यता, सेवा व करुणा के महान आदर्शों का संचार करेगा और सबको सन्मति, खुशहाली व समृद्धि प्रदान करेगा।

नेपाल के गृहमंत्री भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप, पर अब तक आरोपित नहीं बनाया गया

काठमांडू (हि.स.)। नेपाल के उपप्रधानमंत्री सह गृहमंत्री रवि लामिछाने रोज नए नए विवादों में फंसते नजर आ रहे हैं। उन पर आए दिन नए नए आर्थिक अनियमितता का आरोप भी लग रहे हैं। इस बार आरोप किसी व्यक्ति या संस्था या फिर विपक्षी राजनीतिक दल के तरफ से नहीं बल्कि अदालत में पुलिस के द्वारा दायर चार्जशीट के द्वारा लगाया गया है। पुलिस द्वारा अदालत में दायर चार्जशीट की मानें तो गृहमंत्री रवि लामिछाने ने विभिन्न सहकारी बैंकों से पैसे लेकर अपने टीवी चैनल में निवेश किया है। रवि लामिछाने पर सुप्रीम सहकारी बैंक से 2 करोड़ रूपए अवैध तरीके से ऋण लेने तक की बात की जा रही थी। लेकिन जैसे जैसे चार्जशीट में लिखी बातें सामने आ रही हैं वैसे वैसे लामिछाने के द्वारा पर्सनल लोन के अलावा चार पहिया वाहन खरीदने के लिए 50-50 लाख रुपए के दो लोन यानि गाडी खरीदने के लिए एक करोड़ रूपए का भी लोन लेने की बात सामने आई है। इसके अलावा कई अन्य सहकारी बैंकों से करीब 50 करोड़ रूपए अपने टीवी चैनल में निवेश करने की बात भी पुलिस चार्जशीट में बताई जा रही है। रूपन्देही जिला अदालत में दायर चार्जशीट में पुलिस ने गृहमंत्री रवि लामिछाने के द्वारा अपने व्यापारिक पार्टनर जी बी राई के नाम पर रहे करीब आधे दर्जन सहकारी बैंक से कई किस्तों में ऋण लेने का मामला भी दर्ज है। चार्जशीट के मुताबिक जिस टीवी चैनल का रवि लामिछाने प्रबन्ध निदेशक हुआ करते थे, उसका शेयर खरीदने के लिए उन्होंने गोरखा मीडिया के नाम से कंपनी बुटवल के सुप्रीम सहकारी से 14 करोड़ रूपए, पोखरा के सूर्यदर्शन सहकारी से 30 करोड़ रूपए और बांकी के 6 करोड़ रूपए काठमांडू के स्वर्णलक्ष्मी सहकारी और चितवन के सहारा सहकारी से लिए जाने की बात का खुलासा हुआ है।

वडोदरा एक्सप्रेस हाइवे पर भीषण सड़क हादसा, 10 लोगों की मौत

टैंकर में पीछे से टकराई कार, हादसे में कार के परखच्चे उड़े

नडियाद (गुजरात) (हि.स.)। अहमदाबाद-वडोदरा एक्सप्रेस हाइवे पर नडियाद के समीप भीषण सड़क हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई। एक्सप्रेस वे पर टैंकर के पीछे तेज रफ्तार में आ रही कार सीधे टैंकर के पीछे जा टकराई।
यह कार वडोदरा से अहमदाबाद की ओर जा रही थी। नडियाद के समीप अपने से आगे जा रहे टैंकर से कार तेज रफ्तार में जा टकराई। इसके बाद पूरा हाइवे चीख-पुकार से गूंज उठा। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस समेत फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं।
प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वे हाइवे के समीप थे, इसी दौरान जोरदार आवाज सुनकर सभी घटनास्थल

पर पहुंच गए। यहां एक टैंकर के पीछे कार अंदर जा घुसी थी। क्रेन बुलाकर किसी तरह कार को बाहर निकाला गया। कार से 10 लोगों को बाहर निकाला गया। इसमें 8 लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी। बाकी दो लोगों को हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई। पुलिस मृतकों की पहचान के लिए उनके पास से मिले आधार कार्ड के जरिए जांच कर रही है।

पुंछ से एक आईईडी बरामद, बम निरोधक दस्ते ने निष्क्रिय किया

पुंछ (हि.स.)। पुंछ जिले में सुरक्षाबलों ने बुधवार को तलाशी अभियान के दौरान एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) बरामद की। बम निरोधक दस्ते इसे निष्क्रिय कर दिया।
अधिकारियों ने बताया कि पुंछ जिले में सनाई-गुरसाई के वन क्षेत्र से पुलिस, सेना की राष्ट्रीय राइफल्स और सीआरपीएफ के जवानों ने संयुक्त तलाशी अभियान के दौरान आईईडी बरामद की। यह आईईडी पत्थरों से ढकी हुई थी और इसे निष्क्रिय करने के लिए एक बम निरोधक दस्ते को बुलाया गया। अधिकारियों ने बताया कि इस मामले के सिलसिले में किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है और खबर लिखे जाने तक इलाके में तलाशी अभियान जारी था।

बहुत कम समय में देश से नक्सलवाद को उखाड़ फेकेंगे: गृह मंत्री

नई दिल्ली (हि.स.)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के खिलाफ मिली सफलता को केन्द्र और राज्य में भाजपा सरकार की उपलब्धि बताया है। उन्होंने विश्वास जताया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बहुत कम समय में देश से नक्सलवाद को उखाड़ फेंका जाएगा।
उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ के कांकेर जिलान्तर्गत हापाटोला जंगल में मंगलवार को नक्सलियों से मुठभेड़ में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली है। इनामी नक्सली कमांडर सहित 29 नक्सली मारे गए हैं। घटनास्थल से बड़ी संख्या में हथियारों की बरामदगी हुई है। इसे सुरक्षा बलों की बड़ी सफलता बताते हुए गृह मंत्री ने आज एक बयान में कहा कि मोदी सरकार ने देश से नक्सलवाद और आतंकवाद को उखाड़ फेंकने का एक सतत अभियान चलाया हुआ है। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने के बाद से इस अभियान को गति मिली है। नक्सली इलाकों में सुरक्षा बल कैंप लगाए जा रहे हैं। 19 के बाद इनकी संख्या 250 हो गई है। नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में छत्तीसगढ़ पुलिस से भी मदद मिल रही है।
उन्होंने कहा कि राज्य में भाजपा सरकार बनने के बाद तीन महीने में 80 से ज्यादा नक्सली मारे गए हैं। 125 गिरफ्तार हुए हैं और 150 ने आत्मसमर्पण किया है। आगे भी इस तरह के अभियान जारी रहेंगे। बहुत कम समय में मोदी के नेतृत्व में देश से नक्सलवाद को उखाड़ फेकेंगे।

चुनाव आयोग ने बीआरएस अध्यक्ष के. चंद्रशेखर राव को नोटिस जारी किया

नई दिल्ली (हि.स.)। चुनाव आयोग ने भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) अध्यक्ष और तेलंगाना के पूर्व सीएम के. चंद्रशेखर राव को 5 अप्रैल को सिरसिला में कांग्रेस पार्टी के खिलाफ उनकी टिप्पणी पर नोटिस जारी किया है। आयोग ने बुधवार को नोटिस जारी करने के साथ ही उनसे 18 अप्रैल की सुबह 11 बजे तक अपनी टिप्पणियों के संबंध में अपना रुख स्पष्ट करने को कहा है।
के. चंद्रशेखर राव ने एक पत्रकार वार्ता में कांग्रेस को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी, जिसके बाद कांग्रेस नेता जी. निरंजन ने चुनाव आयोग से शिकायत की थी। शिकायत का संज्ञान लेते हुए अब चुनाव आयोग ने के. चंद्रशेखर राव पर कार्रवाई की है।
आयोग ने यह भी कहा कि के. चंद्रशेखर राव को उनके भाषण को लेकर पहले भी कई सलाह और निर्देश जारी किये जा चुके हैं। चुनाव निकाय ने यह भी कहा कि निर्धारित समय के भीतर उनकी ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर चुनाव आयोग उचित कार्रवाई करेगा।
नोटिस में कहा गया है कि आयोग को 6 अप्रैल को तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जी. निरंजन से एक शिकायत मिली है, जिसमें यह आरोप लगाया गया है कि के.चंद्रशेखर राव ने सिरसिला में अपनी प्रेस वार्ता में कांग्रेस पार्टी के खिलाफ अभद्र, अपमानजनक और आपत्तिजनक आरोप लगाए थे।

प्रधानमंत्री ने देखा रामलला का सूर्य तिलक, बताया भावुक क्षण

नई दिल्ली (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को भगवान श्रीराम के उनके भव्य मंदिर में हुए सूर्य तिलक का प्रसारण अपने टैब पर देखा। उन्होंने इसे बेहद ही भावुक क्षण बताया। यह दृश्य देखने से पूर्व ही उन्होंने विमान में भी अपनी चप्पलें उतारी हुई थी।
प्रधानमंत्री ने असम के नलबाड़ी में एक जनसभा को संबोधित करने के बाद अयोध्या में हुए सूर्य तिलक का प्रसारण देखा। इस संबंध में उन्होंने फोटो साझा करते हुए एक्स पर कहा, नलबाड़ी की सभा के बाद मुझे अयोध्या में रामलला के सूर्य तिलक के अद्भुत और अप्रतिम क्षण को देखने का सौभाग्य मिला। श्रीराम जन्मभूमि का ये बहुप्रतीक्षित क्षण हर किसी के लिए परमानंद का क्षण है। ये सूर्य तिलक, विकसित भारत के हर संकल्प को अपनी दिव्य ऊर्जा से इसी तरह प्रकाशित करेगा।
उल्लेखनीय है कि देशभर में चैत्र रामनवमी का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में विराजे रामलला का सूर्य की किरणों से सूर्य तिलक किया गया। श्रीराम

जन्मभूमि मंदिर में विगत 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के बाद रामलला का यह पहला सूर्य तिलक है। श्रीराम जन्मभूमि पर बन रहे भव्य मंदिर में आधुनिक और वैज्ञानिक विधि से ऐसी संरचना ही बनाई गई है कि श्रीराम जन्म के समय वहां विराजमान विग्रह के मस्तक पर पर सूर्य की सीधी रोशनी प्रकाशवान हो। श्रीरामनवमी के दिन बुधवार दोपहर 12 बजे अभिजीत मुहूर्त में श्रीरामलला के मस्तक पर सूर्य की सीधी रोशनी प्रकट हुई, इसे ही सूर्य तिलक कहा गया। रामलला विराजमान के मस्तक पर 3 मिनट तक सूर्य की सीधी किरणें प्रकाशित होती रहीं।
प्रधानमंत्री ने बाद में त्रिपुरा में आयोजित एक जनसभा में कहा कि आज रामनवमी का पवित्र पर्व है। 500 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद वह रामनवमी आई है, जब भगवान राम अयोध्या में भव्य मंदिर में विराजमान हैं। प्रभु श्रीराम, जो कभी टेंट में रहते थे। ज भव्य मंदिर में सूर्य किरणों ने उनके मस्तक का अभिषेक किया है।
सूर्य तिलक को पूर्वोत्तर से जोड़ते हुए प्रधानमंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि पूर्वोत्तर में रहना हमारा सौभाग्य है। सूर्य की किरणें सबसे पहले यहां धरती को छूती हैं। सूर्य की किरणें भारत के उज्ज्वल भविष्य का प्रतीक हैं। विकसित त्रिपुरा, विकसित भारत की प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रहा है।
वहीं भाजपा नेता ने इससे पहले नलबड़ी में सूर्य तिलक के अनुरूप सभा के दौरान लोगों से उनके मोबाइल निकालने और प्रकाश करने को कहा। उन्होंने इसके बाद लोगों से नारे लगवाए राम लक्ष्मण जानकी, जय बोलो हनुमान की।

स्वत्वाधिकारी यशवंत धोटे के लिए प्रकाशक, मुद्रक मधुकर सिंह, मां तपेश्वरी मीडिया एंड पब्लिकेशन प्रा0 लिमिटेड, सिंहमोड़ कल्याणपुर हटिया, अपोजिट एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग, द्वारा रांची से प्रकाशित कर, तपो प्रिंटर, गुटूआ मौजा, प्लॉट न.-1124/1125, कटहल मोड़, थाना-नगड़ी, दयाल पेट्रोल पंप के बगल में, रांची (झारखंड) से मुद्रित, (न्याय क्षेत्र रांची) संपादक-सचिन कुमार सिंह, स्थानीय संपादक-उपेन्द्र नाथ पाण्डेय* (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार*) , फोन नं-0651-2910972, ईमेल - navpradeshranchi@gmail.com (RNI No. JHAHIN/2016/68458)